आज का मौसम
43.0° अधिकतम तापमान
29.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.35
सूर्यास्त 06.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी 06:07 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 26 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 245, पृष्ठ 14+4 · मूल्य 5 रुपये



बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- देश के शेयर बाजार का सफर लंबा और उपलब्धियां विश्वस्तरीय - 12



जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले - 13



कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एनगिडी हुए चोटिल - 14

## पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा कर दिल्ली कैपिटल्स को हराया



**नई दिल्ली।** लोकेश राहुल की नाबाद 152 रन की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के बड़े स्कोर वाले टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ सात गेंद शेष रहते छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कैपिटल्स ने दो विकेट पर 264 रन बनाए, लेकिन टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 36 गेंदों में नाबाद 71 रन की पारी से 18 .5 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाकर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का नया रिकॉर्ड कायम कर अपना अजेय अभियान जारी रखा। मौजूदा सत्र में यह टीम की सात मैचों में छठी जीत है। (संबंधित खेल पेज पर)

- **लोकेश राहुल का विस्फोटक शतक काम न आया**

# बंगाल में मां काली व दुर्गा की पूजा करने से कोई नहीं रोक सकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नादिया

प. बंगाल दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी। उन्होंने राज्य में अराजकता, माफियाराज और भ्रष्टाचार के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान में हुई घटनाओं से स्पष्ट है कि टीएमसी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और प्रत्याशियों पर हमले हुए, लेकिन आगामी चार मई को परिणाम आने के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। नदिया जिले के नबद्वीप विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा उम्मीदवार श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'डबल इंजन सरकार' की वकालत करते हुए कहा कि इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी और बंगाल को टेरर, माफियाराज और करप्शन से मुक्ति मिलेगी। कहा कि बंगाल में ममता दीदी दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन और हिंदुओं का विरोध करती हैं। जयश्रीराम बोलने पर प्रतिबंध लगाती हैं। कहा कि मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता और इसके खिलाफ जनआंदोलन खड़ा होगा।



पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के नबद्वीप विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी।

- **बंगाल में गरजे सीएम योगी, कहा- 4 मई को टीएमसी के गुंडों को नहीं मिलेगी छिपने की जगह**
- **ममता दीदी की चिंता, हिंदू अधिक हुए तो सड़कों पर कैसे होगी इफ्तारी**

### मुख्यमंत्री योगी बोले- टीएमसी ने बंगाल के सामने पहचान का संकट खड़ा किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल ने भारत को सब कुछ दिया, फिर भी उसके साथ खूब छल हुआ। बंगाल की धरा पर जन्मे संतों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाज सुधारकों, वैज्ञानिकों व अन्य विभूतियों का नाम लेकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने कहा कि एक समय नबद्वीप और बंगाल ने भारत को पहचान दी, लेकिन आज उस बंगाल के सामने स्वयं पहचान का संकट खड़ा हुआ है। बंगाल में लैंड, सैंड, कैटल माफिया हावी हैं। टीएमसी के गुंडे दिल्ली से भेजे गए पैसे हड़प जाते हैं, लेकिन अब बंगाल जाग गया है। यहां कटमनी, अराजकता का खेल समाप्त होगा।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सीएआरआई एशिया के पोल्ट्री हब की गौरवगाथा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### 16 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ दो फर्जी निदेशक पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने म्यूल बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता लगाने के बाद दो फर्जी निदेशकों को गिरफ्तार किया है। म्यूल बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिन्हें दूसरों के नाम से खुलवाया जाता है और जिनका इस्तेमाल अवैध तरीके से अर्जित धन के लेनदेन के लिए किया जाता है। आरोपी सोनू और अमिंदर एक प्राइवेट कंपनी के फर्जी निदेशक के रूप में काम कर रहे थे।

# अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री, अधर में वार्ता

## अराघची ने पाकिस्तान को शर्तें सौंपी, अमेरिकी डेलिगेशन नहीं भेजेंगे ट्रंप

- **ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की**

इस्लामाबाद, एजेंसी

अमरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की संघर्षविराम वार्ता अधर में पड़ती नजर आ रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रवाना होते वक्त पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर विदाई दी।

अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब वह विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद नहीं भेजेंगे। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा। इससे पूर्व ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को पाकिस्तान के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति तथा अमेरिका के साथ शांति वार्ता को लेकर चर्चा की। इस सप्ताह हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर की संभावना कम होती नजर आ रही है। शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे अराघची ने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की। वार्ता के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। ईरानी दूतावास द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, बैठक में ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई और ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघदम भी उपस्थित थे। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की 'कुछ चिंताओं' से अवगत कराया है, जिन्हें इस्लामाबाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर उनके साथ साझा करेगा। यदि अमेरिका इन चिंताओं को दूर करने और कुछ समझदारी दिखाने के लिए सहमत होता है, तो बाद में इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का दूसरा दौर होगा।



ईरान के विदेश मंत्री का स्वागत करते पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार।

### नाकेबंदी जारी रही तो कड़ा जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी जारी रही, तो वह जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है। हजरत खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के पास अब पहले से कहीं अधिक शक्ति और तत्परता है।

# अमेरिका में एच-1बी वीजा पर लग सकती है 3 साल तक रोक

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के एक समूह ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एच-1बी वीजा कार्यक्रम को तीन साल के लिए स्थगित करने संबंधी विधेयक पेश किया है। रिपब्लिकन सांसदों का तर्क है कि इस कार्यक्रम का दुरुपयोग करके अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे हैं। एरिजोना से सांसद एली क्रेन ने ''एंड एच-1बी वीजा एब्यूज एक्ट ऑफ 2026'' पेश किया, जिसे सात अन्य रिपब्लिकन सांसदों ने भी समर्थन दिया है।

विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में सुधारों का प्रस्ताव है, जिसमें वार्षिक सीमा को 65,000 से घटाकर 25,000 करना, न्यूनतम वेतन 2,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष निर्धारित करना और एच-1बी वीजा धारकों को आश्रितों को अमेरिका लाने की अनुमति नहीं देना शामिल है। कांग्रेस सदस्य ब्रायन बैबिन, ब्रैंडन गिल, वेस्ली हंट, कीथ सेल्फ (सभी टेक्सास से), एंडी ओगल्स (टेनेसी से), पॉल गोसर (एरिजोना से) और टॉम मैक्लिंटॉक (कैलिफोर्निया से) ने विधेयक के मूल सह-प्रायोजक के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां विदेशी कर्मियों को नियुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर एच-1बी वीजा कार्यक्रम का उपयोग करती हैं। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारियों और चिकित्सकों सहित भारतीय पेशेवर, एच-1बी वीजा धारकों के सबसे बड़े समूहों में से एक हैं। इस विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में बदलाव प्रस्तावित हैं, जिनमें लॉटरी प्रणाली को वेतन-आधारित चयन प्रणाली से बदलना, नियोक्ताओं के लिए इस बात को प्रमाणित करना अनिवार्य किया गया है कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल पा रहा है और उन्होंने छंटनी नहीं की है, एच-1बी कर्मचारियों को एक से अधिक नौकरियां करने से रोकना और तृतीय-पक्ष भर्ती एजेंसियों द्वारा उन्हें रोजगार देने पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।





- **अमेरिकी संसद में पेश किया गया विधेयक, भारतीयों की नौकरी पर खतरा**
- **वजह अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे**

### भारतीयों कामगारों पर पड़ेगा असर

अमेरिका में काम करने वाले विदेशी श्रमिकों में सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है। इस बिल के अनुसार, जो लोग पहले से वहां हैं, उन्हें अपनी वीजा कैटेगरी बदलनी होगी या देश छोड़ना होगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जो भारतीय 20 साल से ग्रीन कार्ड के इंतजार में हैं, उनके लिए यह बिल एक संवैधानिक संकट खड़ा कर सकता है। यह बिल न केवल वीजा रोकने की बात करता है, बल्कि पूरी प्रक्रिया को बदलने का प्रस्ताव देता है। अगर यह रोक लागू होती है, तो वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हजारों भारतीयों को या तो तुरंत देश छोड़ना होगा या फिर अपनी वीजा स्थिति बदलकर छात्र वीजा जैसे विकल्पों को अपनाना होगा।

# तीन दुकानों में लगी भीषण आग, व्यापारी जिंदा जला

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

**अमृत विचार :** दीना मार्केट की तीन दुकानों में शनिवार भोर पहर साढ़े तीन बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि एक दुकानदार की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं उसके पांच परिजन गंभीर रूप से झुलस गए हैं। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया और घर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

दीना मार्केट में बेहटा बुजुर्ग निवासी तीन सगे भाई रामकिशन, सत्यनारायण और रज्जनलाल की दुकानें हैं। एक दुकान किराने की, दूसरी कपड़ों की और तीसरी बिस्कुट की थोक दुकान है। दीना मार्केट में दुकानों के ऊपर ही उनका घर बना है। तीनों दुकानदारों का परिवार वहीं रहता है। रोज की तरह तीनों भाई शुक्रवार रात दुकानें बंद कर दूसरी मंजिल पर अपने-अपने परिवार के साथ सो गए। शनिवार सुबह भोर पहर जब लोगों ने दुकानों से धुआं उठते देखा तो शोर मचाया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करते हुए तीनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान बड़े भाई रामकिशन (70) की नींद खुल गई। वह बेटे को बताने के लिए कमरे की ओर बढ़े तभी धुएं का गुबार आ जाने से वह गश खाकर गिर गए। थोड़ी देर में वह लपटों से घिर गए और जिंदा जलकर उनकी मौत हो गई।

हादसे में रामकिशन की पत्नी गोमती (66), बेटा हरिओम (40), हरिओम की पत्नी श्रेया और उनका चार माह का बेटा शिवार्थ और रामकिशन के भाई सत्यनारायण की बेटी आयुषी भी गंभीर रूप से झुलस गई। बाद में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तीनों दुकानों का सारा सामान जल कर राख हो गया। फायर कर्मियों ने आग में फंसे लोगों को बाहर निकाला और घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही घाटमपुर तहसीलदार अंकिता पाठक, नौबस्ता एसीपी रंजीत कुमार सिंह और एसडीएम अविचल प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच की।



मृतक रामकिशन

- **घाटमपुर की दीना मार्केट में हादसा पत्नी-बेटी समेत पांच झुलसे**
- **दमकल विभाग ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

# दो लाख ने छोड़ी परीक्षा, अभ्यर्थी व 3 शिक्षक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा**

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा तीन दिन में होनी है। शनिवार को पहले दिन प्रदेश के 74 जिलों के 1053 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 2,08,210 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शनिवार को कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन कुल 6,35,856 ने ही परीक्षा दी। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने के प्रयास में एटा में एक अभ्यर्थी व कानपुर नगर में तीन सहायक शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। भर्ती बोर्ड के अधिकारी के अनुसार परीक्षा तीन दिन में आयोजित की गई है। शनिवार को सकुशल परीक्षा संपन्न करा ली गई है। रविवार व सोमवार को आयोजित होनी है। बोर्ड के अधिकारी के अनुसार एटा के डीएवी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी हाथरस निवासी तेजवीर सिंह जाली प्रवेश पत्र पर परीक्षा देने पहुंचा। जांच में सामने आया कि प्रवेश पत्र पर अनुक्रमांक, परीक्षा का समय, उपस्थिति का समय व अन्य जानकारी गलत है। छात्र को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। उसके खिलाफ एटा के सकीट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार करने वाले लोकवाणी जनसेवा केंद्र के संचालक की तलाश की जा रही है। वहीं, दूसरे अभ्यर्थी के प्रवेशपत्र के बारकोड को स्कैन कर गड़बड़ी की गई थी। बायोमैट्रिक के दौरान डाटा मैच न होने पर आरोपी तेजवीर पकड़ा गया। बोर्ड के अधिकारी के मुताबिक कानपुर नगर में बीएनएसडी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में एनसीसी कक्ष में प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक डिवाइस को अनुचित प्रयोग के लिए छिपाकर रखा गया था। जानकारी होने पर कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में सहायक शिक्षक अखिलेश यादव, संदीप चन्द्र विश्वकर्मा तथा निर्मल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री केवी राजू, एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।। यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। पश्चिम बंगाल से भाजपा के विधायक लाहिड़ी भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं।

## धोखाधड़ी मामले में रहेजा डेवलपर्स के खिलाफ छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी से जुड़े मामले में रियल एस्टेट कंपनी रहेजा डेवलपर्स के परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत दिल्ली-एनसीआर में करीब सात परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

एजेंसी ने ऐसी ही जांच के तहत जून 2025 में भी कंपनी के परिसरों पर छापा मारा था। उन्होंने कहा कि कंपनी की परियोजना 'रहेजा रेवांता' में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने और फ्लैट नहीं दिए जाने के मामले में यह छापेमारी की जा रही है। कंपनी ने हालांकि इस परियोजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या धोखाधड़ी से इनकार किया है।

**सुप्रीम आदेश**

**स्वास्थ्य सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, कहा– राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान**

# आईसीयू के लिए एक समान हों मानक, कार्ययोजना करें तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाइयों) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के संबंध में एक वास्तविक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें।

शीर्ष अदालत को बताया गया कि गहन चिकित्सा सेवा की आपूर्ति करने वाले और संगठनों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, इनपर सहमति बन गई है। ये व्यावहारिक, कार्यान्वयन योग्य तथा आईसीयू के लिए न्यूनतम मानकों के रूप में आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमीनुल्ला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इन दिशानिर्देशों की प्रतियां सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी जानी चाहिए। पीठ ने 20 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख अतिरिक्त मुख्य सचिव/सचिव सभी संबंधित विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं ताकि दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा सके। यह योजना वास्तविक व व्यावहारिक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।



### पांच बुनियादी जरूरतों की पहचना कर प्राधमिकता दें

पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

### भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को करें प्रशिक्षित

सुनवाई के दौरान, सुझाव दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए, नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे मरीज के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि चिकित्सक समय-समय पर ही आते हैं। पीठ ने कहा, हम इस सुझाव का पूरी तरह समर्थन करते हैं, जो न केवल व्यावहारिक है, बल्कि अत्यंत आवश्यक भी है। लिहाजा, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और पैरा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रतिवादी के रूप में इस मामले में शामिल किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. केवी राजू बने नीति आयोग के सदस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आर्थिक सलाहकार प्रोफेसर केवी राजू को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंजूरी के बाद गई है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने से मान्य होगा। अशोक कुमार लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। प्रो. केवी राजू करीब नौ वर्षों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले वे कर्नाटक के मुख्यमंत्री के भी आर्थिक सलाहकार रह चुके हैं। इसके अलावा वह बेंगलुरु के आईएसईसी में प्रोफेसर भी रह चुके हैं।

### पॉलीटेक्निक में आवेदन की अंतिम तिथि 30

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये प्रति ग्रुप तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये प्रति ग्रुप निर्धारित किया गया है। एक अभ्यर्थी अधिकतम तीन ग्रुप में आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए प्रदेशभर के राजकीय, अनुदानित, पीपीपी एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में हेल्प सेंटर स्थापित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667 और 2636589 पर संपर्क कर सकते हैं।

### निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से श्रमिकों, कर्मचारियों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आने वाले छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई और रायबरेली में अलग-अलग टीमों द्वारा कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर भविष्य निधि से संबंधित शिकायतें सुनेंगी और उनका मौके पर निस्तारण करेंगी। लखनऊ में कार्यक्रम इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, ऐशबाग में, जबकि अन्य जिलों में भी निर्धारित संस्थानों में आयोजन होगा।

### स्कूल चलो अभियान में मई से विशेष नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने 'स्कूल चलो अभियान' को मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। इसी क्रम में 1 मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिक बस्तियों और ईंट-भट्ठों में रहने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनका विद्यालयों में नामांकन कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी, बालिकाओं की शिक्षा और ट्रांजिशन दर बढ़ाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रत्येक पात्र बच्चे का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

### अवैध खनन पर 5.23 लाख का जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अवैध खनन, उप खनिजों के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्ती और बढ़ा दी है। इसी क्रम में शनिवार को रायबरेली से उन्नाव और फतेहपुर बॉर्डर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों के उल्लंघन पर 5.23 लाख रुपये से अधिक का अर्थदंड लगाया गया। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व अपर निदेशक अरुण कुमार ने किया। अभियान में लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या के खान अधिकारियों समेत संयुक्त टीम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच की।

# गो-आश्रय स्थलों में बढ़ती गर्मी से बचाव को करें पुख्ता इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर की हो व्यवस्था : मुकेश मेश्राम**
- **भूसा दान अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील**

**अमृत विचार :** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी गो-आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और सभी व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों में गर्मी से बचाव के लिए वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर, पंखे और पर्याप्त छायादार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन उपायों से भीषण गर्मी के दौरान पशुओं को सुरक्षित रखा जा सकेगा और उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सरकार ने संभावित चारा संकट को देखते हुए गो-आश्रय स्थलों में हरा चारा और भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। इसके लिए चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर वहां हाइब्रिड नेपियर घास की बुआई कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लंबे समय तक चारे की उपलब्धता बनी रहे।

भूसा दान अभियान में प्रदेश के कई जनपद सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अन्य जनपदों से भी इसमें भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई है। जिलाधिकारियों द्वारा कई स्थानों पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। जौनपुर में भूसा दान करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं।



लखनऊ में हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

# हेमवती नंदन बहुगुणा राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री ने किया नमन**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें भारतीय राजनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने योजना भवन स्थित बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बहुगुणा ने सक्रिय भागीदारी की, जिसके चलते उन्हें ब्रिटिश शासन में जेल भी जाना पड़ा। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और बाद में प्रदेश सरकार में मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहुगुणा ने केंद्र सरकार में भी विभिन्न मंत्रालयों में कार्य करते हुए देश की सेवा की। उनका राजनीतिक जीवन और विकास का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है और वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 को हरदोई से करेंगे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश का महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेस-वे अब लोकार्पण के लिए पूरी तरह तैयार है। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह मेगा एक्सप्रेस-वे 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई से देश को समर्पित किया जाएगा। लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना देश के सबसे बड़े और लंबे एक्सप्रेस-वे में शामिल है।




राज्य सरकार की रणनीतिक योजना और उप्र. एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते इस परियोजना को तय समयसीमा में पूरा किया गया है। निर्माण कार्य को गति देने के लिए इसे चार पैकेज में विभाजित किया गया, जिससे अलग-अलग एजेंसियों ने समानांतर रूप से काम करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित की।

चारों पैकेज में पहले की लंबाई 129.70 किमी, दूसरे की 151.70 किमी, तीसरे की 155.70 किमी और चौथे की 156.847 किमी निर्धारित की गई। प्रत्येक पैकेज पर करीब नौ से 9.5 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश हुआ। मल्टी-पैकेज मॉडल के कारण निर्माण कार्य में तेजी आई और समय-सीमा का प्रभावी पालन संभव हो सका। राज्य सरकार के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक आर्थिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यात्रा समय में कमी आएगी और लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी।

- **प्रदेश सरकार की रणनीति और यूपीडा की सख्त मॉनिटरिंग से तय समय में पूरा हुआ प्रोजेक्ट**

परियोजना के साथ इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। माना जा रहा है कि यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# 1270 करोड़ से 10 जिलों में विकसित होंगी 15 परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बिल्डर निर्मित करेंगे 3102 आवासीय व व्यावसायिक इकाइयां**
- **रेरा ने लखनऊ, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, बदायूं, गाजियाबाद समेत अन्य जिलों को दी मंजूरी**

**अमृत विचार :** लखनऊ, मुरादाबाद, मेरठ, बदायूं, गाजियाबाद, वाराणसी, प्रयागराज, मुज्जफरनगर, गौतमबुद्ध नगर व गोरखपुर में 3,102 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित इकाइयां विकसित की जाएंगी। बिल्डर परियोजनाओं पर 1270 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करेंगे। शनिवार को लखनऊ मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित 201वीं प्राधिकरण की बैठक में 15 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। विकसित इकाइयों में भूखंड, विला, फ्लैट, कॉलोनी, दुकान, कॉम्पलेक्स आदि खरीदारों को राहत मिलेगी।

निवेश के मामले में गौतमबुद्ध नगर अग्रणी रहा। 507.77 करोड़ लागत की दो परियोजना में 380 आवासीय व 169 व्यावसायिक इकाइयां निर्मित की जाएंगी। लखनऊ में सबसे अधिक चार परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। बिल्डरों द्वारा 90.77 करोड़ से 330 आवासीय व 348 व्यावसायिक इकाइयां विकसित की जाएंगी।


रेरा के लखनऊ मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी। अमृत विचार

इससे राजधानी में आवासीय व व्यावसायिक ढांचा और मजबूत होगा।

मुरादाबाद में 335.77 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना में 627 आवासीय इकाइयां, बदायूं में 72 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 226 आवासीय इकाइयां, वाराणसी में 36.68 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना में 98 आवासीय इकाइयां, मेरठ में 20.25 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना में 76 आवासीय इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। इसी तरह प्रयागराज में 31.19 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 99 आवासीय इकाइयां, मुजफ्फरनगर में 12.37 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 127 आवासीय इकाइयां, गाजियाबाद में 122.18 करोड़ की एक व्यावसायिक परियोजना में 330 व्यावसायिक इकाइयों के साथ गोरखपुर में 41.50 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना में 292 व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण करने की स्वीकृति दी गई।

# ट्रिपिंग स्वीकार्य नहीं, हर हाल में दें निर्बाध बिजली : शर्मा

**अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी :** प्रदेश में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



ऊर्जा मंत्री वाराणसी दौरे के दौरान सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन नगर में बिजली व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। साथ ही, अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य में तेजी लाने और बढ़ती मांग के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एके शर्मा ने निर्देश दिया कि एक किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस होने पर भी एक माह तक नहीं काटी जाएगी।

# सर्वोदय विद्यालयों का यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के परीक्षा परिणामों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता का नया मानक स्थापित किया है। हाईस्कूल में इन विद्यालयों का परिणाम 99.19 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 99.03 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर संसाधनों और अनुशासित वातावरण का परिणाम है। सरकार द्वारा स्मार्ट क्लास, प्रशिक्षित शिक्षकों की तैनाती और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसी सुविधाओं ने छात्रों के प्रदर्शन को नई दिशा दी है।

गाजियाबाद के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, निडौरी की छात्राओं ने विशेष उपलब्धि हासिल की। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अंजली पुंडीर ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि अंशिका ने 87.40 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

# अलीगढ़ हादसे की जांच को तीन सदस्यीय समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में पाइपलाइन मरम्मत कार्य के दौरान हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई थी। शासन की ओर से मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि घटना की जांच के लिए अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसमें अधिशासी अभियंता (निर्माण) और कर निर्धारण अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। समिति को तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा 25 सीटें दे, नहीं तो अकेले लड़ेंगे

## आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले की दो टूक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी आरपीआई भाजपा के साथ गठबंधन में 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पार्टी की मांगों पर सहमति नहीं बनती है तो आरपीआई अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी।


आरपीआई अध्यक्ष रामदास आठवले।

आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उप्र. में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा राजधानी लखनऊ में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में आरपीआई और भाजपा का गठबंधन मजबूत है और यही मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। साथ ही, दावा किया कि प्रदेश की दलित बाहुल्य सीटों पर आरपीआई की मजबूत दावेदारी है और पार्टी इन क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन करेगी।

वहीं बसपा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बसपा लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन अब उसकी स्थिति कमजोर होकर एक सीट तक सीमित रह गई है, ऐसे में आरपीआई के पास आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि दलित बाहुल्य गांवों में समाज भवन बनाए जाएं और उनके संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय दलित समुदाय को सौंपी जाए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि पार्टी जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगी।

# छात्र नवाचारों में स्मार्ट व्हीलचेयर अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के अभिनव प्रोजेक्ट्स ने किया आकर्षित**

**अमृत विचार:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उप्र. की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में आयोजित इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की नवाचार आधारित परियोजनाओं के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन कार्यक्रम में छात्रों के अभिनव प्रोजेक्ट्स ने आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भवन, नबीउल्लाह रोड में किया गया, जहां प्रदेश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने समाजोपयोगी और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए।


लखनऊ स्थित विज्ञान भवन में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

वर्ष 2017 से संचालित इस योजना के अंतर्गत इस बार 2025-26 सत्र में प्रदेशभर से कुल 399 परियोजनाएं प्राप्त हुईं। विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन के बाद 60 परियोजनाओं को अधिकतम 20 हजार रुपये तक की अनुदान राशि के लिए चयनित किया गया। चयनित परियोजनाओं को प्रारंभिक चरण में 10 हजार रुपये की अग्रिम राशि भी प्रदान की गई।

**स्मार्ट व्हीलचेयर को मिला प्रथम पुरस्कार :** प्रतियोगिता में गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के अनुज कुमार यादव एवं उनकी टीम को "आईओटी आधारित स्मार्ट व्हीलचेयर" प्रोजेक्ट के लिए प्रथम पुरस्कार (1 लाख रुपये) प्रदान किया गया। इस व्हीलचेयर में वॉयस कंट्रोल, टक्कर से बचाव और स्वास्थ्य निगरानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

द्वितीय पुरस्कार (75 हजार रुपये) अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के यश चंद्र को बैलिस्टिक अनुप्रयोग से जुड़े डिफेंस प्रोजेक्ट के लिए मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार (50 हजार रुपये) के आईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रणव चौधरी को स्वचालित कचरा संग्रहण प्रणाली प्रोजेक्ट के लिए दिया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं सभी विद्यार्थियों व उनके मार्गदर्शकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**तैयारी** | जिला स्तरीय वर्गों को परिणामोन्मुखी बनाने के दिए गए निर्देश

# कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भाजपा का जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रशिक्षण महाभियान से संगठन को मिलेगी मजबूती: पंकज चौधरी**

**अमृत विचार:** भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान संगठन को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों को सुव्यवस्थित और परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है, इसलिए प्रशिक्षण को सतत प्रक्रिया के रूप में अपनाया जाना चाहिए।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित और अनुशासित संगठन है, जिसकी मजबूती का आधार प्रशिक्षित कार्यकर्ता हैं। प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक समझ विकसित होती है। बैठक में मंडल स्तर पर अब तक हुए प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की गई और आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक विकास और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री व प्रशिक्षण महाभियान के संयोजक एमएलसी अनूप गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला अध्यक्ष, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी तथा आईटी व सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गन्ने की फसल पर अंकुर-चोटी बेधक कीट का खतरा बढ़ा, चेतावनी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अप्रैल से जून तक विशेष निगरानी जरूरी, समय पर उपाय से बच सकती है पैदावार**

**अमृत विचार :** प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने अंकुर बेधक (अर्ली शूट बोरर) और चोटी बेधक (टॉप बोरर) कीट के बढ़ते प्रकोप को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, कई चीनी मिल क्षेत्रों में इन कीटों की प्रथम पीढ़ी का असर दिखाई देने लगा है, जिससे फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी मीना ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच यह कीट तेजी से सक्रिय रहते हैं। ऐसे में किसानों को फसल की नियमित निगरानी करनी होगी, ताकि समय रहते नियंत्रण किया जा सके।



विभाग के अनुसार, यह कीट गन्ने की गोंफ को अंदर से नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे बीच की पत्तियां सूख जाती हैं और पौधा कमजोर हो जाता है। प्रभावित गन्ने की गोंफ खींचने पर आसानी से बाहर निकल आती है, जो प्रकोप का प्रमुख संकेत है।

किसानों को सलाह दी गई है कि प्रभावित पौधों को सूंड़ी और प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट करें। साथ ही, अंडों और सूंड़ी को नष्ट करने, ट्राइकोकार्ड के प्रयोग, तथा आवश्यक रासायनिक दवाओं के छिड़काव/ड्रेंचिंग जैसे उपाय अपनाएं। खेतों में फेरोमोन या लाइट ट्रैप लगाने से भी वयस्क कीटों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। विभाग ने कहा है कि समय पर रोकथाम के उपाय अपनाकर फसल को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है और उत्पादन में गिरावट को रोका जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### निरंकारियों ने दिया 37 यूनिट ब्लड

**शिवली।** जिले के संत निरंकारी मंडल के ब्रांच कस्बा शिवली में मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बाबा गुरु वचन सिंह की पावन स्मृति में मानव एकता दिवस का आयोजन किया गया। निरंकारी अनुयायियों ने बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लिया। कानपुर के उर्सला अस्पताल से आए चिकित्सकीय दल ने 37 यूनिट ब्लड एकत्र किया। इस मौके पर निरंकारी आश्रम से जुड़े लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

### माल खाने से 43 साल बाद भगवान को मिली 'मुक्ति'

**कानपुर देहात।** कानूनी पेंच के चलते मूसानगर में 43 साल बाद भगवान कैद से मुक्त हो सके। आदेश मिलने के बाद ढोल-नगाड़ों के बीच उनकी भव्य घर वापसी हुई। 23 अप्रैल 1983 की रात चोरों श्री बांके बिहारी मंदिर से राधा रानी, बलदाऊ जी, हनुमान जी, गणेश जी और गरुड़ जी की मूर्तियां चोरी कर लीं। कुछ समय बाद पुलिस ने मूर्तियां बरामद कर लीं लेकिन उन्हें थाने के मालखाने में ही रख दिया गया। समय बीतता गया। 1995 में रिहाई का आदेश भी आया लेकिन कागजी प्रक्रिया में यह आदेश उलझ कर रह गया। अब मुक्ति का आदेश मिला तो मूर्तियां मिलीं। इसकी खबर फैलते ही पूरा मूसानगर झूम उठा। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। ऐसा लगा, जैसे अपना कोई बिछड़ा सदस्य घर लौट आया हो।

### ब्लाकों के बीडीओ खंड शिक्षा अधिकारी बदले गए

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह के अनुमोदन के बाद जनपद स्तरीय कई अधिकारियों व बीडीओ की तैनाती में फेर बदल किया गया है। विश्राम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी को डेरापुर से स्थानांतरित कर अमरौधा विकास खंड में तैनात किया गया है। सुश्री संजु सिंह, खण्ड विकास अधिकारी को मैथा से स्थानांतरित कर डेरापुर विकास खंड का कार्यभार सौंपा गया है। प्रदीप कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी को राजपुर विकास खंड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह, अखिलेश कुमार अग्निहोत्री, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को मैथा विकास खंड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ. उमेश चन्द्र गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी को अकबरपुर विकास खंड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बीईओ के भी स्थानांतरण हुए हैं। सुश्री सपना को मैथा से मलासा स्थानांतरित किया गया है। अशोक कुमार सिंह को सन्दलपुर से राजपुर, संजय कुमार को मुख्यालय से मैथा स्थानांतरित किया गया है।

### नियमों के उल्लंघन पर 263 वाहनों का चालान, दो सीज

**कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। शनिवार को पुलिस ने वाहनों की चेकिंग कर 263 वाहन चालकों के चालान किए। अनियमितता पर दो वाहनों को सीज भी किया गया। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट के वाहन, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनने के वाहन चलाना आदि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की गई।

# अंदर तक सिल्ट जमा हो जाने से नालों की सफाई में दिक्कत

● संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों ने कई बार की शिकायत

**रसूलाबादः** निचली रामगंगा नहर में लालाभगत व बंदरहा के किसानों के खेतों की सिंचाई की सुविधा के लिए बनाए गए साइफनों में अंदर तक सिल्ट भरे होने एवं नालों की सफाई न होने से क्षेत्रीय किसानों की हजारों बीघे जमीन पर पानी नहीं पहुंच पाएगा। इसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों द्वारा कई बार की जा चुकी है किंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

इंदलपुर लालू के पूर्व प्रधान एवं तहसील रसूलाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी सिंह राजपूत ने बताया कि निचली रामगंगा नहर में बंदरहा व लालाभगत के किसानों के खेतों की सिंचाई की सुविधा के लिए बनाए गए साइफनो में अंदर तक सिल्ट भरी हुई है एवं नालों की सफाई भी नहीं की गई है। इससे क्षेत्रीय किसानों की हजारों बीघे जमीन पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इन स्थितियों के चलते बरसात के दिनों में बिल्कुल पानी नहीं निकल पाता है। जिससे किसानों की हजारों बीघे धान की फसले नेस्तनाबूद हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने इस संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन जिले के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सिर्फ खानापूर्ति करके पैसा निकाल लिया गया। ग्राम प्रधान आरपी सिंह राजपूत ने अधिकारियों से गंभीर समस्या को प्रमुख रूप से उठाकर इसका निदान करवाने की मांग की है। इस संबंध में नहर विभाग के क्षेत्रीय सहायक अभियंता राजेश यादव ने बताया कि अभी धन उपलब्ध नहीं है। धन उपलब्ध होते ही साइफनो और नालों की सफाई करवाई जाएगी।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा की परखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


अकबरपुर इंटर कॉलेज में जानकारी लेते डीएम-एसपी।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स एनरोलमेंट लिखित परीक्षा को लेकर शनिवार को डीएम कपिल सिंह एवं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने अकबरपुर इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश, वेंटिलेशन आदि की व्यवस्थाएं जांची। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों, कक्ष निरीक्षकों एवं पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की गोपनीयता, शुचिता एवं समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अभ्यर्थियों के साथ शालीन एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी, भीड़ प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने पाए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि प्रश्नपत्रों के वितरण एवं संग्रहण की प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कड़ी निगरानी में की जाए। परीक्षा समाप्ति के पश्चात उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित एवं विधिवत सील कर निर्धारित स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप यह परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न होनी चाहिए।

# एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने की अधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों संग डीएम-एसपी ने की बैठक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कपिल सिंह व पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय की संयुक्त अध्यक्षता में गैस आपूर्ति सुचारू बनाए रखने हेतु शनिवार को उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी एवं समस्त पूर्ति निरीक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति, डिलीवरी व्यवस्था, डिपो एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की मॉनिटरिंग, शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्त निगरानी रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जनपद में गैस आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित न हो तथा आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जिले में पर्याप्त डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता का दावा :** इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, नायरा एनर्जी एवं अन्य कंपनियों के अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कृषि कार्यों के कारण ईंधन की मांग में अस्थायी वृद्धि हुई है, किन्तु वर्तमान में स्थिति सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। घरेलू गैस आपूर्ति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की कटौती नहीं की गई है और उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि, कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर उच्च स्तर से कैपिंग लागू है।

### आधार कार्ड से प्राप्त कर सकते एफटीएल

- बताया गया कि नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर बुकिंग के लिए 45 दिन की समय सीमा निर्धारित है, जिसका पालन उपभोक्ताओं द्वारा किया जाना आवश्यक है। साथ ही प्रवासी मजदूरों, छात्रों एवं अन्य जरूरतमंदों को एफटीएल (5 किलोग्राम) गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए आधार कार्ड के माध्यम से गैस एजेंसियों से संपर्क किया जा सकता है।

### इटैली गांव में शुरू हुआ ओपेन जिम का निर्माण

**रसूलाबादः** ब्लॉक की आदर्श ग्राम पंचायत इटैली में स्वास्थ्य और मनोरंजन की सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पंचायती राज दिवस के अवसर पर ओपन जिम पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस पार्क का निर्माण उत्तर प्रदेश पुरस्कार स्वरूप प्राप्त धनराशि से हो रहा है।

इस ओपन जिम पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया। ओपन जिम पार्क में बच्चों के खेलने के उपकरण और बुजुर्गों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव में नई ऊर्जा का संचार होगा और सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जैल सिंह राठौर ने बताया कि इस पहल से बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी।

# सदर कोतवाली पहुंचे डीएम एसपी, कराया समाधान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● जिले के अलग-अलग थानों में हुआ थाना दिवस का आयोजन

**अमृत विचारः** शनिवार को जिले के अलग-अलग थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे अधिकारियों ने फरियादियों की पीड़ा सुनी। निस्तारण योग्य मामलों को त्वरित निस्तारित कराया गया। बाकी मामलों को निस्तारण के लिए संबन्धित हलकों में भेज दिया गया है।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, भूमि विवाद, अतिक्रमण, आपसी मारपीट, पारिवारिक विवाद, मार्ग अवरोध, पट्टा/खसरा-खतौनी से संबंधित प्रकरणों सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों राजस्व, पुलिस एवं अन्य संबद्ध विभागों को मौके पर जांच कर समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूमि व सीमांकन से संबंधित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समाधान कराएं, जिससे विवाद की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उसे निर्धारित समयसीमा के भीतर संतोषजनक समाधान प्राप्त हो। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करने, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा संवेदनशील प्रकरणों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने बरामद किया लापता छात्र

**कानपुर देहात।** रूरा पुलिस ने 12 वर्षीय गुमशुदा बालक को खोज निकाला। इसके बाद परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया। गुरुवार को थाना रूरा क्षेत्र के काशीपुर निवासी बाल गोविंद सिंह से पुलिस को सूचना मिली कि बांदा जिले के मरुका थाना क्षेत्र के कुरहा निवासी उनके साले का पुत्र चाहत जो उनके पास रहकर पढ़ता था। दोपहर करीब तीन बजे वह गांव में ही कोचिंग पढ़ने के वास्ते गया था। काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की परंतु उसका कहीं सुराग नहीं लग सका। थाने पर सूचना प्राप्त होते ही स्थित की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम बालक की खोज में जुट गई। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत कर बालक को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को बुलाकर पहचान के बाद सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। बालक को सकुशल सुरक्षित पाकर परिजनों ने भावुकता के साथ पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# 99 प्रतिशत रहा गौरियापुर के संस्कृत विद्यालय का परिणाम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● पूर्व मध्यमा व उत्तर मध्यमा कक्षा में परीक्षार्थियों का सराहनीय प्रदर्शन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ का पूर्वमध्यमा व उत्तरमध्यमा का परीक्षा परिणाम शनिवार को प्रकाशित कर दिया गया। इसमें गौरियापुर गांव के श्रीरामजानकी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय का परिणाम 99 प्रतिशत रहा।

कक्षा पूर्वमध्यमा अर्थात् हाईस्कूल में हर्ष अवस्थी ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही हर्षबाबू ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय और नीलमणि त्रिवेदी कुलदीप कुमार ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा प्रथम अर्थात् कक्षा 11में आदित्य ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अजय व आदित्य कुमार इन दोनों ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय और गोपाल ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ उत्तर मध्यमा द्वितीय अर्थात् कक्षा 12 में प्रशांत त्रिवेदी ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यन दुबे ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान और आदित्य तिवारी ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्कृत विद्यालय गौरियापुर के संरक्षक महंत देवनारायण दास व प्रधानाचार्य डॉ. रामनरेश त्रिपाठी और समस्त आचार्य गणेश शुक्ल, राहुल त्रिपाठी, योगेश्वर अवस्थी व राजेश शुक्ल ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी स्थान प्राप्त करने वाले व सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाइयां दीं।

### सड़क हादसे में मां बेटा समेत पांच लोग घायल

**रसूलाबाद।** अलग-अलग स्थानो में हुए सड़क हादसे में मां बेटा समेत पांच लोग घायल हुए जिनमें तीन की हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने हैलट रेफर किया है। जादेपुर कन्नौज निवासी जितेंद्र 36 पुत्र भगवानदीन अपनी मां रानी देवी 56 व बेटी पायल 9 के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पुलिस सीएचसी ले गई वहां ईएमओ ने इलाज किया। जबकि सुभाष नगर निवासी अजय चतुर्वेदी 52 व बिल्हा निवासी रामेश्वर 60 तथा मलखानपुर निवासी अभी सिंह 19 अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डॉक्टर बृजेश कुमार ने इलाज के बाद अभी सिंह, अजय चतुर्वेदी व रामेश्वर की हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया। ईएमओ डॉक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि तीन घायलों को इलाज के बाद हैलट रेफर किया गया है।

# पत्नी को पति के सुख-दुख में सदैव देना चाहिए साथ

संवाददाता, रसूलाबाद

● चामुंडा माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा


कथावाचक अंकुश तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पत्नी को अपने पति को सर्वोपरि मानना चाहिए और उनके प्रति अटूट आस्था रखनी चाहिए। पत्नी को पति का सम्मान करना चाहिए। उनकी बातों का आदर करना चाहिए और सुख-दुख में सदैव उनके साथ रहना चाहिए।

यह बात दशहरा स्थित चामुंडा माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक अंकुश तिवारी ने सती अनुसुइया के प्रसंग के दौरान श्रोताओं को बताई। उन्होंने बताया कि एक बार अत्रि ऋषि के आश्रम में ब्रह्मा, विष्णु और शिव ऋषि के वेश में आए। सती अनुसुइया ने अपनी पतिव्रता शक्ति से इन तीनों देवताओं को बालक रूप में परिवर्तित कर दिया। जो उनके सतीत्व की पराकाष्ठा को दर्शाता है।

कथावाचक ने पतिव्रता धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पतिव्रता स्त्री को सत्यनिष्ठ होना चाहिए और पति के प्रति पूर्णतः समर्पित रहना चाहिए। पतिव्रत धर्म सिखाता है कि पति के प्रति निष्ठा और समर्पण कभी नहीं छोड़ना चाहिए, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों। इस अवसर पर परीक्षित धीरेन्द्र सिंह, शांति देवी, अनिल सिंह, राहुल सिंह, राममोहन, अनुज सिंह, सूरज सिंह, दीपक सिंह, ज्योति सिंह, राधा सिंह, सोना देवी, विभा सिंह सहित अनेक श्रोतागण उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार गरीब विरोधी : सपा

**कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेता वीर सेन यादव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को कैंप कार्यालय पुखरायां में बैठक की। कार्यकर्ताओं व आम जनमानस से भेंट की। उनकी समस्याओं को सुना। पत्रकारों के साथ वार्ता में यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार से प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की बेटी को न्याय न मिलाना दर्शाता है कि सरकार गरीब विरोधी है। सपा प्रतिनिध मंडल पर जो हमला किया गया, वह विश्वकर्मा समाज के ऊपर नहीं प्रत्येक शोषित पीड़ित वंचित समाज के अंतिम व्यक्ति के मान और सम्मान पर यह हमला है। प्रदेश की जनता में आक्रोश है। आने वाले समय में 2027 के विधानसभा चुनाव में संपूर्ण पड़ा समाज इस तानाशाही हुकूमत को सत्ता से हमेशा हमेशा के लिए उखाड़ कर फेंकने जा रही है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष नसरीन अख्तर, राम शंकर प्रजापति, सीपी भारती रहे।

# हस्तांतरण के बाद भी केयरटेयर को किया मानदेय का भुगतान, कराई जाएगी जांच

संवाददाता, रसूलाबाद


बर्रा-ठर्रा की बंद पड़ी गौशाला। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अव्यवस्थाओं के कारण ग्राम पंचायत बर्रा-ठर्रा स्थित गौशाला को 31 जनवरी 2026 को असलतगंज गौशाला स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बावजूद एक मार्च को गौशाला के केयरटेकरों को मानदेय भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आने पर ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की जांच की मांग की।

खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान के निर्देश पर जलभराव, उपयुक्त भूमि की कमी, चारा संकट और केयरटेकर की अनुपलब्धता जैसे कारणों से 70 गोवंशों को असालतगंज गौशाला में 31 जनवरी 2026 को स्थानांतरित किया गया। मेरी पंचायत पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022-23 में इस गौशाला के निर्माण के लिए लगभग 19.78 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई थी। इसमें शेड, भूसा शेड, पानी की चरही और बोरिंग जैसे कार्य शामिल थे। पोर्टल पर लगभग 7.37 लाख रुपये का व्यय दर्शाया गया है। कुछ ग्रामीणों का सवाल है कि जब गौशाला खाली हो चुकी थी, तो गौवंशों के स्थानांतरण के एक महीने बाद भी केयरटेकरों को मानदेय का भुगतान किस आधार पर किया गया। इस पर लाखों रुपये के खर्च पर सवाल उठ रहे हैं और ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की जांच की मांग की है। गौवंशों के स्थानांतरण से पहले आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी नहीं की गईं और न ही निर्माण कार्यों का ऑडिट कराया गया। बीडीओ ने कहा कि गौशाला शिफ्ट होने के बाद केयरटेकर को मानदेय का भुगतान किस आधार पर किया गया, इसकी शिकायत मिलने पर जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

विश्व मलेरिया दिवस

मलेरिया रोग के बच्चों को प्रति किया गया जागरूक

# आस-पास जल भराव नहीं होने दें, बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


स्कूली बच्चों को किया जागरूक।। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सीएमओ ऑफिस के सभागार में शनिवार को जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एके सिंह ने की। संगोष्ठी में डा एसएल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा आशीष बाजपेई उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. डीके सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मारुति दीक्षित जिला मलेरिया अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। मलेरिया रोग से बचाव हेतु शपथ दिलाई गई।

इस वर्ष विश्व विश्व मलेरिया दिवस 2026 की थीम ड्राइवेन टू इंड मलेरिया नाव वी कैन नाव वी मस्ट यानी मलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्पः अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना होगा, है। परिचर्चा में प्रतिभागियों को मलेरिया के कारण, लक्षण, उपचार तथा बचाद के संबंध में जानकारी दी गयी। सभी को अवगत कराया गया कि मलेरिया रोग प्लाजमोडियम नामक परजीवी के कारण होता है एवं गृह मादा ऐनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इस रोग से बचाव के लिये अपने आस-पास जल भराव नहीं होने देना चाहिए जहां भी जल भराव हटाना संभव न हो वहां जले हुये मोबिलआयल की दो बूंदे डाल दें तथा दवा का छिडकाव कराएं।

प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि मलेरिया बीमारी से बंचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोये, पूरी बांह के कपडे पहने, मच्छर रोधी कीम, अगरबत्ती, क्वाइल, रिपेलेंट लिक्विड आदि का प्रयोग कर स्वयं को मच्छरों के काटने से बचाएं।

बताया गया कि ठंड देकर बुखार आना, कंपकंपी लगना, सिर दर्द होना, उल्टी-मितली लगना जैसे लक्षणों के होने पर तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर रक्त की जांच करायें तथा पूर्ण उपचार लें, उपचार को बीच में न छोड़े। इसके अतिरिक्त जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मलेरिया रोग के विषय में जागरूक किया गया तथा शपथ दिलायी गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी गोष्ठियां कर लोगों को मलेरिया रोग को लेकर जागरूक किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### डूबने से गई युवक की जान

**बिठूर।** शाहिद 22 पुत्र नूर हसन निवासी नई दिल्ली अपने मामा नूर आलम निवासी चौबेपुर कानपुर नगर के घर आया था। वह अपने मामा के घर से अपने दोस्त आशीष गौतम व पारस गौतम के साथ ब्रह्मावर्त घाट बिठूर में गंगा जी नहाने आया था। नहाते समय अचानक अंदर गहराई में चला गया और डूबने लगा। यह देखकर घाट पर मौजूद गोताखोरों व नाविकों ने उसे बाहर निकाल लिया। लेकिन तबतक शाहिद की मौत हो गयी।

### महिलाओं ने निकाला पैदल मार्च

**घाटमपुर।** घाटमपुर के भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित सोनी की अगुवाई में महिला जन आक्रोश का पैदल मार्च निकाला गया। साथ ही महिलाओं ने सम्मान और प्रतिनिधितत्व व अधिकारों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस अवसर में प्रमुख रूप से कोटल वर्मा, गोल्डी वर्मा, राम जानकी,, सोनी राजपूत, कृष्ण सोनी, छाया सचान वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश त्रिवेदी, शोभित सेंगर, विकास सैनी, प्रदीप परिहार, प्रशान्त खरे, विक्रम गोस्वामी, राम जी सोनी, हिमांशु सचान व सुमित आदि मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए 'अमृत' बना प्याऊ, मिलेगी राहत

**बिल्हौर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए नगरपालिका परिषद बिल्हौर ने मानवता की दिशा में एक शानदार मिसाल पेश की है। अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिका गेट के ठीक बाहर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए विधिवत प्याऊ (पेयजल व्यवस्था) की शुरुआत की गई है। नगरपालिका अध्यक्ष इखलाक खां और अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा की सक्रियता से शुरू हुई इस पहल का उद्देश्य मुख्य मार्ग से गुजरने वाले मुसाफिरों, रिक्शा चालकों और स्थानीय नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष इखलाक खां ने इस अवसर पर कहा कि जल सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। चिलचिलाती धूप में राहगीरों को पानी के लिए भटकना न पड़े, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने सुनिश्चित किया कि प्याऊ पर साफ-सफाई और ठंडे पानी की निरंतर उपलब्धता बनी रहे। नगर पालिका की इस पहल का कस्बा वासियों ने दिल खोलकर स्वागत किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि व्यस्त मार्ग होने के कारण यहाँ से हजारों लोग गुजरते हैं, जिनके लिए यह प्याऊ किसी वरदान से कम नहीं है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद संवेदनशील और प्रशंसनीय है।



पीड़ित से बातचीत करतीं अधिकारी। अमृत विचार


# कारोबारी की मौत से कोहराम, कई गंभीर

## मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दिया मदद का आश्वासन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह भोर पहर दीना मार्केट की तीन दुकानों में लगी में कारोबारी की जिंदा जलने से हुई मौत से घर में कोहराम मचा रहा। आसपास के लोग उस घड़ी को कोसते रहे जब आग लगी। हर कोई घटना में गंभीर रूप से झुलसे कारोबारी के परिजनों की जिंदगी की दुआ कर रहे हैं।

दीना मार्केट में बेहटा बुजुर्ग निवासी तीन सगे भाई रामकिशन, सत्यनारायण और रज्जनलाल की दुकानें हैं। इन्हीं दुकानों में आग लगी और रामकिशन (70) की जिंदा जलने से मौत हो गई। रामकिशन की पत्नी गोमती (66), बेटा हरिओम (40), हरिओम की पत्नी श्रेया और उनका चार माह का बेटा शिवार्थ, रामकिशन के भाई सत्यनारायण की बेटी आयुषी की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। पूरे दिन घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। अग्निशमन विभाग ने भी मौके पर जांच की और घटना में हुए नुकसान, घटना के कारण आदि का आकलन किया। लोगों ने पीड़ित परिजनों के लिए आर्थिक मदद की मांग की है। एसडीएम अविचल प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



आग के बाद जला पड़ा सामान। अमृत विचार

# सफल छात्रों ने जमकर मनाया जश्न

संवाददाता, बिठूर



शिक्षक के साथ मौजूद मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



शिक्षकों के साथ मौजूद सफल विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज मंधना ने क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल देखा गया। वहीं सभी लोगों ने सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि कई छात्रों ने 90 फीसद तक अंक प्राप्त किये हैं।

महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज मंधना के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की। इससे विद्यालय व विद्यार्थियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। सभी विद्यार्थी विद्यालय परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। ढोल-नगाड़ों की धुन पर विद्यार्थियों ने जमकर अपनी सफलता का जश्न मनाया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर उत्सवमय हो गया। प्रधानाचार्य राघवेन्द्र सिंह ने सभी का मुंह मीठा कराया। वहीं किरण यादव ने सभी सफल बच्चों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

विद्यार्थियों ने अपनी इस इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र सिंह सहित समस्त शिक्षकों को दिया। विद्यार्थियों का कहना है कि विद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित मार्गदर्शन और अनुशासन ने उन्हें इस सफलता तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं:** अनुष्का कमल 90 फीसद, लक्ष्मी अग्निहोत्री 90 फीसद, दिशा द्विवेदी 89 फीसद, जन्नत 88 फीसद, कविता 88 फीसद अंक।

**इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राएं:** विराट, अभिलाष राजपूत, दिव्यांश दीक्षित, मुस्कान विद्यालय के मेधावी छात्र रहे।

**गजराज सिंह स्कूल का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट:** घाटमपुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पतारा ब्लाक के गजराज सिंह माध्यमिक विद्यालय दुरौली के छात्र एवं छात्राओं ने हाई स्कूल एवं इंटर के घोषित परिणामों में अच्छे अंक पाकर विद्यालय सहित अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है। यहां पर अनमोल 89 फीसद, मयंक 82.5 फीसद, माया देवी 79 फीसद, शिव बाबू 76.3 फीसद, अनम खान 76 फीसद, हिमांशु 76 फीसद, शिव कुमारी 76 फीसद अंक रहे। वहीं इंटरमीडिएट में अनन्या 76.1 फीसद, समर 76.2 फीसद, भारती देवी 73.6 फीसद, दीप्ति, खुशी, अन्नू सिंह, अंकुश ने 75.1 फीसद अंक पाकर विद्यालय में नाम रोशन किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक शिवराज सिंह सचान एवं प्रधानाचार्य कुसुम लता सचान ने सभी छात्र एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**मेधावी छात्रों को माला पहनाकर किया गया सम्मानित:** घाटमपुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड पतारा के यूकेडी दुरौली के छात्र एवं छात्राएं परीक्षा फल पाकर खुशी से झूम उठे। सभी एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य हेरम्भ प्रसाद द्विवेदी ने विद्यालय में संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को मेडल देकर एवं माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं में खुशी के लहर दौड़ गई और मौके पर मौजूद अभिभावकों ने ताली बजाकर उक्त मेधावी छात्रों का सम्मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक उत्तम कुमार द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य हेरम्भ प्रसाद द्विवेदी ने सभी आए हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



सहेली को गोद में उठाकर खुशी का इजहार करती छात्रा। अमृत विचार

### बेहतरीन अंक पाकर बढ़ाया परिजनों का मान

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत संत बैरागी बाबा इंटर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटर एवं हाई स्कूल में बेहतरीन अंक हासिल कर अपने विद्यालय ही नहीं अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया है। इस दौरान मेधावी छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय की प्रबंधिका पूनम पांडे एवं प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने सभी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, औरैया**

पंत्राक :- 304 / स0वि0 / 2026-27 दिनांक 22, अप्रैल, 2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद औरैया में नगर में बन्दर मानव संघर्ष निवारण हेतु बंदर पकडने में दक्षता रखनें वाले व्यक्तियों / फर्म बन्दर रेस्क्यू दल में उत्पाती बंदरों को पकडनें एवं नगर पालिका परिषद औरैया शहर से बाहर जंगलों में छोडनें कार्य की प्रति अदद की दर निर्धारित निर्धारित कियें जानें हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 30.04.2026 को पूर्वान्ह 10: 00 बजे सें अपरान्ह 3: 00 बजे तक आंमंत्रित किया जाता है जो उसी दिन अपरान्ह 3: 30 बजे अध्यक्ष महोदय/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद औरैया कक्ष में खोला जायेगा। किसी भी निविदा के स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करनें का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद औरैया को होगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा दर (प्रति अदद में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | उत्पाती बंदरों को पकड़नें एवं नगर पालिका परिषद, औरैया शहर के बाहर जंगल में छोड़नें का कार्य। | 30000/- | 500.00 | 700/- सभी खर्च/करों सहित |

**अधिशाषी अधिकारी** नगर पालिका परिषद औरैया

**अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद औरैया


# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** बाइक द्वारा बांगरमऊ से कानपुर जा रहे बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में बैठा युवक मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों बाइक सवारों को शिवराजपुर सीएचसी ले गई, जहां पर डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

शनिवार को सुबह के समय बांगरमऊ उन्नाव निवासी सुमित पुत्र अशोक एवं जिला हरदोई निवासी राम गोपाल यह दोनों लोग बाइक द्वारा कानपुर जा रहे थे। अभी वह क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास ही पहुंचे थे कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में बैठा युवक मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक सवार दोनों युवकों को शिवराजपुर सीएचसी ले गई। वहां पर डॉक्टर ने सुमित को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामगोपाल को मामूली चोटें आईं।

# ट्रैक पर काम होने से कई ट्रेनें घंटों लेट

संवाददता, शिवराजपुर

- **सही जानकारी न मिलने पर यात्री हो रहे परेशान**

**अमृत विचार।** कानपुर से फर्रुखाबाद को जाने वाली अप एंड डाउन ट्रेनें शनिवार को दोपहर के बाद कई कई घंटे देरी से चलीं। इसके फिर भी रेलवे कर्मचारियों द्वारा सही जानकारी नहीं दी गई, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार चौबेपुर में रेलवे ट्रैक पर काम होने के कारण ट्रेनें 3 से 4 घंटा तक जहां की तरह खड़ी रहीं। इतनी लेट लतीफी के बाद भी कस्बे के बर्राजपुर रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा सही जानकारी नहीं दी गई और यात्री प्लेटफार्म पर दो से तीन घंटे तक खड़े रहे। हैरान करने वाली बात यह रही की रेलवे खिड़की से टिकट बिक्री होती रही किंतु नोटिस बोर्ड पर ट्रेन लेट होने का कारण एवं समय नहीं लिखा गया, जिसके कारण यात्रियों में आक्रोश भी दिखाई दिया। वहीं कन्नौज जाने वाले एक यात्री ने बताया कि बर्राजपुर से कन्नौज की 35 की टिकट खरीदी डेढ़ घंटे प्लेटफार्म पर इंतजार करने के बाद भी ट्रेन न आने पर टिकट वापस करने गए तो टिकट विंडो पर बैठे व्यक्ति ने बताया कि 30 रुपये कटेंगे। वहीं यात्रियों ने भी कहा कि आप टिकट बेच रहे हैं आपने बताया क्यों नहीं कि ट्रेन काफी लेट है तब वह हंसने लगा, जिससे यात्रियों में नाराजगी दिखाई दी। कानपुर जाने वाली ट्रेन बिल्हौर एवं कन्नौज में खड़ी रही जबकि फर्रुखाबाद को जाने वाली ट्रेन मंधना एवं चौबेपुर में खड़ी रही, जिससे प्लेटफार्म एवं आसपास यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। भयंकर गर्मी में यात्री कई घंटे इंतजार करने के बाद टेंपो एवं ऑटो द्वारा अपने गंतव्य को गए।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बचपन का नाम चाहत s/o नमोनारायण है। मैने चाहत नाम से LIC में एक पॉलिसी ले रखी है। मै ग्राम खानपुर पोस्ट सरेनी जिला रायबरेली का निवासी हूं। जबकि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम अंशुमान s/o नमोनारायण है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है।

**सूचना**

मेरी सर्विस बुक में त्रुटिवश मेरा नाम Ram Kishore अंकित हो गया है जबकि मेरा शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज मेरा सही नाम Ram Kishor है इसलिए मेरी सर्विस बुक में मेरा सही नाम Ram Kishor लिखा व पढ़ा जाए। **निवासी 544 /2506 आदर्श नगर बरौरा हुसैन बाडी बालागंज चौक लखनऊ उत्तर प्रदेश 226003**

**सूचना**

मै ने अपना नाम PREM CHANDRA PRAJAPATI से बदलकर PREM CHAND रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM BACHAN PRAJAPATI ADD-HAFIZPUR, POST-KERMA, MOHAMMADABAD GOHNA, DIST-MAU-276403 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम SULEIMA BANO से बदलकर SULEMA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-NASRUDDIN SIDDIQUI R/0-H-No-229/26 SUBATIYA BAGH RAJA BAZAR, CHOWK DIST-LUCKNOW-226003(U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र जुबेर अहमद, जावेद अहमद, जुनैद अहमद, मोहम्मद सुहेल हैं जिसमें से जावेद अहमद के गलत चाल चलन व चरित्र से मैं वह मेरा पूरा परिवार काफी परेशान हो गया है मैं भी इस समय काफी अस्वस्थ व बुजुर्ग हो गया हूँ उनके क्रिया कलाप से मेरा भरोसा उठ गया है इसलिए मैं पूरे होशो हवास में अपने पुत्र जावेद अहमद को अपने संपूर्ण अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य से मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अब्दुल अहद पुत्र चौधरी निवासी- ग्राम नेवादा थाना छपिया जिला गोण्डा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम AZIZ AHMAD S/O SALEEM S/O ABDUL KAREEM था जो कि दिनांक 01/04/2026 को अपना नाम बदलकर AJEEJ AHMAD S/O SALEEM AHMAD S/O ABDUL KAREEM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **निवासी मोहल्ला मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच यूपी।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम FIRDAUS था अब मैंने बदलकर अपना नाम FIRDAOS रख लिया है भविष्य में मुझे FIRDAOS के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O MOHAMMAD FAHEEM ANSARI R/O 430/028/002, VEDAN TOLA, MOAZZAM NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

**आवश्यकता हैं-** एकाकी रह रहे व्यक्ति को एक उपयुक्त गृह- सहायिका या सहयोगिनी की तलाश हैं। **उचित सुविधा - सुरक्षा, सम्पर्क करें:- 9415086327**

**सूचना**

मैं VASIM पुत्र नसीम, निवासी मोहल्ला-दलीगढ़ी, पो0 व थाना-पुरवा, उन्नाव, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर WASEEM रख लिया है, अतः आज से मुझे WASEEM के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।


# कई इंटरलॉकिंग सड़कों का हुआ लोकार्पण

संवाददाता, घाटमपुर

- **विधायक ने इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण**

**अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई रफ्तार देते हुए विधायक निधि योजना के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण विधायक सरोज कुरील द्वारा किया गया।

लोकार्पित कार्यों के तहत ग्राम रवईपुर में बीना प्रसाद वर्मा के दरवाजे से पत्तर प्रसाद वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण पर 9.39 लाख की लागत आई है। वहीं ग्राम हिरनी में मेन रोड से हिरपाल के घर तक 11.70 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कराया गया। पतारा क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर में 9.16 लाख की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूरा हुआ। इसके अलावा ग्राम हिरनी में ही मेन रोड से जिमी पाल के घर तक 2.48 लाख की लागत से कार्य कराया गया। ग्राम चंवर में मंदिर से संजय अग्निहोत्री के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण पर 8 लाख खर्च किए गए। इन सभी विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। खासतौर पर बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हो सकेगा। ग्रामीणों ने इन कार्यों के लिए विधायक का आभार जताया और कहा कि इससे गांवों की तस्वीर बदलने में मदद मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक सरोज कुरील ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। उन्होंने बताया कि सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। इन कार्यों के माध्यम से न केवल लोगों को सुविधा मिलेगी।

# बिजली संकट से मक्का की फसल पर मंडराया संकट

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बिजली की जबरदस्त कटौती के कारण सिंचाई का संकट गहरा गया है, जिससे मक्का की फसल सूखने की कगार पर है। शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों ने अधिकारियों से मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और नियमित बिजली आपूर्ति न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

बकोठी, संजती बादशाहपुर, चंपातपुर, नसिरापुर सहित कई गांवों के किसानों ने बताया कि क्षेत्र में इस समय केवल 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। वह भी निर्बाध नहीं रहती। हर 10-15 मिनट में बिजली कट जाती है, जिससे ट्यूबवेल और मोटर ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। किसानों के अनुसार, बिल्हौर क्षेत्र मक्का उत्पादन के लिए जाना जाता है, लेकिन समय पर पानी न मिलने से फसल सूख रही है। मजबूरन किसानों को डीजल इंजन चलाकर सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत काफी बढ़ गई है। किसानों ने मांग की है कि खेती बचाने के लिए कम से कम 15 से 16 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ताखा-इटावा।**

पत्रांक:/ लेखाकार / निविदा प्रकाशन /2026-27 दिनांक: अप्रैल, 2026

**मैनुअल निर्माण कार्य नोटिस/विज्ञप्ति**

महामहिम, राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से क्षेत्र पंचायत ताखा-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष में 15वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड निधि फण्ड मद से निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु क्षेत्र पंचायत वि0ख0 ताखा में फर्मो/ ठेकेदारों से निविदायें/ टेण्डर 27.04.2026 से 16.05.2026 समय 02: 30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 18.05.2026 को क्षेत्र पंचायत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03: 30 पर खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.04.2026 से 16.04.2026 तक क्षेत्र पंचायत कार्यालय दिवस में प्रातः 10: 30 से 01: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं।


**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है**

| क्रमांक | कार्य को नाम | प्राकलन की लागत जीएसटी सहित | जमानत धनराशि (05%) | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कुदरैल के कठौतिया में कन्हैया लाल के घर से नाला तक नाला निर्माण कार्य। | 999000.00 | 50000-00 | 500-00 |
| 02 | ग्राम पंचायत सरावा के घ्यानपुरा में इण्टरलाकिंग रोड से देवेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 312000.00 | 16000-00 | 500-00 |
| 03 | ग्राम पंचायत कुदरैल के शिवरा में मैन रोड़ से सुदीप के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 613000.00 | 31000-00 | 500-00 |
| 04 | ग्राम पंचायत हिन्दूपुर वैदपुर के हिन्दूपुर में डामर रोड से वकील साहव के घर होते हुए मंदिर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य | 995000.00 | 50000-00 | 500-00 |
| 05 | ग्राम पंचायत बनीहरदू के टोडरपुरा में डामर रोड से फतेह सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण का निर्माण कार्य। | 600000.00 | 30000-00 | 500-00 |
| 06 | ग्राम पंचायत बेलाहार के नगरिया यादवान में डामर रोड से ममता के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 600000.00 | 30000-00 | 500-00 |
| 07 | ग्राम पंचायत सौथना के नगला भगी में कश्मीर सिंह के घर से अम्मक लाल के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 403000.00 | 21000-00 | 500-00 |
| 08 | ग्राम पंचायत ताखा के विरतिया में ब्रिजेश के घर से जवर सिंह के घर तक एवं गंगा सिंह के घर से वीरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 996000.00 | 50000-00 | 500-00 |
| 09 | ग्राम पंचायत कुर्खा के नगला विजयी में डा भीमराव अम्बेडकर पार्क की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | 996000.00 | 50000-00 | 500-00 |
| 10 | ग्राम पंचायत बेलाहार में डामररोड से कालीचरन के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण | 999000.00 | 50000-00 | 500-00 |
| 11 | ग्राम पंचायत कुइता के डाड़ी में डामर रोड से अंकित के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 447000.00 | 23000-00 | 500-00 |
| 12 | ग्राम पंचायत कुइता के डाड़ी में डामर रोड से अजीत के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 999000.00 | 50000-00 | 500-00 |
| 13 | ग्राम पंचायत रिदौली में डामर रोड से महेश वर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 997000.00 | 50000-00 | 500-00 |

**निविदा की शर्ते क्षेत्र पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।**

01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 28.04.22 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकरी / कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायति सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी ) के परिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा स्थापित फर्म/टेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त कर दी जावेगी।

**(प्रदीप कुमार सिंह)**
खण्ड विकास अधिकारी
ताखा-इटावा।





## खड़े डंपर में घुसा ऑटो दो की मौत, तीन गंभीर

### भौंती हाईवे पर सुबह करीब आठ बजे हुआ हादसा, चालक फरार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी में भौंती हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से ऑटो घुस गया। जबरदस्त टक्कर से ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ऑटो में बैठी दो सवारियों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर घायल हैं। पुलिस ने घायलों को हैलट भिजवाया। पुलिस के अनुसार डंपर का टायर पंचर हो गया था। हादसे के समय चालक व क्लीनर पहिया बदल रहे थे। ऑटो चालक भाग निकला।



रमेश सैनी।



क्षतिग्रस्त ऑटो को हाईवे से किनारे कराती पुलिस। अमृत विचार

नौबस्ता से सवारियां लेकर ऑटो पनकी के लिए शनिवार सुबह निकला था। सुबह करीब साढ़े बजे पनकी स्थित पतंजलि गोदाम के पास हाईवे पर ऑटो पहुंचा, तभी सामने खराब डंपर खड़ा देखकर चालक ने ऑटो से नियंत्रण खो दिया। बेकाबू ऑटो पीछे से सीधा डंपर में घुस गया। राहगीर व आसपास के दुकानदार भाग पहुंचे। हादसे की खबर पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ऑटो में फंसी सवारियों को बाहर निकाला और तत्काल हैलट भेजा। जहां डॉक्टरों ने दो को ब्रॉडडेड घोषित कर दिया, जबकि तीन की हालत गंभीर है। एक मृतक की पहचान हो पाई है। रनियां के रायपुर निवासी 55 वर्षीय रमेश सैनी फूल का काम करते थे। तड़के फूल लेने के लिए नौबस्ता मंडी के लिए निकले थे। फूल लेकर लौटते समय वह नौबस्ता में ऑटो में सवार हुए थे। आगे बैठे रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार डंपर का टायर पंचर हो गया था। इस पर चालक व क्लीनर डंपर खड़ा करके टायर बदल रहे थे। दूसरे मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। घायलों में दो महिलाएं भी हैं। पनकी थाना प्रभारी दिनेश बिष्ट ने बताया कि ऑटो चालक टक्कर से पहले कूद गया था।

## सिटी ब्रीफ

### आर्थिक रूप से कमजोर का सहयोग

**कानपुर।** परशुराम सभा की ओर से कल्याणपुर डीपीएस स्कूल के पास बैठक हुई। इसमें ब्राह्मण समाज के लोगों के उत्थान के लिए चर्चा हुई। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करने का समर्थन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज का कोई व्यक्ति कमजोर है उसका सहयोग कर उसे मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जाएगा। पदाधिकारियों ने यूजीसी बिल का विरोध जताया। नरेश द्विवेदी, विमलेश मिश्रा, विपिन मिश्रा, अमित द्विवेदी, अमित मिश्रा, कौशल मिश्रा पार्षद समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## 649 बच्चों का दूर हुआ अंधेरा, हौसले को मिली उड़ान

**बाल सेवा योजना**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

> यह योजना ऐसे बच्चों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है, जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है। पात्र बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें समयबद्ध रूप से योजना से जोड़ा जा रहा है।
>
> – विकास कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी

> कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। पात्र बच्चों तक योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाता है।
>
> – जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर

**अमृत विचार।** जब किसी बच्चे के सिर से माता-पिता का साया उठ जाता है, तो उसकी जिंदगी बदल जाती है। सपनों की उड़ान थमने लगती है और किताबों की जगह जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ जाता है। ऐसे कठिन दौर में तमाम बच्चों के लिए पढ़ाई जारी रखना चुनौती बन जाता है। ऐसे बच्चों के जीवन में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना उम्मीद की किरण बिखेर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित यह योजना उन बच्चों को सहारा बन रही है, जो विपरीत परिस्थितियों मे अपने सपनों को पूरा करने का हौसला रखते हैं।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कानपुर नगर में 649 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। इन बच्चों पर 95.10 लाख रुपये की धनराशि व्यय की गई है। कल्याणपुर निवासी युवराज बहल के सामने माता-पिता के निधन के बाद पढ़ाई का संकट खड़ा हो गया था, लेकिन योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद ने उसकी शिक्षा बाधित नहीं होने दी। अब युवराज नियमित रूप से स्कूल जा रहा है। इसी तरह अनन्या धुरिया के जीवन में भी यह योजना नई उम्मीद लेकर आई। परिवार पर आई विपरीत परिस्थितियों से उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन योजना के सहारे अब वह बिना रुकावट पढ़ाई जारी रखते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत ऐसे बच्चे पात्र हैं, जिनके माता-पिता अथवा माता या पिता की मृत्यु एक मार्च 2020 के बाद हुई हो। लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से कम तथा उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए। एक परिवार के अधिकतम दो बच्चों को योजना का लाभ दिया जाता है।योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र को प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### शरबत वितरण हुआ

**कानपुर।** युवा समाज सेवी के युवा पदाधिकारियों की ओर से राहगीरों के राहत के लिए नमक फैक्ट्री चौराहे पर शरबत वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने राहगीरों को रोक कर शरबत वितरण किया। धर्मेंद्र सिंह, आज़म खान, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, राम गणेश त्यागी, अनी सचान, मयंक श्रीवास्तव, नीरज गौतम मौजूद रहे।






## दसवीं की छात्रा को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नाबालिग सहपाठी ने बालिग दोस्त के साथ मिलकर की घटना
- छात्रा ने घर पहुंचकर बताई आपबीती हिरासत में आरोपी

**अमृत विचार।** किदवई नगर में कक्षा दसवीं की छात्रा को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। छात्रा के साथ आठवीं कक्षा तक पढ़े सहपाठी ने ही अपने बालिग दोस्त के मिलकर घटना को अंजाम दिया। छात्रा के घर से गायब होने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार रात आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंची छात्र ने आपबीती बताई, तो परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने छात्रा के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके मेडिकल कराने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

किदवईनगर के यू ब्लॉक में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी ने गोविंदनगर के एक स्कूल से दसवीं पास किया है। उसे 70 फीसदी अंक मिले हैं। जबकि उसका आरोपी दोस्त फेल हो गया। छात्रा के परिवार वालों के अनुसार बुधवार रात करीब 2:30 बजे उठे तो छात्रा को कमरे में नहीं पाया। इस पर उसकी खोजबीन शुरू की गई। सभी रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों से जानकारी करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार दोपहर आरोपी के घर भी पहुंचे, लेकिन उसने छात्रा के लापता होने की जानकारी से इनकार किया। नाबालिग आरोपी के घर पहुंची पुलिस को उसने गुमराह कर दिया। इसी बीच गुरुवार रात करीब 11:30 बजे किसी तरह वह भाग कर अपने घर पहुंची और आपबीती बताई।

उसने बताया कि उसके आरोपी दोस्त ने इलाके में रहने वाले साथी ने फोन कर बुलाया और विष्णु के घर ले गया। जहां उसे बंधक बना लिया। बंधक बनाने के बाद दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो उसे और उसके परिवार वालों को जान से मार देंगे। किदवईनगर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई के बाद आरोपी विष्णु को जेल, जबकि नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह इटावा भेजा जाएगा।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें







## क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट के नाम पर 1.81 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता में महिला साइबर ठग ने स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर को बैंककर्मी बनकर जाल में फंसाया और क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने का झांसा देकर लिंक भेजा। जानकारी भरते ही 1.81 लाख रुपये चार बार में पार कर दिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल को जांच सौंपी है। किदवईनगर वाई ब्लाक निवासी प्रांजुल गुप्ता ने बताया कि 15 अप्रैल को उनके पास अंजान नंबर से कॉल आई। महिला ने खुद को एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताया। कहा कि कार्ड एक्टिव नहीं है और अंतिम तारीख है। बैंक संबंधी जानकारी बताकर भरोसा दिलाया। फिर शुल्क लगने की बात कहकर झांसे में लिया। इसके बाद वाट्सएप पर लिंक भेजा और जानकारी भरने को कहा। इस पर पीड़ित ने लिंक खोलकर जानकारी भर दी। जिसके कुछ देर बाद ही उनके खाते से चार बार में 77250 रुपये, 49440 रुपये, 45323 रुपये और 10000 रुपये कट गए। रकम कटने के मैसेज आने पर ठगी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने नौबस्ता थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी गई है।

### गोविंदपुरी में रात को मिलेगी अमृत भारत

**कानपुर।** अमृत भारत एक्सप्रेस का बनारस में 28 अप्रैल को उद्घाटन होगा। ये गाड़ी बनारस से हडपसर के लिए प्रत्येक मंगलवार को गोविंदपुरी स्टेशन से मिलेगी। ये ट्रेन रात 10 .50 बजे गोविंदपुरी आएगी और 5 मिनट ठहरने के बाद हडपसर के लिए रवाना होगी। इस गाड़ी में स्लीपर–08, सामान्य–11, पार्सलयान–02 और 1 भोजनयान होगा। इस गाड़ी का उद्घाटन तो 28 अप्रैल को हो जाएगा लेकिन नियमित कब से चलेगी। इस जानकारी रेलवे बाद में देगा। गाड़ी संख्या 02531 बनारस से सायं 4 .45 बजे रवाना होगी। झानपुर रोड सायं 5 .35 बजे, प्रयागराज सायं 7 .05 बजे, फतेहपुर रात 9 .15 बजे, गोविंदपुरी रात 10 .50 बजे, झांसी रात 2 .30 बजे, झांसी रात 2 .30 बजे, रानी कमलापति 7 .35 बजे, इटारसी 9 .25 बजे, भुसावल 3 बजे, हडपसर रात 00 .55 बजे पहुंचेगी।




## सिटी ब्रीफ

### झाड़ियों में मिला युवक का शव

**कानपुर।** कल्याणपुर में सीएसजेएमयू के सामने रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा और घटना की जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम भेजा। मौके पर मौजूद इलाके के लोगों ने शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किए, मगर पहचान नहीं हो पाई। कल्याणपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया की शव दो से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतीत हो रहा है कि ट्रेन से युवक गिरा है और गिरने से सर पर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हुई है।

### बिजली के लटकते पोल से हादसे का डर

**कानपुर।** बर्रा क्षेत्र की हरिमस्जिद के बगल का जहां एक ओर बिजली विभाग करोड़ों खर्च कर जर्जर तार व बिजली के पोल बदलने का काम कर रहा है वहीं बर्रा हरी मस्जिद के पास एक मकान के सहारे खड़े बिजली के पोल में सैकड़ों की संख्या में खुले तार घर की रेलिंग को छू कर मौत को दावत दे रहे हैं। उस मकान व अगल बगल रहने वाले लोगों का कहना हैं की बरसात के दिनों मे इसमें करंट आ जाता हैं जिससे पूरे घर मे करंट दौड़ने लगता है। इनका कहना है कि कई बार कम्प्लेन की गयी मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। संबंधित अफसरों से सुधार की मांग की है।

# जीके व जीएस में तुक्का, नक्शा व करंट अफेयर्स ने उलझाया

## होमगार्ड भर्ती परीक्षाः नेपाल के पूर्व में कौन सा भारतीय राज्य, नहीं बता सके अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन में परीक्षार्थियों ने तुक्का लगाकर प्रश्नों के उत्तर दिए। नेगेटिव मार्किंग नहीं होने से परीक्षार्थियों ने सारे प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रश्न पत्र पर अभ्यर्थियों की मिलीजुली राय रही। हालांकि अधिकतर ने कहा कि पेपर कठिन था।

भारत के मानचित्र में नेपाल से सटे भारत के पूर्वी राज्य का नाम भी कई परीक्षार्थी हिमाचल प्रदेश लिखकर बाहर निकले। जबकि दिए गए विकल्पों के आधार पर सिक्किम उत्तर है। 2024 में जी-20 सम्मेलन के उत्तर में ज्यादातर अभ्यर्थियों ने भारत के विकल्प को चुना। जबकि तब ब्राजील में यह आयोजन हुआ था।

27 अप्रैल तक चलने वाली होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए 53 केंद्र बनाए गए हैं। 20 सेंटर पूर्वी जोन में बनाए गए है, जबकि पश्चिम जोन में सबसे कम 7 केंद्र, साउथ जोन में 16 व सेंट्रल जोन में 10 केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को पहले दिन पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक चली परीक्षा में 19200 अभ्यर्थियों को शामिल होना था लेकिन इनमें से 5107 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली और इसमें भी 19200 में 5031 बच्चे शामिल ही नहीं हुए। रविवार को भी दो पालियों में इतने ही परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा ली जाएगी। तीन दिनों में कुल 1,15,200 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने हैं। जिसमें पहले दिन 10138 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड होमगार्ड के लिए भर्ती परीक्षा करा रही है। लिखित परीक्षा के लिये 53-53 सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, हर केंद्र पर दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक जिसमें एक उसी केंद्र का और दूसरा बाहरी किसी केंद्र का रखा गया है।



पेपर देकर निकले परीक्षार्थी। अमृत विचार

**38,400**

में 10138 परीक्षार्थियों ने पहले दिन नहीं दी परीक्षा

### जगह-जगह तैनात रहे सिविल डिफेंस के वालंटियर

- होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान सिविल डिफेंस वालिंटियरों ने बाहर से आए अभ्यर्थियों की मदद की। शहर के प्रमुख चौराहों व स्टेशनों पर तैनात टीम ने रास्ता दिखाने से लेकर स्कूटी व ई-रिक्शा से केंद्र तक पहुंचाया। सेंट्रल स्टेशन से बाहर निकलने अभ्यर्थियों को वालंटियरों ने आटो व टेम्पो को बुक करने को लेकर लोगों की मदद की। परीक्षा शुरू होने से पहले सुबह 07 से 10 बजे व दोपहर 12 से 03 बजे तक कुल 144 वार्डेन तैनात किए गए, जबकि 35 वार्डेन रिजर्व में रखे गए। 08 से 10 वार्डेन पर दो सीनियर वार्डेन को प्रभारी बनाया गया था। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सिविल लाइन स्थित जेएनके इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।



सेंट्रल स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़। अमृत विचार

# परीक्षार्थियों की भीड़ से स्टेशन जाम

- सेंट्रल स्टेशन पर कई ट्रेनों के एसी कोचों में जबरन कब्जा करने की कोशिश
- आरपीएफ और जीआरपी प्लेटफार्मों पर माइक से एनाउंस करती रही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे ने यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए आवश्यकतानुसार एग्जाम स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है जिससे परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो लेकिन उसके बावजूद सेंट्रल स्टेशन पर परीक्षार्थियों ने कई ट्रेनों के एसी कोच कर जबरन कब्जा कर लिया जिन्हें कोच से उतारने में जीआरपी और आरपीएफ को पसीने आ गए।

शनिवार को रेलवे ने झांसी, प्रयागराज समेत विभिन्न स्टेशनों से कानपुर के लिए एग्जाम स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया लेकिन उसके बाद भी प्रतापगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस, आगरा इंटरसिटी, झांसी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में भारी भीड़ रही जबकि जनसाधारण एक्सप्रेस, सप्तक्रांति एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के एसी कोच में परीक्षार्थियों ने कब्जा कर लिया जिन्हें जीआरपी और आरपीएफ ने समझा बुझाकर नीचे उतारकर साधारण कोच में बिठाया।

### प्लेटफार्मों, टिकट काउंटरों पर विशेष व्यवस्था

- मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के निर्देशन में एग्जाम स्पेशल ट्रेनों की पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। प्रयागराज जंक्शन, कानपूर सेंट्रल एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर तथा प्रवेश/निकास द्वारों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। इसके साथ ही मंडल स्तर पर स्थापित वार रूम से प्रमुख स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज जंक्शन एग्जाम स्पेशल ट्रेन कानपुर सेंट्रल से दोपहर 2 बजे रवाना हुई। इस ट्रेन में 17 कोच लगाये गए थे।

# नयागंज की ज्वैलर्स शॉप से जेवर चोरी करने वाला पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**150** सीसीटीवी खंगालने के बाद पकड़ में आया आरोपी

- दो अंगूठी बेच दी थीं, टॉप्स सोनभद्र में रहने वाली गर्लफ्रेंड को देकर आया, जेवर बरामद

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज में ज्वैलर्स की दुकान से जेवर चोरी करने वाले शातिर को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपी तक पहुंची। 1.50 लाख के जेवर चोरी करने के बाद आरोपी मैनपुरी, शिकोहाबाद, टुंडला रेलवे स्टेशन गया। फर्रुखाबाद में एक ज्वैलर्स को दो अंगूठी बेचकर सोनभद्र में रहने वाली गर्लफ्रेंड को चोरी के टॉप्स देने गया था।

नयागंज स्थित चतुर्भुज गली में ज्वैलर्स अरुण वर्मा की दुकान है। बीती 13 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे एक युवक दुकान पर आया, उसने अंगूठी दिखाने के लिए कहा। इस पर उन्होंने उसे अंगूठी दिखाई। इस बीच युवक ने चाय पीने की बात कही तो दुकान में काम करने वाला सौरभ चाय लेने चला गया। जब वह लौटा तो युवक नहीं दिखा। उसने दुकान का लॉकर देखा तो उससे तीन अंगूठियां और एक जोड़ी टॉप्स गायब मिले। कलक्टरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक युवक रेलवे स्टेशन जाता दिखाई दिया। एडीसीपी पूर्वी अंजलि विश्वकर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस फुटेज खंगालते हुए मैनपुरी, शिकोहाबाद, टुंडला तक पहुंची। इसके बाद जानकारी मिली कि युवक ने फर्रुखाबाद के सत्य सांई ज्वैलर्स में चोरी की दो अंगूठी बेची हैं। सोनभद्र में रहने वाली गर्लफ्रेंड को टॉप्स गिफ्ट करने पहुंचा था। इसके बाद पता चला कि युवक शनिवार को कानपुर में फिर वारदात अंजाम देने पहुंचा है। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मैनपुरी के उद्देपुर अभई गांव निवासी आलोक शाक्य बताया। एडीसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सैफई, मैनपुरी में आर्म्स एक्ट, चोरी समेत अन्य धाराओं में पांच मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी के पास से चोरी के टॉप्स व सोने की अंगूठी बरामद की गई है। अंगूठी खरीदने वाले ज्वैलर्स की तलाश में टीम लगी है।



पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर आलोक शाक्य। अमृत विचार

# क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर की हत्या और लूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर आवास विकास एक में बुजुर्ग निर्मला की हत्या कर लूटे थे 27 लाख के जेवर
- मूलरूप से कानपुर देहात का रहने वाला युवक पहले उसी मोहल्ले में रहता था

**अमृत विचार।** 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने 48 घंटे में कल्याणपुर आवास विकास एक में हुए हत्याकांड व लूटपाट का खुलासा कर दिया। नमक फैक्ट्री के पास गणेश नगर निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने 27 लाख के जेवर बरामद कर लिए। बारहवीं पास युवक ने क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर हत्या और लूट की थी।आरोपी ने बताया छत पर ड्रोन गिरने का बहाना बनाकर वह मकान में घुसा था। पहले वह उसी मोहल्ले में रहता था, इसलिए जानकारी थी कि इस घर में दो बुजुर्ग अकेले रहते हैं। वह दोनों की हत्या के इरादे से मकान में घुसा था, लेकिन लेक्चरर घर पर नहीं मिले थे। वारदात में उसने मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया। अकेले वारदात करने पर फंसने का चांस कम होता है। लेकिन सीसीटीवी, भगवा अंगौछा, कद-काठी से पकड़ में आया।

कल्याणपुर के आवास विकास एक निवासी सेवानिवृत्त लेक्चरर हरेंद्र कुमार सिंह की पत्नी 55 वर्षीय निर्मला की 23 अप्रैल को गला रेतकर हत्या हुई थी। वारदात के समय हरेंद्र बाजार से दवा लेने गए थे। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने खुलासा करते हुए बताया कि घर के पास पहला सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो एक भगवा अंगौछा ओढ़े युवक घर से निकलते दिखा। इसके बाद अन्य सीसीटीवी खंगालने शुरू हुए। 12 टीमों ने 48 घंटे के अंदर 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले और आरोपी के घर तक पहुंच गए। भगवा अंगौछा ओढ़कर वह अपने घर में दाखिल होता मिल गया। इसके बाद नमक फैक्ट्री के पास गणेशनगर में रहने वाले ईशू शर्मा उर्फ आर्यन को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि ईशू मूलरूप से कानपुर देहात के मूसानगर खिरियनपुर का रहने वाला है। मौजूदा समय में कैंसर पीड़ित पिता व मां के साथ किराये पर गणेशनगर में रहता था। उसके दो भाई व बहन गांव में हैं। उसने बताया कि वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़कर निकला था। जिससे लोकेशन मैच नहीं हो रही थी। वह कम समय में बड़ा आदमी बनाना चाहता था। पहले वह उसी मोहल्ले में रहता था, इसलिए उसे पता था कि बुजुर्ग दंपती अकेले रहते हैं। वह छत पर ड्रोन गिरने का बहाना बनाकर मकान में घुसा। उसने देखा कि घर में अकेली महिला हैं। इस पर उसने निर्मला देवी का गला घोंटने के बाद चाकू से गर्दन रेत दी। आलमारी का एक लॉकर पहले से खुला था और दूसरे लॉकर की चाबी उसे कमरे में मिल गई। उसने चाबी से दूसरा लॉकर खोला और पूरे जेवर समेटकर एक झोले में रखा। पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर अंगौछा डालकर निकल गया। पैदल ही अपने घर पहुंचा।



मृतका निर्मला।



खुलासा करते डीसीपी वेस्ट, पकड़ा गया आरोपी।

### दो मर्डर का था प्लान पर बुजुर्ग नहीं मिले

- पुलिस ने बताया कि शातिर पहले उसी मोहल्ले में रहता था। इसलिए उसे पता था कि घर में सिर्फ बुजुर्ग दंपती रहते हैं। यही कारण है कि उसने दोनों का मर्डर और लूटपाट की साजिश रची थी। हालांकि जब वह घर पहुंचा तो बुजुर्ग लेक्चरर उसे नहीं मिला। वह बाहर गए थे। इस पर महिला की हत्या कर लूटपाट की और भाग निकला।

### टीवी पर क्राइम से जुड़े सीरियल देखने का शौक

- पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि वह क्राइम पेट्रोल समेत क्राइम के अन्य सीरियल देखने का शौकीन है। उसे देखकर उसने वही तरीका अपनाया। जिससे पकड़ में न आए। यही कारण है कि वारदात में उसने किसी को साझेदार नहीं बनाया। मोबाइल भी घर पर छोड़ दिया था।

### टायलेट के पाइप में छिपाए थे जेवर

- डीसीपी के अनुसार शातिर लूट के जेवर के बारे में कुछ नहीं बता रहा था। इस पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तब उसने कबूला। आरोपी ने बताया कि छत पर टायलेट के पाइप में जेवर छिपाया है। कपड़े की पोटली में जेवर बांधकर उसे तार में लपेटा और पाइप में लटका दिया था। पुलिस ने पोटली बारह निकली तो पूरे जेवर मिल गए।

### यह जेवर हुए बरामद

- दो सोने की चैन, चार सोने के कंगन, दो सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की चूड़ी, एक सोने का हार, सोने की बाला, दो जोड़ी सोने का झाला, एक जोड़ी सोने की हॉफ बाली, दो जोड़ी सोने की बाली, एक सोने का बिस्किट



कब्जे ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

### 40 करोड़ की जमीन से हटाया गया कब्जा

**कानपुर।** केडीए के दस्ते ने इस्पात नगर सेक्टर-1 में लगभग 8 हजार वर्ग मीटर भूमि से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया। मुक्त कराई गई जमीन का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 40 करोड़ रुपये बतायी गई है। कार्रवाई में सहायक अभियंता नितिन भारद्वाज, अवर अभियंता कैलाश सिंह, प्रवर्तन दल, थाना पनकी पुलिस, पीएसी मौजूद रही।

# राजस्थानी कलात्मक मटके के पानी में सोंधी मिट्टी की खुशबू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेडिकल कालेज चौराहे पर मूर्ति कला केंद्र में उपलब्ध हैं आकर्षक मिट्टी के बर्तन

**अमृत विचार।** प्रयागराज की सोंधी मिट्टी में उकेरी गई गुजराती, राजस्थानी और कलकत्ता की कला से तैयार किया गया मटका यानि घड़ा का सोंधी खुशबू वाला मीठा पानी शहरवासियों के गले को तर कर गर्मी में ठंडक महसूस करा रहा है। मेडिकल कॉलेज चौराहे पर स्थित मूर्ति कला केंद्र में ऐसे घड़े और मिट्टी के अन्य उत्पाद मौजूद हैं। केंद्र के मनोज कुमार ने बताया कि प्राचीन काल में गांव की साधारण मिट्टी से घड़ा और सुराही बनाई जाती थी लेकिन आज आधुनिकता के दौर में गुजरात और राजस्थान के कलाकारों ने हुनर से प्रदेश की सोंधी मिट्टी के घड़ों पर इंस्टाग्राम, फेसबुक,व्हाट्सएप की आकृति बनाकर शहरवासियों को आकर्षित कर दिया। आजकल फ्रिज और फ्रिजर के साथ लोग ये मिट्टी के कलात्मक मटके खरीद रहे हैं।



मिट्टी से बने कलात्मक उत्पाद। अमृत विचार

# प्लेसमेंट ड्राइव में दस छात्रों को जॉब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट ड्राइव में 10 युवाओं को ढाई लाख से लेकर 3 लाख रुपये तक का शुरुआती पैकेज मिला। सौ युवाओं ने साक्षात्कार दिया। 42 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए।

प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के निदेशक प्रो सुधांशु पांडया व प्रबंध निदेशक जेट निटवियर बलराम नरूला ने की। प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ सिधांशु राय भी मौजूद रहे। निदेशक प्रो सुधांशु पांडया ने कहा प्लेसमेंट कंपनियों के लिए मैनेजमेंट सबसे महत्वपूर्ण सेक्टर होता है और हमारा संस्थान शत प्रतिशत प्लेसमेंट दिलाने की ओर दृढ़ संकल्प है। बलराम नरूला ने कहा कि जितनी आवश्यकता विद्यार्थियों को कंपनी की है उतनी ही कंपनी को भी विद्यार्थियों की आवश्यकता होती है। प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर एवं संयोजक डॉ सिधांशु राय ने बताया कि 10 कंपनियों में युवाओं ने साक्षात्कार दिया। इनमें श्रीराम फाइनेंस, टाटा एआईजी जेट नेटवियर, हाई प्रोडिगी टेक सॉल्यूशन नायरा किचन वेयर, कैपिटल एयरगन ब्लैक लैब एंटरटेनमेंट श्याम चिल्ड्रन सेंटर सन शेपर एनर्जी जैसी कंपनियां शामिल रहीं।



प्लेसमेंट ड्राइव में मौजूद युवा। अमृत विचार

**मौसम** शहर में 27 से 30 के बीच आंधी और बूंदाबादी के आसार

# सीजन का सबसे गर्म दिन, पारा 43 .7 डिग्री पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एयरफोर्स स्टेशन पर पारा 44.2 दर्ज किया गया

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। शहर के अलग-अलग स्थानों पर तापमान में अंतर रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान एयरफोर्स स्टेशन पर 44.2 दर्ज किया गया। कानपुर नगर का औसत तापमान 43.7 रिकॉर्ड किया गया। उधर भीषण गर्मी के बीच एक राहत भरी संभावना भी मौसम विशेषज्ञों ने जताई है। उन्होंने बताया कि शहर में 27 से 30 अप्रैल के बीच बूंदाबादी व तेज हवाएं चलने की आशंका है। इस बीच कई क्षेत्रों में बारिश भी हो सकती है। शहर में सुबह से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। दोपहर में तेज तपिश की वजह से सड़कों पर सन्नाटा रहा। व्यवस्त इलाकों में भी वाहनों की आवाजाही कम रही। खासतौर पर बाजारों में भी दोपहर को खरीदार कम निकले। जीटी रोड स्थित चिक बाजार में शाम को खरीदारों की भीड़ रही। इस दौरान बताया गया कि गर्मी की वजह से बाजार में चिक की मरम्मत और बिक्री में 20 फीसदी दामों का इजाफा हुआ है। उधर मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में एयरफोर्स स्टेशन पर अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा सीएसए विवि में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कंपनी बाग के आस-पास के क्षेत्र में इसे 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि कानपुर मंडल में तेज धूप निकलने के साथ गर्मी बढ़ने की साथ हीट इंडेक्स 50 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। दिन के तापमानो में क्रमिक बढ़ोतरी होगी। दिन में तेज लू जैसी हवा चल सकती है। 28-30 अप्रैल मैं तेज हवाओं के साथ बूंदाबाँदी व हल्की बारिश व कहीं कहीं ओलावृष्टि की संभावना बन रही है।



तेज धूप से बचने की जुगत। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

### दंत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर

**कानपुर।** लायंस क्लब कानपुर सेंट्रल एवं लायंस क्लब कानपुर शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइन्स स्थित शीलिंग हाउस स्कूल में दंत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. स्वाति गुप्ता व उनकी टीम के चिकित्सकों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा स्टाफ सदस्यों का दंत परीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वाइस गवर्नर लायन डॉ. शरद अग्निहोत्री, लायन विश्वरतन त्रिपाठी, रीजन चेयरपर्सन लायन दिलीप गुप्ता, वीना मिश्रा, दिलीप गुप्ता, कमता प्रसाद गर्ग, रुचि अग्निहोत्री, कीर्ति टंडन, आशु गुप्ता, भूमिका सक्सेना, मालविका मिश्रा उपस्थित रहीं।

### साइन हुआ एमओयू

**कानपुर।** डॉ अंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन व केमिकल इंजीनियरिंग विभाग आईआईटी कानपुर के बीच एमओयू हुआ। इस करार के तहत छात्र गतिविधियों, शोध एवं नवाचार, फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम, कॉन्फ्रेंस आदि गतिविधियों में आईआईटी कानपुर अम्बेडकर इंस्टिट्यूट के छात्र छात्राओं को सहयोग करेगा। अंतिम वर्ष के छात्रो को प्रोजेक्ट करने में भी आईआईटी की फैकल्टी व प्रयोगशालाओं में मेंटरशिप प्राप्त हो सकेगी। साथ ही अंबेडकर इंस्टिट्यूट के छात्र आई आई टी कानपुर में ट्रेनिंग कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग कर सकेंगे। समझौते पर अंबेडकर इंस्टिट्यूट की निदेशक प्रो रचना अस्थाना व आई आई कानपुर के डीन ऐकडेमिक प्रो अशोक डे ने हस्ताक्षर किए।

अधिग्रहीत भूमि के चिह्नांकन के बाद भू स्वामी किसानों का सत्यापन न होने से लटकी पड़ी है भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया

# लेखपालों की लापरवाही से अटका कानपुर-कबरई हाईवे का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की ओर से कानपुर-कबरई फोरलेन हाईवे के लिए 5700 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किए जाने के बाद भी सिर्फ लेखपालों की सुस्ती से काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हाईवे का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए तीन जिलों के 93 गांवों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसमें कानपुर नगर और देहात के 49 गांव, हमीरपुर के 35 तथा महोबा–कबरई क्षेत्र के नौ गांव शामिल हैं। अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का प्रशासनिक स्तर पर चिह्नांकन हो चुका है, अब लेखपालों को भू स्वामी किसानों का सत्यापन करना है, जो लटका पड़ा है। लेखपालों की इस लापरवाही से धारा 3-डी अधिसूचना का प्रकाशन भी रुका है, जिसके कारण मुआवजा वितरण नहीं हो पा रहा है और टेंडर की तिथि बार-बार बढ़ानी पड़ रही है। धारा 3-डी में अधिसूचित होना है कि संबंधित भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहीत की जा रही है, और भूमि केंद्र सरकार के स्वामित्व में आ जाएगी।

रमईपुर से कबरई तक मौजूदा हमीरपुर रोड के समानांतर बनने वाले नए ग्रीनफील्ड (एलिवेटेड) हाईवे के लिए कानपुर नगर में कुल 387.66 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। 112 किमी लंबा यह फोरलेन हाईवे 60 मीटर तक चौड़ा होगा। यह हाईवे कानपुर, कानपुर देहात, हमीरपुर और महोबा से होते हुए छतरपुर-भोपाल-मुंबई आर्थिक कारिडोर से जुड़ेगा। हाईवे का निर्माण चयनित निजी कंपनी बीओटी (बिल्ड-आपरेट-ट्रांसफर) मॉडल पर करेगी, जबकि निर्माण कार्य की निगरानी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) करेगा।

कंपनी को हाईवे का निर्माण करने के साथ 20 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इसके बाद परियोजना सरकार को हस्तांतरित हो जाएगी। हाईवे का निर्माण करने वाली कंपनी को ही मौजूदा हमीरपुर रोड को नौबस्ता से सुधारने का भी काम करना है। निर्माणदाता कंपनी का चयन करने के लिए 10 फरवरी को टेंडर खुलना था, जिसकी तिथि लेखपालों द्वारा काम पूरा नहीं करने से अब तक दो बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।

### क्या होती है धारा 3-डी

- राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3-डी एक अधिग्रहण घोषणा होती है। धारा 3-ए के तहत आपत्तियों (3-सी) के निस्तारण के बाद, सरकार राजपत्र में यह अधिसूचना जारी करती है कि संबंधित जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहीत की जा रही है। इसके जारी होते ही भूमि आधिकारिक तौर पर केंद्र सरकार के पास आ जाती है, जो सभी तरह के बंधनों से मुक्त होती है।



**5700** करोड़ रुपये का बजट कानपुर-कबरई फोरलेन हाईवे के लिए किया गया था मंजूर

- केंद्र सरकार बजट जारी कर चुकी पर लेखपालों की लापरवाही से बार-बार बढ़ानी पड़ रही टेंडर की तारीख

**03** जिलों के 93 गांवों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी की जानी है।

**20** वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी कंपनी को हाईवे का निर्माण करने के साथ

### जिले में कहां कितनी जमीन का अधिग्रहण

- कानपुर नगर तहसील में 131.74 हेक्टेयर, घाटमपुर तहसील में 255.79 हेक्टेयर और नरवल तहसील में 0.130 हेक्टेयर भूमि किसानों से अधिग्रहीत की जानी है।

### किस गांव में कितने हेक्टेयर जमीन ली जाएगी

- **नगर तहसील :** मगरासा- 37.49, रमईपुर -16.03, जहानपुर-6.50, हरबंशपुर- 3.12, जामू- 1.85, शिवरामपुर- 6.85, मटियारा- 1.93, बिधनू- 8.23, जमराही – 7.29, गन्देवा (मझावन) – 7.15, गधेवा मोहसिनपुर – 8.79, शम्भुवा- 0.203, कठेरूवा- 0.826, कठारा – 25.44
- **घाटमपुर तहसील** अल्दापुर -7.66, ककरहिया-0.53, छापा- 4.60, बलरामपुर- 8.84, भदरस – 7.24, घुरऊपुर – 11.68, इस्माइलपुर-5.26, जाजपुर- 14.91, जैतीपुर- 0.32, कटरा- 5.51, मरहा- 3.45, मवाई भाछन- 3.38, पतारा- 25.42 सिरोमानपुर- 3.91, सूखापुर- 2.43, जलाला- 3.75, बीबीपुर- 17.29, टिकवापुर- 9.03, हमीरामऊ- 0.62, रामपुर- 33.73 संचितपुर- 11.71, गौरा छाजमल- 7.69, इटारा- 10.42, रैपुरा – 8.30, मोहता- 21.20, दहिलर अवाल-2.92, मुनखट-6.40 बाल्हा पारा खुर्द – 9.77, सरगांव- 6.21
- **नरवल तहसील** कसिगवां- 0.13




प्रेस वार्ता में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और अन्य। अमृत विचार

# मुगलों से ज्यादा महिला विरोधी है विपक्ष : योगेंद्र उपाध्याय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नारी वंदन अधिनियम गिरने पर उनकी मानसिकता उजागर
- मोदी सरकार महिला उत्थान के लिए कर रही काम

**अमृत विचार।** प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अब का विपक्ष मुगल काल से भी ज्यादा महिला विरोधी है। मुगलों ने कभी भी अपने राज में महिलाओं को सम्मान नहीं दिया वैसे ही विपक्ष कर रहा है। आरोप लगाया कि विपक्ष सिर्फ मौका खोजता है कि कैसे महिलाओं का अपमान किया जाए। वे सीएसजेएम विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जब देश में मोदी सरकार सत्ता में आई तो महिलाओं की सबसे बड़ी पीड़ा को दूर करते हुए हर-घर शौचालय स्कीम लागू की। पक्के मकान दिए, खेलो इंडिया, मिशन शक्ति योजना, ड्रोन दीदी, महिला पेंशन योजना, मुद्रा लोन, किचन से लेकर बाजार तक मजबूती दी। कहा कि उज्ज्वला योजना, मातृ वंदन योजना, घरौनी योजना और सबसे बड़ी सम्पत्तियों में नाम की हिस्सेदारी देकर मजबूती दी गई। उन्होंने विपक्ष पर सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर विरोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में मेयर प्रमिला पांडेय, जिलाध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह, जिलाध्यक्ष उत्तर अनिल दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता और महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी आदि रहे।




भाजपा नेताओं के साथ मौजूद पार्षद। अमृत विचार

# नामित पार्षदों को दिलाई गई शपथ

**कानपुर।** शासन द्वारा नामित नगर निगम के 10 पार्षदों को शनिवार को नगर निगम में शपथ दिलाई गई। प्रमिला सभागार में आयोजित समारोह में प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शपथ दिलाई। नामित पार्षद सरदार नीतू सिंह, राजेश श्रीवास्तव, दिनेश बाबा सविता, विजय सेंगर, रमेश बाल्मीकि, विजय पटेल, आदित्य शुक्ला, कमला साहू, निधि बाजपेयी, सुभाष गौड़ ने शपथ ली। इस अवसर पर महापौर प्रमिला पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व अनिल दीक्षित, विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक रघुनन्दन भदौरिया, पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, अपर नगर आयुक्त मो. आवेश खान उपस्थित रहे।

# ठेकेदार के खाते से दो लाख गायब, 50 हजार होल्ड

**कानपुर।** बर्रा में ठेकेदार के खाते से दो लाख रुपये ट्रांसफर होने का मामला सामने आया है, पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल ने 50 हजार रुपये होल्ड करा दिए हैं और बाकी रकम वापस दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। गुंजन विहार निवासी आशीष कुमार द्विवेदी ने बताया कि उनकी फर्म ओम बिल्डर्स का खाता इंडसइंड बैंक की जाजमऊ शाखा में है। शुक्रवार सुबह उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि खाते से दो लाख रुपये ट्रांसफर हो गए हैं। जांच करने पर पता चला कि रुपये इस्लामउद्दीन नाम के व्यक्ति के खाते में भेजे गए हैं।

जिसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद उन्होंने डीसीपी दक्षिण कार्यालय स्थित साइबर सेल में शिकायत की। साइबर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये होल्ड करा दिए हैं। बाकी रकम वापस दिलाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# चीन के ट्रेड शो से 80 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चीन में चल रहे ट्रेड शो से शहर के निर्यातकों को काफी उम्मीद है। निर्यात विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक हालात के चलते इस ट्रेड से शहर के निर्यातकों को ऑर्डर मिलने की संभावना है। शहर को लगभग 80 करोड़ के तत्काल ऑर्डर इस ट्रेड शो से मिल सकते हैं।

चीन के गुआंगजौ शहर में 23 से 27 अप्रैल तक चलने वाले वाले ट्रेड शो में शहर के निर्यातक भी शामिल हुए हैं। ट्रेड शो में बीटूबी के तहत यह निर्यातक सीधे खरीदार से बातचीत कर रहे हैं। मुख्य रूप से लेदर और टेक्सटाइल के अलावा इस ट्रेड शो में विभिन्न सेक्टर से जुड़ा वैश्विक कारोबार हो रहा है। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि शहर से वहां पर गए लगभग एक दर्जन निर्यातक कई सेक्टर से जुड़े बड़े ऑर्डर हासिल कर सकते हैं। लेदर व टेक्सटाइल के ऑर्डर सबसे अधिक संख्या में हासिल होने पर बातचीत चल रही है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि लगभग 80 करोड़ रुपये के तत्काल ऑर्डर पर निर्यातकों व खरीदारों के साथ बातचीत अंतिम दौर पर है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेड शो में मिले ऑर्डर लंबे समय के लिए हासिल होते हैं। ऑर्डर का असर शहर के एमएसएमई सेक्टर पर भी सकारात्मक रूप से पड़ेगा। खासतौर पर पैकेजिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को इससे लाभ हासिल हो सकेगा।



- शहर के निर्यातकों से लंबे समय के ऑर्डर पर हो रही बातचीत

### कई देशों के ऑर्डर संभव

- वहां पर सिर्फ चीन के खरीदार ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के खरीदार शामिल होते हैं। इस स्थिति में इस ट्रेड शो से पूरे विश्व के ऑर्डर हासिल होते हैं। ऐसे में शहर के निर्यातक को कई सेक्टर से ऑर्डर मिलने की संभावना है। खासतौर पर ऐसे देश जहां पर हाल ही में भारत की ओर से एफटीए हुआ है उन देशों के खरीदारों से निर्यातकों के साथ सकारात्मक बातचीत हो रही है।

### युद्ध का भी असर

- ट्रेड शो में इस बार युद्ध का असर भी दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि खासतौर पर खाड़ी देशों से आने वाले खरीदार ऑर्डर की सप्लाई डेट को फाइनल करने से बच रहे हैं। खाड़ी देशों के खरीदार यहां के निर्यातकों के साथ दो से तीन महीनों के बाद से ऑर्डर सप्लाई की बात कर रहे हैं।



झकरकटी पुल पर लगा जाम। अमृत विचार

# बस खराब, झकरकटी पुल जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** झकरकटी पुल पर परिवहन की एक बस खराब होने से भीषण जाम लग गया। भीषण गर्मी में सैकड़ों लोग, बूढ़े, बच्चे, महिलाएं जाम में फंसे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही यातायात की टीम मौके पर पहुंची और क्रेन से खराब बस को वहां से किनारे कराया, तब जाकर ट्रैफिक बहाल हुआ।

दरअसल झकरकटी पुल पर ही परिवहन की बसें खड़ी रहती है जिससे जाम लगता है। शनिवार को दोपहर में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में तकनीकी खराबी आने से स्टार्ट नहीं हुई जिससे भीषण जाम लग गया। ये जाम टाटमिल चौराहा से अफीम कोठी तक पहुंच गया। इस दौरान जाम में कड़कती धूप में लोग परेशान रहे।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को सड़क पर उतरे डीसीपी

- शनिवार को शहर में होमगार्ड परीक्षा के चलते यातायात का दबाव बढ़ गया जिससे कई मार्गों पर जाम लगने लगा जिसकी जानकारी मिलते ही डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार दल बल के साथ सड़कों पर उतरे और यातायात को सुचारु रुप से संचालित कराया। पुलिस उपायुक्त ने घंटाघर चौराहा, बड़ा चौराहा, परेड चौराहा, चेतना चौराहा व सरसैया घाट चौराहा की ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक कराया।




अराजकता

सड़क तक लगतीं दुकानें, बाजारों के अंदर नहीं जा पाती दमकल, पाइप लाइन जोड़कर पहुंचते तो देर हो जाती

# शोलों पर बाजार, अतिक्रमण और व्यापारी हैं जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में प्रदेश स्तर की कई बाजारें हैं, जहां अरबों खरबों का कारोबार होता है लेकिन इन बाजारों को आग से बचाने का कोई इंतजाम नहीं है। अफसोसनाक पहलू ये है कि कई बाजारों जैसे कलक्टरगंज, किदवई नगर सब्जी मंडी, बगाही बाजार, हमराज कांपलेक्स जैसी बड़ी बाजारें आग से स्वाहा हो चुकी हैं लेकिन आग से बचाव के संसाधन दुरुस्त नहीं हुए।

अतिसंवेदनशील कहे जाने वाले कपड़ा बाजार जनरलगंज के अलावा बेकनगंज, पी रोड, बाकरगंज, गुमटी, गोविंदनगर समेत दर्जनों ऐसी बाजारें हैं, जहां आग से बचाव की कोई व्यवस्था नहीं है। अधिकतर बाजारों में दुकानदारों ने फुटपाथ किराये पर उठा दिए हैं इस कारण सड़क तक दुकानें लग रही हैं। जहां चाहा, लोग दुकान लगा लेते हैं। इतनी भी जगह नहीं छोड़ते हैं कि लोग बाजार के अंदर जा सकें। शाम के समय चौपहिया की छोड़ो, दोपहिया वाहन भी इन बाजारों में फंस जाते हैं। अतिक्रमण के कारण बाजार की सड़कें अति संकरी हो चुकी हैं और इसके चलते दमकल घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाती हैं। घटनास्थल से एक किमी दूर दमकल से पाइप लाइन जोड़कर ले जाना पड़ता है जिसमें काफी समय लगता है और बाजार जलकर खाक हो जाती है। शनिवार तड़के घाटमपुर में आग ने कहर बरपाया तो शहर में कार बाजार हर्षनगर, ब्रह्म नगर में आग ने विकराल रूप लिया। दोनों ही अग्निकांड में जान व माल का भारी नुकसान हुआ। एक दशक पूर्व किदवई नगर ओ ब्लाक सब्जी मंडी की आग तो पांच दिन के बाद बुझी थी। इसमें दो लोगों की मौत हुई थी और कानपुर के अलावा कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, उन्नाव, हमीरपुर, फतेहपुर तक की फायर गाड़ियों को मंगाना पड़ गया था। इसी प्रकार पिछले वर्ष कलक्टरगंज में भी जान व माल का भारी नुकसान हुआ था। कुछ माह पहले ही बाकरगंज बाजार भी आग के हवाले हो गयी थी। इन सभी घटनाओं में भारी नुकसान का कारण ये रहा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां इतनी तेज नहीं पहुंच सकीं जितना कि उन्हें पहुंचना चाहिये था। दो दिन पहले पी रोड में एक रेडीमेड का शो रूम खाक हो गया।



बाजार में सड़क तक लगीं दुकानें। अमृत विचार

### 90 प्रतिशत दुकानों में अग्निशमन यंत्र नहीं

- शहर की बाजारों में 90 प्रतिशत दुकानें ऐसी हैं जिनमें अग्निशमन यंत्र नहीं हैं, एक छोटा सा सिलेंडर रखने के बाद फायर विभाग ओके कर देता है कि यहां फायर सिस्टम लगा है। जरीब चौकी समेत कई ऐसी बाजारें हैं, जहां अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ, प्लाई, प्लास्टिक की बड़ी बाजार हैं लेकिन यहां ज्यादातर दुकानों पर फायर सिस्टम नहीं है या फिर छोटा का सिलेंडर लगा है। जनरलगंज में हजारों ट्रक कपड़ा भरा है, कलक्टरगंज में टट्टर की झोंपड़ियां हैं, हजारों टन अनाज भरा है, यहीं तेल की बिक्री भी होती है।

### अग्निशमन यंत्र कोई चलाना नहीं जानता

- दो दशक पूर्व सिविल लाइंस स्थित एक हॉल में आग लगी थी, वहां अग्निशमन यंत्र लगे थे लेकिन कोई उसे चलाना नहीं जानता था। हॉल के एक कर्मचारी ने अग्निशमन यंत्र को ऊपर की ओर मुंह करके खोलने की कोशिश की तो उसमें अचानक ढक्कन खुल गया जिससे युवक के सिर के चीथड़े उड़ गये थे। शहर में जहां कहीं अग्निशमन यंत्र लगे हैं, वहां शायद ही कोई ऐसा होगा जिसे अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया गया हो।

## सिटी ब्रीफ

### सागर मार्केट में लगी भीषण आग

**कानपुर।** माल रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक सागर मार्केट में देर रात भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग काबू पाने की कोशिश करती रहीं। शनिवार को देर रात सागर मार्केट के पीछे की ओर शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगी जिससे अफ़रा तफरी मच गई।

### सीएसजेएमयू में शिक्षिका बर्खास्त

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में शनिवार को एक महिला शिक्षिका को बर्खास्त (सेवा समाप्त) कर दिया गया। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर तैनात महिला प्रोफेसर पर उन पर उच्चाधिकारियों के साथ असम्मान जनक व्यवहार करने का आरोप था। उनके विरुद्ध कुलपति ने जांच कमेटी बनाई थी। रिपोर्ट आने के बाद यह कार्रवाई की गई। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में तैनात महिला प्रोफेसर की ओर से लगाए गए आरोप को कुलपति की ओर से बनाई गई आंतरिक कमेटी ने गलत पाए थे। कमेटी की सिफारिशों के आधार पर महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की सेवाआं को समाप्त कर दिया गया।

### लखनऊ के लिए भी एग्जाम एक्सप्रेस

**कानपुर।** होमगार्ड परीक्षा को देखते हुए सेंट्रल स्टेशन से सायं 7.05 बजे लखनऊ तक एग्जाम स्पेशल ट्रेन चलाई गई जिसमें 1600 से अधिक परीक्षार्थी थे। इसी प्रकार कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज जंक्शन सायं 6.25 बजे एग्जाम स्पेशल ट्रेन चलाई गयी। इस विशेष ट्रेन में लगभग 2500 परीक्षार्थी थे।

### गंगा नहाने गये तीन दोस्त डूबे, एक की मौत

**चकेरी।** कैंट में शनिवार शाम को गंगा नहाने गये तीन दोस्त डूब गये। दो युवकों को मौके पर मौजूद नाविकों ने बचा लिया। लेकिन एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को बाहर निकलवाया।

# मेहंदी लगाकर हज पर नहीं जाना, हो सकती मुश्किल

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- मदीना एयरपोर्ट पर होने वाली बायोमीट्रिक जांच प्रक्रिया में आ रही परेशानी
- सऊदी अरब में सिम कार्ड लेने व सक्रिय करने में होता बायोमीट्रिक सत्यापन

**अमृत विचार।** मेहंदी लगाकर महिलाएं हज यात्रा पर नहीं जाएं। खासतौर पर अंगुलियों और अंगूठे पर मेहंदी लगाने से बचें, वर्ना एयरपोर्ट पर होने वाली बायोमीट्रिक जांच में परेशानी खड़ी हो सकती है। यह भी संभव है कि फिंगर प्रिंट मैच नहीं करने पर आपको एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया जाए। इसको लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

हज यात्रा से जुड़े अधिकारियों के अनुसार कई बार मेहंदी त्वचा की ऊपरी परत पर गहराई तक असर डाल देती है। अधिक गहरा रंग अंगुलियों की सूक्ष्म रेखाओं को ढक लेता है, जिससे स्कैनर के लिए फिंगर प्रिंट पढ़ना मुश्किल हो जाता है। हज यात्रा के दौरान सऊदी अरब में सिम कार्ड खरीदने और उसे सक्रिय करने के लिए भी बायोमेट्रिक सत्यापन जरूरी होता है। ऐसे में अंगुलियों पर लगी गाढ़े रंग की मेहंदी से इस काम में भी दिक्कत आ सकती है। जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले मदीना एयरपोर्ट से चार ख्वातीन को इसलिए वापस कर दिया गया क्योंकि उनके हाथों में मेहंदी लगी थी और इमिग्रेशन में उनकी फिंगर प्रिंट मिस मैच हो गई थी। मेहंदी की परत से स्कैनर फिंगर प्रिंट नहीं पढ़ सका था।



| | |
|---|---|
| देश से कुल आजमीन | 1,75,025 |
| पुरुषों की संख्या | 61,665 |
| ख्वातीन की संख्या | 60,810 |
| यूपी से आजमीन | 17,065 |
| कानपुर से आजमीन | 668 |

### शहर से 331 ख्वातीन जाएंगी

- इस बार हज पर जाने वालों में ख्वातीन की संख्या काफी ज्यादा है। पूरे देश से 1 लाख, 75 हजार, 25 हज आजमीन जा रहे हैं, जिसमें 61,625 पुरुष एवं 60,810 ख्वातीन हैं। कानपुर से 668 हज आजमीन हज पर जाएंगे, जिनमें 331 ख्वातीन हैं।

# चुनाव का बुखार, स्पेशल ट्रेनें कम पड़ीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्श पर भी परिवार के साथ यात्रा करने में कोई दिक्कत नहीं
- पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां

**अमृत विचार।** वैसे तो देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चालू है लेकिन सबसे ज्यादा संवेदनशीनल पश्चिम बंगाल का चुनाव है जिसके लिए रेलवे ने कई विशेष ट्रेनें चलाई हैं ताकि जिसे वोट डालने के लिए जाना है, वह जा सकता है। यही कारण है कि स्पेशल ट्रेनों के फर्श भी फुल हैं, स्लीपर में तो आरक्षण नाम का है, जनरल कोचों से ज्यादा स्लीपर कोचों में भीड़ चल रही है।

पश्चिम बंगाल चुनाव का पहला चरण खत्म हो चुका है, दूसरा चरण 29 अप्रैल को है, इसके लिए कोलकाता की ओर जाने वाली ट्रेनें फुल चल रही हैं। बीते दिनों गाड़ी संख्या 01145 चुनाव स्पेशल 14 को संचालित की गई जबकि दूसरी गाड़ी 16 अप्रैल को लोकमान्य टर्मिनल से हावड़ा के लिए स्पेशल ट्रेन चलायी गयी।

### 10 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

- हावड़ा के लिए 10 से अधिक स्पेशल ट्रेनें अलग-अलग स्थानों से चलाई गई हैं इनमें रोज चलने वाली फेस्टिवल स्पेशल से लेकर हफ्ते में 1-3 दिन चलने वाली समर एवं चुनाव स्पेशल शामिल हैं।

### समर स्पेशल के नाम पर भी हावड़ा तक ट्रेन

- 04052/04051 नई दिल्ली-हावड़ा: 17 अप्रैल से 10 जुलाई 2026 तक हर शुक्रवार। कुल 12 फेरे
- 04092/04091 नई दिल्ली-हावड़ा: 11 जून से 20 जुलाई के बीच हर बुधवार-शनिवार। कुल 12 ट्रिप
- 03027/03028 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी: 2 अप्रैल से 7 मई के बीच हर बुधवार, 6 ट्रिप लगा रही है।

# सीएसजेएमयू में अब 15 मई तक कर सकेंगे आवेदन

## पहले 30 अप्रैल थी आवेदन की अंतिम तिथि, यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद अब प्रवेश की भागदौड़ हो गई तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। प्रवेश के लिए आवेदक अब 15 मई तक आवेदन कर सकेंगे। अभी यह तारीख 30 अप्रैल थी। यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद युवा विवि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवि में कई ऐसे भी कोर्स हैं जहां 50 फीसदी हासिल करने वालों को भी प्रवेश की संभावना है।

इस बार विश्वविद्यालय की ओर से कई नए कोर्स भी संचालित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया में 157 कोर्सों में मेरिट व साक्षात्कार के जरिये प्रवेश हो सकेगा। इनमें मेरिट बेस डायरेक्ट एडमिशन में पर्सनल इंटरव्यू व कुछ कोर्सों में ग्रुप डिस्कशन को शामिल किया गया है। इनमें बीएजेएमसी, एमएजेएमसी, पीजीडीजेएमसी, एमए एफएम, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी ऑनर्स लाइफ साइंस जैसे कोर्स भी शामिल हैं। इसी तरह बीएससी ऑनर्स फिजिक्स, बीएससी ऑनर्स केमिस्ट्री, बीएससी ऑनर्स मैथमेटिक्स, एमए इंग्लिश, एमए हिंदी, एमए संस्कृत, बैचलर ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, एमए म्यूजिक भी प्रवेश के लिए आसान माने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से बैचलर ऑफ़ परफॉर्मिंग आर्ट कथक, एम.ए. ज्योतिर्विज्ञान, पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र, पीजी डिप्लोमा इन कर्मकांड, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स पेंटिंग जैसे कोर्स भी करियर ओरिएंटेड माने जा रहे हैं। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स स्कल्पचर, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन आदि कोर्सों में प्रवेश मेरिट से होगा।




**175** कोर्सों में इस बार हो रहे आवेदन | **18** कोर्सों में प्रवेश परीक्षा जरिये होगा दाखिला

### विश्वविद्यालय परिसर एआई-सक्षम परिसर

- विश्वविद्यालय परिसर को एआई-सक्षम परिसर के रूप में विकसित किया जा रहा है। नए सत्र की शुरुआत से पहले इसे पूरी तरह से विकसित कर दिया जाएगा। इसे कैंपस एडवांसमेंट मिशन फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। इस मॉडल के तहत सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए एआई क्षमता निर्माण कार्यक्रम, विद्यार्थियों के लिए संस्थागत एआई टूल्स की उपलब्धता, शिक्षण एवं शोध में एआई-आधारित उपकरणों का उपयोग, प्रशासन एवं छात्र सेवाओं में एआई-आधारित प्रणालियां, एआई-आधारित संकाय अनुसंधान के लिए आंतरिक परियोजना वित्तपोषण, आधारभूत एआई अवसंरचना (जीपीयू सर्वर, वर्कस्टेशन) का विकास तथा उत्तरदायी एवं नैतिक एआई उपयोग के लिए नीति एवं दिशा-निर्देश भी लागू किये जा रहे हैं।

### 45 फीसदी अंक वालों को भी मौका

- सीएसजेएमयू में कई ऐसे कोर्स हैं जहां पर परीक्षा में 45 फीसदी तक अंक लाने वाले युवा भी प्रवेश हासिल कर सकते हैं। इन कोर्स में बीटेक इन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग है। यह एआईसीटीई से मान्यता है। इस कोर्स में पीसीएम अनिवार्य है। इसी तरह बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग भी इस विकल्प में शामिल है। बीटेक इन इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के लिए भी इंटर पास युवा आवेदन कर सकते हैं। इंटर पास युवा बीटेक इन कैमिकल इंजीनियरिंग के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए भी 45 फीसदी कम से कम अंक प्रतिशत होना चाहिए। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक के लिए भी विश्वविद्यालय की ओर से न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटर में 45 फीसदी अंक निर्धारित है।

### 40 फीसदी के लिए भी अवसर

- विश्वविद्यालय की ओर से कई ऐसे कोर्स भी हैं जहां पर आवेदन करने के लिए कटऑफ को 40 फीसदी रखा गया है। इनमें बीएससी बायोटेक्नोलोजी, बीएससी बायलॉजिकल साइंस, बीएससी लाइफ साइंस, बीएससी इंटीग्रेटेड बॉयोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्स शामिल हैं।

### 50 फीसदी से कम में प्रवेश नहीं

- सीएसजेएमयू में कई कोर्स ऐसे भी हैं जहां पर प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता इंटर में 50 फीसदी रखी गई है। इनमें बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बीएससी एमएलटी, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री, बीएमआरआईटी, बीएससी इन मेडिकल माइक्रोबायलॉजी, बीएससी इन एचएन शामिल हैं।

### इंटर पास के लिए विकल्प

- ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने सिर्फ इंटर पास किया है वे भी कई कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनमें बीए हिंदी, बीए हॉलर्स व बीए हॉनर्स विथ रिसर्च शामिल हैं।

### एलएलबी के लिए 50 फीसदी

- सीएसजेएमयू के अटल बिहारी वाजपेई स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 50 फीसदी रखी गई है। यहां पर संचालित कोर्स में बीएएलएलबी, बीबीए एलएलबी दो कोर्स शामिल हैं।

### कला के क्षेत्र में भविष्य

- सीएसजेएमएयू में संचालित स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट के डिपार्टमेंट ऑफ फाइन आर्ट में भी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट स्क्लप्चर जैसे अन्य कोर्स संचालित हैं।

## संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में आवेदन 30 अप्रैल तक

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के सरकारी, अनुदानित और निजी महाविद्यालयों में शिक्षक बनने के लिए संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा (सत्र 2026-27) की आवेदन प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इस वर्ष प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी को सौंपी गई है।

ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसी बीच छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के शिक्षा विभाग ने एक विशेष पहल की है।

प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए अभ्यर्थियों को यहां पर निशुल्क मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जा रही है।

विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, त्रुटि सुधार या मार्गदर्शन के लिए कोई भी अभ्यर्थी सीधे विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से संपर्क कर सकता है।



प्रभु के विग्रह को दुग्ध स्नान कराया गया। अमृत विचार

# माता सीता का जीवन, त्याग और समर्पण की कथा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इस्कॉन मंदिर में सीता नवमी के आयोजन में हरीनाम संकीर्तन

**अमृत विचार।** मैनावती मार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर में शनिवार को सीता नवमी का आयोजन किया गया। श्रद्धालु मंगला आरती से ही मंदिर पहुंचने लगे। कार्यक्रम में जगत जननी माता सीता और प्रभु श्रीराम के विग्रहों को रत्नजड़ित पोशाक और सुगंधित चंदन से अलंकृत किया गया। सुबह 8 बजे वंशी वदन प्रभु ने माता सीता के जीवन, त्याग और समर्पण पर आधारित कथा सुनाई। इसके बाद 108 चांदी के कलशों से पंचगव्य, फलरस व दिव्य सामग्रियों से श्रीराम और माता सीता का महाभिषेक किया गया। भक्तों नेश्री राम लक्ष्मण जानकी जय जय श्री हनुमान जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसी अवसर पर 21 दिवसीय चंदन यात्रा महोत्सव की भी शुरुआत की गई, जिसमें ग्रीष्म ऋतु में भगवान श्रीकृष्ण के विग्रहों को चंदन सेवा अर्पित की जाएगी।

### एकता मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों को मिली बधाइयां

**कानपुर।** एकता मेमोरियल इंटर कॉलेज जरौली फेस वन के छात्र- छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल की छात्रा शुभी सिंह ने 91.5 प्रतिशत, आयुष कुमार ने 90.16, स्वाति शर्मा ने 83.5 और रीतिका गौतम ने 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी तरह इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका ने 81.6 प्रतिशत, श्याम सुंदर चौधरी ने 80.6, शिवाकुमार ने 79.8 और अनुराग दीक्षित ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मान बढ़ाया। विद्यालय प्रधानाचार्य और प्रबंधन ने छात्र- छात्राओं को बधाई दी।



एकता मेमोरियल के सफल बच्चे। अमृत विचार

### वृक्ष हैं धरा के भूषण




नारायणा मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा शनिवार को पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण किया गया। चिकित्सकों के साथ ही छात्र- छात्राओं ने भी पौधारोपण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. मनजीत, डॉ. मुक्ता, डॉ. संध्या, डॉ. आराधना उपस्थित रहीं। ● अमृत विचार


## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)
क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर
भविष्य निधि भवन, सर्वोदय नगर कानपुर- 208005
दूरभाष: 0512-2217464, ई मेल: ro.kanpur@epfindia.gov.in,
वेबसाइट: www.epfindia.gov.in

पत्रांक-96/क.भ.नि.सं./क्षे.का./कानपुर/प्रेस विज्ञप्ति/2026-27/ दिनांक-24.04.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम का आयोजन**

विदित है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निजी, संगठित, असंगठित /क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों / कर्मचारियों एवं पेंशनरो की समस्याओं के निराकरण करने के लिए प्रत्येक माह की 27 तारीख को (अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवसों में) निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के रूप में शुरू किया गया है।

इस हेतु दिनांक 27 अप्रैल 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 15 जिलों (औरैया, बाँदा, चित्रकूट, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, झाँसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, ललितपुर, महोबा एवं उन्नाव) में क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की 15 टीमें निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन करेंगी, जहां पर उन क्षेत्रों में निवास करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगी। इस आयोजन में **प्रधान मंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY), निष्क्रीय खाते, उपभोक्ता फोरम प्रकरण एवं कर्मचारी नामांकन अभियान (EEC), 2025** की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी एवं APP के माध्यम से **स्वयं जीवन प्रमाण करना** भी बताया जायेगा। जिलेवार **''निधि आपके निकट 2.0''** प्रोग्राम के स्थल निम्न प्रकार हैं:-

| जिला | आयोजन स्थल के नाम | नोडल अधिकारी का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| औरैया | पंडित बाबू राम पांडे अकादमी, औरैया रोड, दिबियापुर, औरैया | श्री अभिनव कुमार सिंह | 8437342686 |
| बांदा | संत तुलसी पब्लिक स्कूल, इंदिरा नगर, बांदा | श्री अतुल चौहान | 7896077511 |
| चित्रकूट | जिला स्वास्थ्य समिति, सी.एम.ओ. ऑफिस, चित्रकूट | श्री श्वेत कमल यादव | 9643754550 |
| इटावा | यूपीएसआरटीसी, इटावा डिपो, इटावा | श्री राजेश कुमार सोनकर | 7007717625 |
| फर्रुखाबाद | गुप्ता ऑटो डीलर्स, बरहपुर, फर्रुखाबाद | श्री राजेश कुमार मिश्रा | 9454031217 |
| फतेहपुर | सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, वीआईपी रोड, फ़तेहपुर | श्री सर्वेश्वर सिंह | 9651466795 |
| हमीरपुर | मैसर्स श्रीराम कृष्ण महाविद्यालय, कुरारा, हमीरपुर | श्री संतराम | 9451422743 |
| जालौन | विकास भवन उरई, कक्ष संख्या-36, जालौन | श्रीमती रेनू नेगी | 9935318776 |
| झांसी | मैसर्स डायमंड सीमेंट्स, मडोरा, बचौली खुर्द, झाँसी | श्री अजय कुशवाहा | 9161929448 |
| कन्नौज | नगर पालिका, गुरुसहाय गंज, कन्नौज | श्री चन्द्र शेखर सिंह | 6386066022 |
| कानपुर देहात | मैसर्स फ्रंटियर स्प्रिंग्स लिमिटेड, 25/4, कालपी रोड, रनिया, कानपुर देहात | श्रीमती वंदना पाण्डेय | 8009425395 |
| कानपुर नगर | गुरु नानक पब्लिक स्कूल, बिठूर रोड, कल्याणपुर, कानपुर नगर | श्री संजय कुमार निगम | 9839027917 |
| ललितपुर | मैसर्स सोसाइटी फॉर प्रगति भारत, सिविल लाइन्स, ललितपुर | श्री प्रखर पुरवार | 9617521403 |
| महोबा | सी.डी.ओ. कार्यालय, महोबा | श्री नीतिश राय | 8512878760 |
| उन्नाव | सुपरहाउस लिमिटेड, शू डिवीज़न, डी-15, साइट नंबर-2, इंडस्ट्रियल एरिया, उन्नाव | श्री महेश कुमार चौधरी | 9956558771 |

अतः कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सभी सदस्यों, पेंशनरो, नियोक्ताओं से अनुरोध है कि वह अपने जिले में आयोजित होने वाली निथि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं एवं किसी व्यक्ति के नियोक्ता/कंपनी/ठेकेदार/विभाग के द्वारा यदि पी.एफ. अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा रहा है तो वह उसकी शिकायत भी कर सकता है।

(कुमार अभिषेक)
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-II


**अनदेखी** | गर्मी आते ही प्राइवेट एसी बसों में कोई सीट खाली नहीं

# झकरकटी बस अड्डा रेगिस्तान, बसें तंदूर के समान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अन्तर्राज्यीय बस स्टेशन पर टिन शेड तक नहीं

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसा नहीं है कि परिवहन विभाग के पास एसी बसें नहीं हैं लेकिन यात्रियों की संख्या को देखते हुए ये बसें ऊंट के मुंह में जीरा से ज्यादा कुछ नहीं हैं। यही कारण है कि जितनी तेजी के साथ प्राइवेट बसों की संख्या में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से परिवहन के पास अपनी बसें कम होती जा रही हैं और बसों को किराये पर लेकर चलाने पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि ये बसें घाटे में चल रही हैं। उधर शहीद मेजर सलमान खान झकरकटी बस अड्डा रेत की तरह तप रहा है क्योंकि यहां कोई टिनशेड नहीं है और इसी रेगिस्तान नुमा बस अड्डे पर कड़कती धूप में साधारण बसें खड़ी होती हैं, तंदूरनुमा इन बसों में सफर करना अपने को बीमार करने से कम नहीं है।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन कानपुर परिक्षेत्र में विकास नगर डिपो में एसी बसों का रखरखाव अधिक है, इसमें ज्यादातर बसें इतनी भीषण गर्मी में भी ठीक नहीं हो सकी है, जो बसें रुट पर जाती हैं, वह भी खराब हो जाती हैं जिससे आएदिन यात्रियों और चालक परिचालकों झगड़ा हो रहा है। एसी बसों के मेंटीनेंस के लिए बीते दिनों चालक एवं परिचालकों ने विकास नगर डिपो में विरोध भी जताया था लेकिन उसके बाद भी एसी बसें पूरी तरह नहीं रुट पर जा रही। परिवहन के बसों की हालत ये है कि लंबी दूरी का सफर करने में हालत खराब हो जाए। वहीं दूसरी जानिब प्राइवेट बसों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, कानपुर में पहले फजलगंज क्षेत्र में प्राइवेट बसों का हब होता था लेकिन अब ये हब फजलगंज से बढ़कर रामादेवी, बारादेवी, झकरकटी, पनकी, रावतपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों तक फैल गया है। ये प्राइवेट लक्जरी एसी बसें सुविधायुक्त हैं जो कानपुर से जयपुर, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, बालाजी, गोरखपुर, बिहार, सोनौली समेत देश के विभिन्न कोनों तक दौड़ रही हैं। इन बसों की हालत ये है कि ये अपने समय से चलती हैं और इनमें कभी सीट खाली नहीं मिलती, कभी कभी एक एक सप्ताह पहले आरक्षण कराना पड़ता है।



झकरकटी बस अड्डे पर धूप में खड़ी बसें। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### 6 किलो गांजा के साथ दो तस्कर पकड़े गए

**उन्नाव, अमृत विचार।** वाहन चेकिंग में सदर कोतवाली पुलिस ने दो शातिर तस्करों को मादक पदार्थ के साथ पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास 6 किलो गांजा मिला। बाइक सीज कर पुलिस ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। कोतवाली में हुई पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अमर सिंह (35) निवासी कांशीराम कॉलोनी व अशोक (38) निवासी उम्मीदों का शहर सदर कोतवाली बताया। सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि आरोपी अशोक का आपराधिक इतिहास है। तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीज कर दोनों को जेल भेजा गया है।

### धैर्य व दृढ़ संकल्प से ही मिलता है ईश्वर का सानिध्य : नीरज



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के लोनारपुर स्थित सिद्धपीठ माता भुवनेश्वरी मंदिर में आयोजित विष्णु महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ने भक्त ध्रुव व प्रह्लाद के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से श्रेष्ठ होता है। यदि संकल्प दृढ़ हो तो विपरीत परिस्थितियां भी बाधा नहीं बनतीं। कथा व्यास ने बताया कि बालक ध्रुव की भक्ति सिद्ध करती है कि ईश्वर को पाने के लिए उम्र का बंधन नहीं होता। बचपन कच्ची मिट्टी की तरह है जिसे संस्कारों से श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। उन्होंने माता सुनीति के धैर्य की सराहना कर कहा कि परिवार को बचाने के लिए संयम अनिवार्य है। इस अवसर पर यज्ञाचार्य अरविंद द्विवेदी, शिवम द्विवेदी, विनय तिवारी, धर्मेंद्र ,कृपाशंकर अवस्थी, राजेश शुक्ल, विवेक पांडेय आदि उपस्थित रहें।

### ट्रंप के बयान के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी में प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ट्रंप का पुतला फूंका और नारेबाजी की। मयंक बाजपेयी ने कहा कि ट्रंप लगातार भारत का अपमान कर रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में ट्रंप ने भारत को नरक कहा, जो बेहद आपत्तिजनक है।

# 1412 अभ्यर्थियों ने छोड़ी होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## डीएम और एसपी केंद्रों पर जाकर होमगार्ड परीक्षा का लेते रहे जायजा

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार को होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा भारी सुरक्षा व्यवस्था बीच सकुशल संपन्न हुई। 9 केंद्रों पर 2 पालियों में आयोजित परीक्षा में 3484 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 1412 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। होमगार्ड भर्ती परीक्षा को पारदर्शिता व शुचिता से संपन्न कराने के लिए शनिवार को परीक्षा के पहले दिन डीएम घनश्याम मीना व एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

इस दौरान डीएम सबसे पहले अटल बिहारी इंटर कॉलेज पहुंचे। फिर उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोती नगर, राजकीय इंटर कॉलेज चमरौली व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का दौरा किया। डीएम ने केंद्रों पर बने कंट्रोल रूम जाकर सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली देखी और निर्देश दिये कि हर एक गतिविधि की रिकॉर्डिंग व लाइव मॉनिटरिंग में कोई चूक न हो। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति व शांतिपूर्ण माहौल का भी अवलोकन किया। वहां मौजूद स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि होमगार्ड परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि कोई भी संदिग्ध गतिविधि या लापरवाही मिली तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने केंद्रों पर तैनात फोर्स को सतर्क रहने व केंद्र के बाहर भीड़ जमा न होने देने के निर्देश दिए।



परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की होती चेकिंग। अमृत विचार



केंद्र का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

### जिले में बनाए गए हैं नौ परीक्षा केंद्र

**उन्नाव, अमृत विचार।** होमगार्ड परीक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के लिए 9 केंद्र बनाए गए थे। इनमें शुक्लागंज स्थित ओपीजेडी विद्यालय भी केंद्र बना था। इससे क्षेत्रीय अभ्यर्थियों को काफी सहूलियत हुई। परीक्षा 2 पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक हुई। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, दोनों पालियों में कुल 4896 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। लेकिन किन्ही कारणों से 1412 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अंततः 3484 परीक्षार्थियों ने ही उपस्थिति दर्ज कराई। निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने को जिला प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। हर केंद्र पर जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे। सभी केंद्रों के कमरों में सीसीटीवी लगे थे। जिनकी लाइव मॉनिटरिंग हो रही थी। केंद्र के भीतर व बाहर भारी फोर्स तैनात रहा। उड़नदस्ते लगातार गश्त करते रहे। स्थानीय थाना पुलिस को भी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त व सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिए गए थे। जिससे पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई।



ओपीजेडी केन्द्र के बाहर परीक्षार्थियों की होती चेकिंग। अमृत विचार

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न एएसपी और सीओ ने किया निरीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा के तहत राजधानी मार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल संपन्न कराई गई। परीक्षा को लेकर सुबह से ही केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह द्वारा की गई। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें 240 अभ्यर्थियों में से 61 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें 240 में से 64 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव ने भी केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगामी दिन भी इसी केंद्र पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



शुक्लागंज स्थित ओपीजेडी विद्यालय में अभ्यर्थियों की चेकिंग करते कर्मचारी।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान युवती की बिगड़ी तबीयत, सीएचसी में भर्ती



सीएचसी में युवती का होता इलाज।

**उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित राजकीय इंटर कालेज चमरौली में होमगार्ड भर्ती की पहली पाली की परीक्षा चल रही थी। तभी हरदोई जिले के पिहानी थानाक्षेत्र के गांव भेठुआ निवासी प्रज्ञा (23) पुत्री अमर जीत की तबीयत अचानक खराब हो गई। प्रज्ञा ने बताया कि पेपर हल करते समय उसे अचानक तेज कंपकपी व घबराहट हुई। उसने तुरंत कक्ष निरीक्षक को इसकी जानकारी दी। केंद्र प्रशासन ने तत्काल उसके पिता से संपर्क कर उसे एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी भेजा।

## सूर्यदेव के तेवर हुए और तल्ख, 43 डिग्री तापमान ने लोगों को झुलसाया

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में अब भी भीषण गर्मी का सितम शुरू हो गया है। शनिवार को सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने जनजीवन को बुरी तरह झकझोर दिया। सुबह 9 बजे से ही धूप इतनी तल्ख हो गई कि लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया। आलम यह रहा कि दोपहर होते-होते जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गर्मी का सबसे अधिक असर शहर की व्यस्त सड़कों पर दिखा। अमूमन भीड़भाड़ से भरे रहने वाले गांधी नगर तिराहा, आइबीपी, बड़ा चौराहा व धवन रोड में दोपहर में सन्नाटा पसरा रहा। लोग धूप व हीट स्ट्रोक के डर से घरों व दफ्तरों में दुबके रहे। सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आए। जो सिर पर गमछा, छाता या दुपट्टा ओढ़कर खुद को धूप से बचाने का प्रयास कर रहे थे। बढ़ते तापमान के साथ चल रही गर्म पछुआ हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बाइक सवारों व पैदल चलने वालों को गर्म हवा के थपेड़ों से शरीर झुलसने का अहसास हो रहा है। राहत पाने के लिए राहगीर पेड़ों की छांव तलाशते दिखे। बाजारों में शीतल पेय पदार्थों, गन्ने के रस व तरबूज की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई। लेकिन दोपहर की प्रचंड तपिश ने वहां भी लोगों की संख्या कम कर दी। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई संकेत नहीं हैं। चेतावनी दी गई है कि अगले 3 दिनों में तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक का और उछाल आ सकता है। बढ़ती गर्मी देख स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी लोगों को अलर्ट किया है। डॉक्टरों का कहना है कि लोग खाली पेट घर से बाहर न निकलें और पानी अधिक से अधिक पियें। बच्चों व बुजुर्गों को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक सीधी धूप से बचने की सलाह दी है। ताकि वे हीट स्ट्रोक व डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं की चपेट में न आएं।



गमछा ओढ़कर गर्मी से बचाव करते छात्र।

संस्कृत विद्यालयों का परीक्षा परिणाम घोषित

## प्राची, प्रियंका जिला टॉप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही मेधावियों के चेहरे खिल उठे। हाईस्कूल में प्राची शर्मा व इंटर में प्रियंका ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। हाईस्कूल (पूर्व मध्यमा) के परिणामों में संस्कृत महाविद्यालय मौरावां की छात्रा प्राची शर्मा ने 79.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सूची में प्रथम स्थान पाया। वहीं, श्री राम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय देवारा कला की शालिनी 73.57 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे व श्री कृष्णा भूषण वेद वेदांग विद्यालय बॉगरमऊ के आदित्य यादव 73.14 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इंटर उत्तर मध्यमा की परीक्षा में श्री झाण्डेश्वर सामवेद सं. मा. वि. बडौरा का शानदार प्रदर्शन रहा। यहां की छात्रा प्रियंका ने 69.25 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान पाया। जबकि इसी विद्यालय के सूरज विश्वकर्मा 68.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। संस्कृत महाविद्यालय मौरावां की सीमा ने 67.50 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।



प्रियंका।



सूरज कुमार।



प्राची वर्मा।



शालिनी।

- छात्राओं ने एक बार फिर मनवाया प्रतिभा का लोहा

### यह रहे हाईस्कूल के टॉपर

| नाम | प्रतिशत | विद्यालय |
|---|---|---|
| प्राची शर्मा | 79.57 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| शालिनी | 73.57 | श्री राम संस्कृत माध्यमिक वि. देवारा कला |
| आदित्य यादव | 73.14 | श्री कृष्णा भूषण वेद वेदांग विद्यालय बॉगरमऊ |
| उमंग | 71.57 | शिव प्रसाद पाण्डेय सं. मा. वि. कलक्टरगंज |
| रमन तिवारी | 70.86 | श्री राम संस्कृत माध्यमिक वि. देवारा कला |
| विनीत सिंह | 70.71 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| गुलाम वजीर | 70.29 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| रंजना तिवारी | 68.29 | शिव प्रसाद पांडेय सं. मा. वि. कलक्टरगंज |
| ज्योति गुप्ता | 67.57 | श्री झाण्डेश्वर सामवेद सं. मा. वि. बडौरा |
| अवधेश शुक्ला | 67.29 | श्री सीताराम जयराम एंग्लो सं. मा. वि. सुमेरपुर |

### इंटर मीडिएट के टॉपर

| नाम | प्रतिशत | विद्यालय |
|---|---|---|
| प्रियंका | 69.25 | श्री झाण्डेश्वर सामवेद सं. मा. वि. बडौरा |
| सूरज विश्वकर्मा | 68.50 | श्री झाण्डेश्वर सामवेद सं. मा. वि. बडौरा |
| सीमा | 67.50 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| हर्षित बाजपेई | 67.08 | शिव प्रसाद पांडेय सं. मा. वि. कलक्टरगंज |
| नागेश सिंह | 65.83 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| दिवाकर शुक्ला | 64.42 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| आयुष शुक्ला | 63.92 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |
| राजकुमारी | 62.58 | श्री सीताराम जयराम एंग्लो सं. मा. वि. सुमेरपुर |
| दिव्यांशु त्रिवेदी | 62.50 | श्री राम संस्कृत माध्यमिक वि. देवारा कला |
| शुभम | 58.50 | संस्कृत महाविद्यालय मौरावां |

## एनसीसी ज्वाइन करने को उमड़े छात्र

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को एनसीसी कैडेट एनरोलमेंट को लेकर छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह दिखा।

एयर फोर्स की 3 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कानपुर से पहुंचे कॉर्पोरल लवकुश व कॉर्पोरल राजू कुमार ने कक्षा 8 व 9 के विद्यार्थियों को ड्रिल का प्रशिक्षण दिया और एनसीसी के महत्व व विशेषताओं की जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अजय त्रिवेदी ने बताया कि एनसीसी ज्वाइन करने से छात्रों का भविष्य उज्ज्वल होता है और राष्ट्र सेवा के साथ रक्षा मंत्रालय में करियर के बेहतर अवसर मिलते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आह्वान किया। एनसीसी भर्ती प्रक्रिया को सफल बनाने में विद्यालय के एएनओ मुकेश कुमार की भूमिका रही।



अंबिका स्कूल में एनसीसी ज्वाइन के लिये खड़े बच्चे। अमृत विचार

- अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

### महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव में सड़क हादसे में घायल वृद्धा की मौत के बाद शनिवार को परिजनों ने हादसे को हत्या बता लोडर चालक के विरुद्ध धाराएं बढ़ाने की मांग की और शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। घंटों चले हंगामे के बाद सीओ के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। चमरौली गांव के मजरा थान खेड़ा निवासी मथुरा की पत्नी नन्हकी देवी गुरुवार सुबह 9 बजे चक्की से आटा लेने जा रही थी। तभी अनियंत्रित लोडर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। घायल वृद्धा को पहले कानपुर के हैलेट फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार देररात उसकी मौत हो गई।

## दयानंद में मेधावी छात्रों का सम्मान



विक्ट्री चिन्ह दिखाते दयानंद के बच्चे।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में कक्षा 10 व 12 के मेधावियों के सम्मान में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन व स्वागत गीत से हुआ। हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार व नगर का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उन्नाव नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानु ने कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिलती है। विद्यालय प्रबंधक सुधा तिवारी ने विद्यार्थियों को संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य संतोष तिवारी ने कहा कि शिक्षा केवल अंक नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है। संचालन अभिषेक तिवारी, शुभम तिवारी व सुधीर सिंह ने किया। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### यूपीएस भानपुर में मना बैग लेस-डे

**उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज विकासखंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर में प्रकृति का सानिध्य गतिविधि का आयोजन हुआ। विद्यालय के इको क्लब सदस्यों से पहले अपनी पोषण वाटिका व स्वयं लगाए पौधों और क्यारियों की देखभाल की। फिर छात्रों ने विद्यालय की वनस्पति का सर्वे किया। उन्होंने सभी आसपास के पेड़ पौधों की सूची बनाते हुए पेड़ की छांव में बैठकर औषधीय पौधें से लाभ के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्रों ने अपने लगाए पेड़ों से जुड़े क्यूआर कोड को स्कैन करने की प्रक्रिया कर पेड़ का वैज्ञानिक नाम तथा उसके लाभ को जाना।

समस्या | चौड़ीकरण और जलभराव के दोहरे संकट से जनता बेहाल

## शहर का बड़ा चौराहा नहीं यह मुसीबत का चौराहा है साहब!

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर का हृदय स्थल कहा जाने वाला बड़ा चौराहा इन दिनों आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुका है। एक ओर जल निगम की लापरवाही और दूसरी ओर प्रशासन की सुस्ती ने राहगीरों व स्थानीय दुकानदारों का जीना मुहाल कर दिया है। चौड़ीकरण के नाम पर खोदे गए गड्ढे व अब सड़क पर बहते गंदे पानी ने दावों की पोल खोल कर रख दी है।

बता दें कि बड़ा चौराहा पर इस समय सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जल निगम द्वारा पाइप लाइनों को अंडर ग्राउंड करने के लिए दो स्थानों पर गहरे गड्ढे खोदे गए हैं। इससे एक लेन पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित है। सारा भार दूसरी लेन पर होने से सुबह से शाम तक भीषण जाम लग रहा है। मुसीबत यहीं खत्म नहीं हुई। गुरुवार को दूसरी चालू लेन पर कचौड़ी गली के पास एक टैंक ओवरफ्लो हो गया। टैंक से निकला गंदा पानी पूरी सड़क व गली में फैल गया। जिससे स्थिति नारकीय हो गई। चिलचिलाती धूप व उमस के बीच जाम में फंसे लोग अब बदबूदार व गंदे पानी के बीच गुजरने को मजबूर हैं। पैदल यात्रियों के लिए तो अब यहां से निकलना नामुमकिन सा हो गया है। जाम में फंसे नागरिकों व वाहन चालकों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लोगों ने कहा कि प्रशासन व कार्यदायी संस्थाओं के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा जनता भुगत रही है। लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि प्रशासन की लापरवाही ने बड़ा चौराहा को अब मुसीबत का चौराहा बना दिया है। भीषण गर्मी में घंटों जाम में फंसने व जलभराव से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। सवाल यह है कि जब एक लेन पहले से बंद थी, तो दूसरी लेन पर ड्रेनेज और टैंक की सफाई का उचित प्रबंध क्यों नहीं किया गया।





बड़ा चौराहा पर लगा भीषण जाम व मुख्य मार्ग पर भरे पानी से फांदकर निकलता युवक व महिला। अमृत विचार

## सीएचसी में पहली बार हुआ सफल सिजेरियन प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार।** सीएचसी में शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन की देखरेख में डॉक्टरों की टीम ने एक ऑपरेशन (सिजेरियन) के जरिए सुरक्षित प्रसव कराया। इस सफलता से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।

हसनगंज क्षेत्र के रसूलाबाद निवासी 24 वर्षीय खुशबू पत्नी राजकुमार को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि स्थिति जटिल है और सामान्य प्रसव संभव नहीं है। जोखिम देख डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन (सीजेरियन) करने का निर्णय लिया। समय रहते हुई इस त्वरित कार्रवाई से ऑपरेशन सफल रहा और महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इस जटिल ऑपरेशन को विशेषज्ञों की एक संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इसमें डॉ. अखिलेश विक्रम सिंह, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. जीतेन्द्र, ओटी टेक्नीशियन सरवन व सुधीर व स्टाफ नर्स सुमन प्रभा। सीएचसी प्रभारी डॉ. नितिन ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय जनता को उनके घर के पास ही बेहतर व विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



आपरेशन करने वाली टीम के साथ जच्चा-बच्चा व परिजन। अमृत विचार



'तुलसी' सब छल छांड़िकै, कीजै राम-सनेह
अंतर पति सों है कहा, जिन देखी सब देह

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं, सब छल-कपटों को छोड़ कर भगवान की सच्चे दिल से भक्ति करो। जैसे पति अपनी पत्नी के सारे शरीर के रहस्यों को जानता है, वैसे ही प्रभु सारे जीवों के सब कर्मों को जानता है।

# सिर्फ नंबर नहीं, समग्र विकास पर हो शिक्षा का ध्यान

ज्ञान से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा। भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या-क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, 'हे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्ण काल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े-पढ़ाए जाते थे।

> नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है।

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है। संप्रति शिक्षा-नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है।

विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा एक से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू एक केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है, लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित करता है। इसी के परिणाम इसी सप्ताह घोषित हुए थे। लड़कियों ने लड़कों की अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिन बेटियों को अच्छे अंक मिले हैं, उन्हें बधाई। उनके परिजनों को बधाई। उनके गुरुजनों को बधाई। अभी कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के परिणाम आने वाले हैं। एमपी बोर्ड के नतीजे पहले ही आ चुके हैं।

ज्यादा अंक पाने वाले परीक्षार्थियों के घरों में भी इस बात का तनाव है कि उन्हें और अधिक नंबर क्यों नहीं मिले। मेरी अपनी पढ़ाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय से हुई है। तब परीक्षाफल घोषित होने के दिन उल्लास होता था। कुछ फेल होते थे कुछ पास, लेकिन शैक्षिक वातावरण तनावपूर्ण नहीं होता था। इधर 20-25 वर्षों में जो उत्तीर्ण हैं, वे भी रुआंसे हैं कि और अधिक अंक क्यों नहीं मिले। जो फेल हो गए हैं, उनके घर वाले सारा दोष बच्चों पर ही डाल रहे हैं।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव बढ़ता है, इसलिए विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। समय पर सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। केवल पारंपरिक पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। आईटी, उद्यमिता और कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण जरूरी है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे। मूल्य शिक्षा से विद्यार्थियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होगी।

भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैदिक काल में शिक्षा जीवन से जुड़ी थी। वेद और उपनिषदों में ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का समन्वय मिलता है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय विश्व में प्रसिद्ध थे। यहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध गहरा होता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी था।

मुगल काल और अंग्रेजी शासन के दौरान इस स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिला। पारंपरिक संस्थाएं कमजोर हुईं। हमारी मूल ज्ञान परंपरा प्रभावित हुई। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इस समृद्ध परंपरा के श्रेष्ठ तत्वों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ें। इससे आने वाली पीढ़ी मजबूत, संस्कारित और आत्मनिर्भर बन सकेगी।

अकेले विद्यार्थी ही परीक्षा परिणामों के लिए दोषी नहीं होते। उनकी सफलता या असफलता में आचार्य का भी श्रम अंतर्निहित होता है। इस वर्ष के परिणामों में जहां एक ओर विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जो शैक्षिक असमानता है, उसे कम करना समय की मांग है। इसके लिए आवश्यक है कि संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए और डिजिटल शिक्षा के माध्यमों को हर छात्र तक पहुंचाया जाए।

घर परिवार के लोग भी उचित वातावरण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समाज भी व्यापक प्रभाव डालता है। संस्कृति और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले पाठ्यक्रम को भी इस जिम्मेदारी में सम्मिलित किया जाना चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि बच्चों को मिले अंक और तनाव की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी रुचियों को समझना अधिक आवश्यक है।

हर विद्यार्थी की क्षमता अलग होती है, और उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन मिलना चाहिए। असफलता को भी सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना हमारी शिक्षा संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। चुनौती बड़ी है। टीवी खोलो तो युद्ध का धुआं है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जैव विविधता पर संकट है। ग्लोबल वार्मिंग हैं। सारा वातावरण बच्चों को अवसाद की ओर ले जाता है, इसलिए सारा दोष बच्चों पर ही डालना उचित नहीं है। यह विषय गंभीर महत्व का है। इस पर चिंतन होना चाहिए। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# घुमंतू व वंचित समुदायों में शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम

भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती है कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, लेकिन घुमंतू समुदायों के बच्चों में यह दर कई क्षेत्रों में 60 से 70 प्रतिशत तक ही सीमित रह जाती है। वहीं ड्रॉपआउट दर सामान्य आबादी में जहां माध्यमिक स्तर पर लगभग 12–15 प्रतिशत है, वहीं घुमंतू और प्रवासी परिवारों में यह 40 प्रतिशत से भी अधिक पाई जाती है।



निकिता
एक्टिविस्ट

इनकी भूमि के पट्टे आज भी कागजों और अदालतों में उलझे हुए हैं। इस अस्थिरता के कारण लोग अपने घर, भविष्य और बच्चों की शिक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो पाते हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रवासी और घुमंतू परिवारों के लगभग 30 प्रतिशत बच्चों के पास बुनियादी पहचान के दस्तावेज नहीं होते, जिससे उनका स्कूल में नामांकन बाधित होता है।

पलायन और घुमंतू समुदाय की सबसे बड़ी समस्या उनकी पहचान की होती है। स्थाई निवास नहीं होने के कारण, उनके बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र, आधार या जाति प्रमाण पत्र नहीं होते, जिससे वे सरकारी योजनाओं और स्कूलों में प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। बाबा रामदेव नगर बस्ती में भी यही स्थिति देखने को मिलती है, जिसकी वजह से यहां के अधिकतर बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। इसके अलावा, शिक्षा के ढांचे की कमी भी एक बड़ी समस्या है।

> भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती हैं कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक ही पहुंच सकी है।

आर्थिक तंगी भी शिक्षा में एक बड़ी बाधा है। कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना ही चुनौती है, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन जाता है। बच्चों, खासकर लड़कियों, को घर के कामों और मजदूरी में लगना पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में बाल मजदूरी की समस्या का एक बड़ा हिस्सा प्रवासी और घुमंतू परिवारों से आता है, जहां लगभग 10 मिलियन बच्चे किसी न किसी रूप में काम कर रहे हैं। यह आंकड़ा बताता है कि शिक्षा और आजीविका के बीच बच्चों को अक्सर कठिन चुनाव करना पड़ता है।

कोविड महामारी ने इस स्थिति को और खराब कर दिया। इस दौरान स्कूल बंद हो गए और ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प उन बच्चों के लिए लगभग असंभव था, जिनके पास न तो स्मार्टफोन थे और न ही इंटरनेट की सुविधा। वर्ल्ड बैंक के अनुसार महामारी के कारण भारत में लगभग 247 मिलियन बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई और इनमें से बड़ी संख्या प्रवासी और गरीब परिवारों की थी। इस पूरी स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा पर कई स्तरों पर समस्याओं का पहरा है, जिनमें पहचान की कमी, आर्थिक तंगी, असुरक्षित माहौल, सामाजिक सोच और कमजोर शैक्षिक ढांचा प्रमुख है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'साइलेंट किलर' बन रही है लू

भारत में लू अब एक गंभीर मौसमी आपदा के रूप में उभर रही है, जिसे विशेषज्ञ 'साइलेंट किलर' का नाम दे रहे हैं, क्योंकि यह बिना शोर मचाए शरीर का पानी सोख लेती है और जीवन पर भारी पड़ जाती है। इस अदृश्य आफत का सबसे क्रूर वार बुजुर्गों, मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, दिहाड़ी मजदूरों, झोपड़ी-पट्टी में रहने वाले परिवारों और बेघर लोगों पर होता है।

असंगठित क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे पसीना बहाने वाले श्रमिकों के लिए तो हर दोपहर जानलेवा साबित हो सकती है। लगातार बढ़ता तापमान शरीर की कार्यप्रणाली को झकझोर देता है और समय पर उपचार न मिले तो स्थिति कुछ ही पलों में गंभीर हो जाती है। गर्मी सहने की भी एक सीमा होती है और जब पारा उस सीमा को लांघता है, तो इंसानी सेहत के साथ-साथ देश की उत्पादकता भी झुलसने लगती है, इसलिए हीट वेव से बचाव और जोखिम न्यूनीकरण की तैयारी अब विलासिता नहीं, जीवन की अनिवार्य शर्त बन चुकी है।



डॉ. नंद किशोर
लेखक

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कानपुर की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साफ किया कि तेज बुखार, लगातार उल्टी और दस्त लू के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल राहत के उपाय करें। भीगे गमछे या तौलिए को सिर पर रखें, चेहरे को ठंडे पानी से बार-बार पोछें। आम का पना, सत्तू का घोल, नारियल पानी, ओआरएस और ग्लूकोज का नियमित सेवन शरीर में खोए हुए लवण और पानी की भरपाई करता है। लू के प्रकोप को थामने का सबसे सरल मंत्र है कि प्यास न लगे तब भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।

तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी जैसे फलों और बेल, सौंफ, पुदीना, धनिया के शर्बत, छाछ, लस्सी, नींबू पानी को दिनचर्या में शामिल करें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें और दोपहर 12 से तीन बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा, पानी की बोतल और टोपी को अपना सुरक्षा कवच बना लें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखना बेहद जरूरी है।

अगर बच्चे के पेशाब का रंग गहरा हो रहा है, तो यह डिहाइड्रेशन का स्पष्ट संकेत है। उन्हें लगातार पानी पिलाएं। पास में पानी होने पर हम अनजाने में भी घूंट-घूंट पीते रहते हैं। किसी भी हालत में बच्चों या पालतू जानवरों को धूप में खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। लगातार धूप और लू के थपेड़े किडनी तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

खेतों में काम करने वाले किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए खतरा दोगुना है। कार्यस्थल पर ठंडा जल उपलब्ध कराना, भारी काम सुबह या शाम के ठंडे पहर में कराना और दोपहर में छायादार विश्राम सुनिश्चित करना मालिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। शराब, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और बासी-भारी भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। खाना पकाने के लिए हवादार जगह चुनें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजनीति की दशा-दिशा बदलने की युवा सोच

शरीर के मुकाबले सोच युवा हो तो जमाना कभी नहीं गुजरता। हर दिन नया करना और सीखना ही जिंदगी जीने का दूसरा नाम है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, उद्यम से अलग राजनीतिक में भी भविष्य बनाने का जज़्बा युवाओं में कम नहीं है। सोच राजनीति की दशा और दिशा बदलने की है। वैसे, दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवाओं के नाम इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में टाइम मैगजीन की 2026 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवा नेताओं को शामिल किया गया। दोनों अपने-अपने देशों में सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में उभरे हैं। एक हैं बालेन शाह और दूसरे हैं तारिक रहमान। बीते दिनों जहां बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, वहीं तारिक रहमान ने भी बतौर सबसे युवा प्रधानमंत्री बांग्लादेश का नेतृत्व संभाला है।

> युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। कुछ अलग पॉजिटिव-क्रिएटिव करने को उत्साहित करें।

जमीनी हकीकत यह है कि लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक दलों के बिना सरकार का कोई अस्तित्व नहीं है। युवा नेतृत्व से राजनीति की दशा और दिशा बदल सकती है। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता युवा वर्ग की पहचान कराती है। अपने देश में अगर युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। राजनीति में परिवारवाद एवं जातिवाद के ही पहलू से अलग कुछ पॉजिटिव-क्रिएटिव कर गुजरने को उत्साहित करें।



अजय दयाल
हल्द्वानी

आंकड़ों पर गौर करें, तो पाएंगे कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसांख्यिकी (15-29 वर्ष) वाला देश है, जिसमें लगभग 35 करोड़ से अधिक युवा आबादी है। हालिया रिपोर्ट (2025-26) के अनुसार, मेरा युवा भारत पोर्टल पर 35 लाख से अधिक युवा पंजीकृत हैं। यह युवा शक्ति देश के लगभग 36 प्रतिशत सकल राष्ट्र आय में योगदान भी दे रही है।

अगर राजनीतिक और सामाजिक सहभागिता पर चर्चा करें तो पाते हैं कि लगभग 30 प्रतिशत युवा सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं, जबकि 25 प्रतिशत बिना किसी दल से जुड़े राजनीतिक चर्चाओं में भाग लेते हैं। केवल 11 प्रतिशत ही किसी राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्य हैं। राजनीति के मुकाबले उद्यमशीलता में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं की गणित भी समझिए। 49 प्रतिशत युवा सामाजिक उद्यमी बनना चाहते हैं, लेकिन 58 प्रतिशत को फंडिंग और 39 प्रतिशत को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस होती है। जनसांख्यिकीय आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में कुल जनसंख्या में 15-29 वर्ष के युवाओं की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत थी, जो 2036 तक घटकर 22.7 प्रतिशत होने का अनुमान है। सर्वेक्षण कहते हैं कि युवा पारंपरिक राजनीति के बजाय मुद्दों पर आधारित राजनीति में अधिक रुचि रखते हैं।

इसके अतिरिक्त, बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों में अनियमितताएं युवाओं में बैठी चिंताएं हैं, जो उन्हें मुख्यधारा की राजनीति से दूर करती हैं।

वैश्विक राजनीति में युवा नेतृत्व एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जहां युवा अब केवल वोटर नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और परिवर्तन के वाहक के रूप में भी आगे आ रहा है। यह परिदृश्य पारंपरिक राजनीति से आधुनिक और नवीन दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक परिदृश्य का आकलन करें, तो देखेंगे कि युवाओं की राजनीतिक भागीदारी तो बढ़ी है और बतौर जनप्रतिनिधि ऐसे युवा जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, रोजगार और सतत विकास जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में यह जोड़ना आवश्यक है कि दुनिया भर में 30-40 वर्ष की आयु वाले युवा शीर्ष पदों पर पहुंच रहे हैं।

उदाहरण के लिए, फिनलैंड में सना मरीन (34 वर्ष में पीएम), न्यूजीलैंड में जसिंडा आर्डन (37 वर्ष में पीएम) और डेनमार्क में मेटे फ्रेडरिकसन (41 वर्ष में पीएम) ने युवा नेतृत्व की क्षमता को दर्शाया है। इतना ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी शासन और नीति-निर्माण प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी को औपचारिक रूप से मान्यता दी है, जो 2030 के एजेंडे को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। गहराई से देखें तो, 15-25 वर्ष की आयु के लोग दुनिया की आबादी का पांचवां तो हैं, फिर भी वैश्विक स्तर पर सांसदों की औसत आयु 53 वर्ष है।

# 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'

'मनुष्य के रूप में जन्म क्यों मिला?' इस विषय पर प्राचीन से लेकर अद्यतन विमर्श होते चले आ रहे हैं। शास्त्रों से लेकर व्याख्यान-कार्यक्रमों में अलग-अलग ढंग से इस विषय पर प्रकाश डाले जाते हैं। मूलतः हर कोई 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई' के आसपास ही अपना मत रखता है। पर-पीड़ा का अर्थ तो एक सीमित दायरे तक रखा जाता है, जिसमें दूसरों के साथ छल-कपट न करना, असत्य न बोलना, पराई संपत्ति एवं पराए ढंग का संबंध न स्थापित करना तथा अनुचित आहार न ग्रहण करना आदि तक ही है, लेकिन पर-हित की अनन्त व्याख्याएं की जाती हैं, जिसमें दूसरों की मदद करना, असक्षम लोगों को धन, वस्त्र, अनाज आदि का दान करना, संतों की सेवा करना, मंदिर आदि का निर्माण करना।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वर्ष पर्यंत जितने तीज-त्योहार पड़ते हैं, सब में दान को मुख्य स्थान दिया गया है। मौसम के अनुसार दान की वस्तुओं का उल्लेख भी है। गर्मी के दिनों में शीतलता वाले पदार्थों के दान एवं शीत-ऋतु में गर्म कपड़े दान करने से पुण्य मिलने की बात कही गई है। इसी कड़ी में 'वसुधैव कुटुंबकं' का जिक्र किया गया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि 'कुटुंब' शब्द का अर्थ बहुत गहरा है। कुटुंब में पेड़-पौधे, नदी-ताल-तलैया, धरती-आकाश, पर्वत-झरने सब आते हैं। कुटुंब शब्द की व्यापकता को देखते हुए यहां 'परिवार' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया, क्योंकि परिवार में रक्त-संबंधों से जुड़े लोग ही आते हैं।

इसे थोड़ा और व्यापक इतना ही किया जा सकता है कि यदि परिवार में कोई अन्य ऐसा व्यक्ति जो काफी घनिष्ठ हो गया हो, उसके लिए 'परिवार जैसे सदस्य' का प्रयोग तो किया जा सकता है लेकिन विधि-सम्मत स्थानों में तो माता-पिता, पुत्र, पुत्रवधू तथा अविवाहित पुत्री को ही परिवार के सदस्य के रूप में माना जाता है। इस तरह परिवार से ज्यादा बड़ा दायरा कुटुम्ब का होता है। कुटुंब की गहराई को देखा जाए, तो प्रकृति को भी कुटुंब की श्रेणी में लिया जाएगा, इसीलिए हर धार्मिक अनुष्ठानों में पृथ्वी, जल, अग्नि, औषधियों, सूर्य, चंद्रमा, तारे-सितारे, नदी-झरने, ग्रह-नक्षत्र यदि की अनुकूलता के लिए मंत्र पढ़े जाते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हर साल एक अरब टन खाना बर्बाद कर डालते हैं हम

विश्व में हम हर साल करीब एक अरब टन खाने योग्य भोजन को बर्बाद कर डालते हैं। इस भोजन से करोड़ों लोगों का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी लापरवाही से यह बर्बाद हो जाता है। भोजन की बर्बादी का यह आंकड़ा हाल में संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है, जो बेहद चिंताजनक और सोचने पर मजबूर करने वाला है। दुनिया भर में जब लोग भोजन को बर्बाद कर रहे होते हैं, तब करोड़ों लोग रात को भूखे पेट सोने पर मजबूर होते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या इन हालात में हमें भोजन की बर्बादी रोकने के लिए संकल्पबद्ध हो कर काम नहीं करना चाहिए?



कहते हैं कि इंसान की असली पहचान उसकी थाली से होती है। एक इंसान क्या खाता है और कितना बचाता है, लेकिन आज हमारी थालियां हमारी संवेदनहीनता का आईना बनती जा रही हैं। हम जरूरत से ज्यादा परोस लेते हैं, फिर आधा खाकर छोड़ देते हैं। ऐसा करते हुए हम यह भूल जाते हैं कि जो रोटी हम छोड़ रहे हैं, वह किसी और की भूख मिटा सकती है।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर हमारे देश भारत के संदर्भ में इसे देखें, तो विरोधाभासी तस्वीर सामने आती है। एक ओर जहां हम 'अन्न को देवता' मानने की बात कहते नहीं थकते, वहीं दूसरी ओर विवाह-शादियों, धार्मिक आयोजनों, जन्मदिन की पार्टियों और अन्य अवसरों पर बड़े आयोजनों में भोजन को बर्बाद करते हैं। बड़े-बड़े पंडालों में बचे हुए खाने के ढेर हम प्रायः रोजाना ही देखते हैं। हम लोग प्लेट में जरूरत से ज्यादा खाना लेते हैं, थोड़ा खाते हैं और बाकी यूं ही छोड़ देते हैं, जैसे उसका कोई मूल्य ही न हो।

गांवों और कस्बों में किसी कार्यक्रम के बाद खाना कूड़े में फेंक दिया जाता है, जबकि उसी गांव-कस्बों में कुछ घर ऐसे भी होते हैं, जहां रात का चूल्हा नहीं जलता। इससे हमारी सोच परिलक्षित होती है। आंकड़े बताते हैं कि बर्बाद हुए भोजन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा हमारे घरों से आता है। जाहिर है, हम अपनी थाली में अनजाने या लापरवाही से भोजन को बर्बाद कर रहे हैं। भोजन की बाकी 40 प्रतिशत बर्बादी खराब प्रबंधन और योजना की कमी के कारण बाजार, होटल, रेस्टोरेंट और सप्लाई सिस्टम में होती है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार भारत में सालाना करीब 7.82 करोड़ टन खाना बर्बाद कर दिया जाता है। देश का हर व्यक्ति साल में 55 किलोग्राम खाना बेकार कर देता है, जिसकी कीमत करीब 10.69 लाख करोड़ रुपये होती है। हमें सोचना चाहिए कि भोजन की बर्बादी का दर्द केवल भूख तक सीमित नहीं है। जब हम खाना फेंकते हैं, तो हम उस किसान की मेहनत को भी अनदेखा कर रहे होते हैं, जिसने तपती दुपहरी में खून-पसीना एक किया होता है। साथ ही, उस पानी को भी बर्बाद करते हैं जो सिंचाई में लगता है और उस ऊर्जा की भी अनदेखी कर देते हैं, जो इसे हमारी थाली तक लाने में खर्च होती है। इतना ही नहीं, जब यही खाना कचरे में सड़ता है, तो वह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 30 मार्च को 'शून्य भोजन बर्बादी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि भोजन केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। इस मौके पर हम रस्म अदायगी करते हैं, लेकिन इसके तुरंत बाद अप्रैल में होने वाली शादियों के मौके पर भोजन को बर्बाद करने में जुटे दिखते हैं। सवाल उठता है कि हम लोग आखिर क्यों इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं? हममें से कितने ही लोग घर पर भोजन मांगने आए व्यक्ति को दुत्कार कर भगा देते हैं, मगर थाली में भोजन बेकार करके फेंकते हुए हमारा मन विचलित नहीं होता।

सवाल उठता है कि एक गंभीर मुद्दे के प्रति हम उदासीन क्यों हैं? आखिर हमें भोजन को बर्बाद करके मिलता क्या है? क्या यह इतना कठिन काम है, जिसे हम कर ही नहीं सकते? इन सवालों का एक ही जवाब है-हमारी सोच की कमी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### तलवार-फावड़े से हमला, दो घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के मुकुनगला गांव में शनिवार सुबह मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी एक व्यक्ति खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी कहासुनी को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। देखते ही देखते तलवार और फावड़े भी निकल आए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची परिवार की एक महिला भी घटना में घायल हो गईं। दोनों घायलों के सिर पर चोटें आने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस जांच कर रही है और शिकायत के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### उधार के रुपये मांगने पर महिला से मारपीट

**फर्रुखाबाद ।** राजेपुर थाना क्षेत्र के चंदोखा गांव में उधार के रुपये वापस मांगने पर एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला से गाली-गलौज भी की। पुलिस ने शिकायत की हे जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुखरानी ने बताया कि उसने करीब एक सप्ताह पहले गांव के ही एक व्यक्ति को ट्रैक्टर खरीदने के लिए 20,000 रुपये उधार दिए थे। जब सुखरानी ने अपने रुपये वापस मांगे, तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। पीडित्रा सुखरानी ने इस मामले की शिकायत राजेपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मॉर्निंग वॉक में दुर्घटना में महिला की मौत

**इटावा।** जानकारी के अनुसार रीना 40 वर्ष पत्नी शिवराज निवासी उदी मोड़ बढ़पुरा शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे घर से मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं तभी उदी मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

### आग लगने से 16 बीघा गेहूं के अवशेष राख

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खादर के पास शनिवार दोपहर गेहूं के अवशेष में अचानक आग लगने से करीब 16 बीघा अवशेष जलकर राख हो गई। ग्राम महिपालपुर निवासी गोपाल यादव ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल कटने के बाद अवशेष बचे थे। जिसे रैपर मशीन से भूसा बनाया जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेज होने के कारण पास में खड़ी श्यामसुंदर की करीब 8 बीघा नरही भी जलकर राख हो गई।

### वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम, घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीनगर पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष जयचन्द्र सिंह की गठित टीम के उपनिरीक्षक कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने वारंटी रूप्पू उर्फ कृष्णकान्त अरजरिया पुत्र जगदीश अरजरिया निवासी ग्राम हिलुवा श्रीनगर विभिन्न धाराओं में न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में अभियुक्त उसकी के गांव से गिरफ्तार किया ।

### दो ट्रक किए सीज

**कालपी (जालौन)।** शनिवार दोपहर एआरटीओ ने लोकेशन माफियाओं को चकमा देकर दो ओवरलोड ट्रक सीज कर दिए। वैसे तो खनिज का अवैध परिवहन का खेल काफी पुराना है हालांकि प्रशासन इसपर लगाम लगाने की कोशिश में लगा है । शनिवार दोपहर एआरटीओ राजेश कुमार द्वारा जोल्हूपुर क्षेत्र में आकस्मिक चैकिंग कर दो ओवरलोड ट्रक कब्जे में ले लिए गए। जो डंप के नाम पर मानक से कई गुना बालू लादकर हाईवे से गुजर रहे थे। उन्होंने ट्रकों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# ट्रक चालक ने हत्या कर फेंका था कानपुर की महिला का शव

## बिनगवां की रहने वाली थी महिला, भीतरगांव के ट्रक चालक ने दुपट्टे से गला कसा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- चार दिन से हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी थी पुलिस
- पुलिस ने हत्यारोपी चालक को गिरफ्तार कर किया खुलासा

**अमृत विचार।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र में हाईवे के किनारे पांच दिन पहले मिले महिला के शव की पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। महिला कानपुर की रहने वाली थी और परिचित ट्रक चालक के साथ गई थी। रास्ते में विवाद होने पर ट्रक चालक ने दुपट्टे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी थी और ट्रक से हाईवे किनारे शव फेंक दिया था। ट्रक चालक की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को पुलिस कप्तान मृगांक शेखर पाठक ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र में 21 अप्रैल को एनएच-34 के किनारे एक महिला का शव मिलने के बाद पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम अपने-अपने स्तर से जांच-पड़ताल में जुटी थी। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। शव को मर्च्युरी में


हत्याकांड का खुलासा करते एसपी मृगांक शेखर पाठक। अमृत विचार

रखे जाने के साथ पुलिस का सबसे पहले महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास था। महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल साइट का सहारा लेने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे।

एसपी ने बताया कि जांच-पड़ताल में ट्रक संख्या UP78-DT8815 संदिग्ध मिला। इस ट्रक के मालिक से संपर्क करने के बाद पता चला कि कानपुर कमिश्नरेट के साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव का रहने वाला महेन्द्र कुमार पाल पुत्र रामसेवक ड्राइवर था। फिर उसकी फोटो की तस्दीक उस ढाबा मालिक के जरिए कराई गई, जिसमें वारदात वाली रात उसने महिला के साथ खाना खाया था। इसके बाद पुलिस ने शनिवार की सुबह करीब 4:55 बजे आरोपी महेन्द्र कुमार पाल को सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इटरा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ट्रक चालक को आशंका थी कि पूजा का शव मिलने पर वह पुलिस के हाथों पकड़ा जाएगा, इसी आशंका पर वह जबलपुर जाने के बजाय कानपुर वापस लौट रहा था, ताकि शव को ठिकाने लगा सके, लेकिन तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक को भी कब्जे में लिया है।

### ढाबे में खाने के दौरान दोनों में हुआ था विवाद

- एसपी के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह पूजा (28) को काफी पहले से जानता था। 21 अप्रैल को वह रूमा कानपुर नगर से ट्रक में माल लादकर जबलपुर के लिए निकला था। बिनगवां में पूजा से मुलाकात हुई, जिसे ट्रक में बैठाकर साथ ले जा रहा था। रास्ते में खाना खाने के लिए सुमेरपुर के शिवानी ढाबा में रुके, जहां खाना खाने के दौरान दोनों के बीच वाद-विवाद हो गया। थोड़ी देर बाद दोनों ट्रक में बैठकर चल दिए। कुछ दूर जाकर लीड़ा नाले के पास ट्रक रोका, जहां दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि उसने शराब के नशे में पूजा के दुपट्टे को कस दिया। पूजा को मरा समझकर गाड़ी से फेंक दिया और ट्रक लेकर निकल गया।

### पति की तहरीर पर लिखी गई रिपोर्ट

- महिला की शिनाख्त होने के बाद 23 अप्रैल को सुमेरपुर पुलिस ने कानपुर नगर के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के बिनगवां निवासी पूजा के पति शिवमंगल की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की।

# भतीजे से विवाद के बाद चाचा की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- पुलिस बोली- हार्टअटैक से हुई मौत, बिसरा सुरक्षित रखा गया

**अमृत विचार।** जरिया थाने के धंगवा गांव में चाचा-भतीजे के बीच रास्ते को लेकर विवाद के बाद चाचा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने भतीजे पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर बिसरा सुरक्षित रख लिया है।

धगवां निवासी जवाहर सिंह (60) शुक्रवार सुबह पंचायत घर के पास भैंस चराने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते को लेकर उनके बड़े भाई के बेटे यशपाल से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच गाली गलौज शुरू हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। कुछ देर बाद जवाहर सिंह भैंस लेकर दोबारा निकले तभी वह अचानक गांव की सीसी रोड पर अचेत होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरीला लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे रंजीत ने आरोप लगाया कि जमीन और रास्ते


जवाहर सिंह।

के पुराने विवाद को लेकर उसके चचेरे भाई यशपाल ने उसके पिता के साथ मारपीट की जिससे उनकी मौत हो गई। रंजीत ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वहीं पत्नी संध्या का रो-रोकर बुरा हाल है। जवाहर सिंह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और 18 वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं। वहीं जरिया थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम में डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित रखा है।

# हर्ष फायरिंग में लोजपा के महासचिव सहित चारों आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता कायमगंज (फर्रुखाबाद)

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली पुलिस ने बीती रात हर्ष फायरिंग के चारों आरोपियों को अबैध शस्त्र व कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव पुरुषोत्तम सक्सेना उर्फ मल्लू निवासी उरई जालौन, दीपू परिहार, प्रदीप कुमार निवासी ग्राम अकोड़ी जालौन एवं कुलदीप गौतम निवासी ग्राम अकनीवा जालौन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से 32 बोर रिवॉल्वर, 59 कारतूस 2 खोखा कारतूस, 12 कारतूस 315 बोर, 10 कारतूस 12 बोर, चार शस्त्र लाइसेंस बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों की 2 स्कॉर्पियो कब्जे


कायमगंज कोतवाली में गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देते कोतवाल विनोद कुमार।

में ले ली। जिन पर सवार होकर आरोपी जा रहे थे। मालूम हो कि 23 अप्रैल की रात कायमगंज के पटवन गली स्थित धर्मशाला में आयोजित शादी समारोह में अभियुक्तों ने हर्ष फायरिंग की थी। जिसमें वधु के जीजा का भाई गोली लगने से घायल हो गया था। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने यह जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि मुख्य अभियुक्त पुरुषोत्तम सक्सेना उर्फ मल्लू शातिर अपराधी है। जिसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट के मामले दर्ज हैं।

### मेटा अलर्ट पर दौड़ी पुलिस, 15 मिनट में बची किशोरी

**भरथना (इटावा)।** कस्बे के एक मोहल्ले में सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़ी पोस्ट डालना एक किशोरी के लिए खतरे की घंटी बन गया, लेकिन समय रहते सक्रिय हुई पुलिस ने उसकी जान बचा ली। मेटा अलर्ट मिलते ही भरथना थाना पुलिस महज 15 मिनट में मौके पर पहुंच गई और किशोरी को सुरक्षित बचा लिया।

भरथना कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा ने इंस्टाग्राम पर जहर पीने से संबंधित एक स्टोरी पोस्ट की थी। यह पोस्ट सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान मेटा अलर्ट के जरिए पुलिस तक पहुंची। अलर्ट मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुं किशोरी कक्षा 7 की छात्रा है।

# बदनपुर से अतरैया तक फैली आग 250 बीघा पर गेहूं की पराली जली

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- अतरैया में आम के बाग में 25 पेड़ झुलसे, 4 बीघा गेहूं भी राख
- तहसीलदार राजस्व टीम के साथ पहुंचे, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह पराली में आग लगने से बदनपुर से लेकर अतरैया गांव तक फैल गई। करीब ढाई सौ बीघा में खड़ी पराली के साथ खेतों में पड़ा भूसा जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सूचना पाकर तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नुकसान के आंकलन के आदेश दिए हैं।

शनिवार को सुबह 10 बजे बदनपुर के किसान दिनेश साहू के खेत में खड़ी पराली में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया और बदनपुर से होते हुए अतरैया गांव तक करीब 250 बीघा में खड़ी पराली में फैल गई। इससे किसानों ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। किसानों ने नलकूप चालू करके आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। आग से दिनेश साहू, विनय कुमार, विष्णु कुमार, राम भरोसे, कुंवर बहादुर, रामेश्वर पाठक, विनीत पाठक, सुरेंद्र कुमार, अवधेश पाठक, राजेंद्र दत्त पाठक सहित 50 से अधिक किसानों की पराली एवं भूसा जला है। वहीं आग से अतरैया निवासी राजेंद्र दत्त पाठक के आम के बगीचे के 25 पेड़ झुलस गए हैं और चार बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हुई है। इसी तरह अवधेश पाठक ने बताया कि उसके 26 बीघे गेहूं की फसल का सैका जलकर खाक हुआ है। सूचना पाकर तहसीलदार वीरपाल राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और टीम को किसानों के नुकसान के आंकलन के निर्देश दिए। राजस्व निरीक्षक विनोद निगम, लेखपाल डा. प्रदत्त प्रजापति, अनिकेत, भूपेंद्र राजपूत ने क्षति का आंकलन शुरू किया है। आग की सूचना पाकर कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित शुक्ला और राम मूरत पहुंचे और किसानों से पूंछतांछ करके रिपोर्ट तैयार की है। लेखपाल डा. प्रदत्त प्रजापति ने बताया कि आग से करीब 200 बीघा की पराली और भूसा जला है। क्षति का आंकलन करके रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी जाएगी।

# कार पलटने से चाचा और भतीजी की मौत

संवाददाता, ताखा (इटावा)

**अमृत विचार ।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित खरगुआ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चाचा, भतीजी की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार विनोद कुमार श्रीवास्तव अपनी पत्नी रंजू श्रीवास्तव और भतीजी दीप्ति श्रीवास्तव के साथ बिहार के बक्सर से चंडीगढ़ लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार खरगुआ के पास पहुंची अचानक कार का अगला दाहिना पहिया डिवाइडर से टकराकर निकल गया और कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क पर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे के तुरंत बाद वहां मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे चौकी पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए बाहर निकालकर सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवाया। इस दुर्घटना में दीप्ति श्रीवास्तव और विनोद कुमार श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान विनोद कुमार श्रीवास्तव और उनकी भतीजी दीप्ति श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। वहीं रंजू श्रीवास्तव का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

# औरैया में कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत, किशोरी की हालत गंभीर

संवाददाता, बेला (औरैया)

- बेला थाना क्षेत्र में कैथावा मोड़ के निकट हुआ हादसा, किशोरी कानपुर में भर्ती

**अमृत विचार।** थाना बेला क्षेत्र में शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार, कन्नौज जनपद के थाना ठठिया क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी नीलू पाल (21) अपने गांव लौट रहे थे। उनके साथ बाइक पर मानसी (15) व रेनू (18) पुत्री राकेश चंद्र पाल निवासी नगला सुभाष, थाना सौरिख भी सवार थीं। तीनों ऐरवाकटरा क्षेत्र से कार्यक्रम में शामिल होकर वापस आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कैथावा मोड़ के निकट पहुंची, सामने से आ रही क्रेटा कार ने तेज गति व लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि नीलू पाल की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मानसी को मेडिकल कॉलेज तिर्वा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहीं, रेनू की हालत नाजुक बनी हुई है, जिसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष गंगा दास ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वैन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

- **बेला।** थाना क्षेत्र के गांव बराहदेवी निवासी मुकेश नागर (50) पुत्र मुन्नालाल अपनी पत्नी गीता देवी (48) के साथ शनिवार दोपहर करीब बेला बाजार करने आरहे थे। जैसे ही वो बेला-कानपुर मार्ग स्थित मल्होसी मोड़ पर पहुंचे तभी याकूबपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ओमनी कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दम्पत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। रहागीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को बेला सीएचसी भेज दिया। जिसके बाद वहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जनपद कन्नौज के तिर्वा स्थित डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# नवेली पावर प्लांट के कर्मी ने की आत्महत्या

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- बिवांर थाना क्षेत्र के निवादा गांव का रहने वाला था कंपनी कर्मी
- पुलिस बोली, आत्महत्या का मामला संदिग्ध, होगी जांच

**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात में परिजनों के सो जाने पर युवक ने पंखे के कुंडे में रस्सी को बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक नवेली पावर प्लांट की बीडीआर कंपनी में कर्मचारी था। उसे फांसी पर लटकते देखकर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के निवादा गांव में पुष्पम (30) पुत्र बृजेश कुमार चंदेल के परिजन रात में खाना खाकर रात सो गए। परिजनों के सोने के बाद रात करीब 11 बजे युवक ने कमरे के अंदर छत में लगे पंखा के कुंदा में रस्सी को बांधकर फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने उसे फांसी पर लटकते देखा तो कोहराम मच गया। पिता ने थाना पुलिस को जानकारी दी। एसआई अंकित बैसला ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। इस घटना से उसकी पत्नी दो पुत्रियों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था उसकी नवेली पावर प्लांट में बीडीआर कंपनी में फर्स्ट स्टेज में तैनाती थी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**धर्म-अध्यात्म** | श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन दिव्या किशोरी ने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया

# अत्याचार के खात्मे को प्रभु ने लिया अवतार

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** कथा वाचिका दिव्या किशोरी ने कहा कि पृथ्वी पर जब जब अत्याचार हुआ है, तब तब पृथ्वी कल्याण के लिए प्रभु ने अवतार लिया है। कथा व्यास शनिवार को घुसयानापुरा विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में कृष्ण जन्म के समय श्रोताओं को ज्ञान का रसपान करा रही थी। कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी।

कथा वाचिका ने कहा कि मथुरा में कंस जैसे अत्याचारी का अत्याचार न बढ़ता तो कृष्ण का अवतार नहीं होता। देवताओं की गई आकाशवाणी से कंस ने खुद को सुरक्षित न समझकर सात पुत्रों का वध किया था। उसका पाप का घड़ा भरता गया। आठवी बार मायवी कृष्ण का जन्म हुआ, उनकी माया के


कथा सुनातीं दिव्या किशोरी।

कारण किसी को जन्म का पता नहीं लग सका। कोई आवास नहीं सुनी दी, पहरेदार गहरी नींद में सो गए थे, जेल के ताले और वासुदेव देवकी के हाथ पैर की जंजीर टूट गई। वासुदेव ने कृष्ण को सूप में रखकर गोकुल के लिए प्रस्थान किया। गोकुल में माता याशोदा के साथ लेटी कन्या को उठाया। माया के कारण किसी को रोने की आवाज तक नहीं सुनाई दी। जब वासुदेव कन्या को लेकर माथुरा वापस आ गए। वासुदेव के चले जाने पर यशोदा के साथ लेटे श्रीकृष्ण ने रोना शुरू कर दिया, जिससे यशोदा को कृष्ण जन्म का पता चला। सारे गोकुल वासियों को कृष्ण जन्म होने का चल गया, कृष्ण जन्म पर सारे नगर वासियों ने बधाई देना शुरू की। गोकुल में मंगल गीत गाए खुशियां मनाई गई।

### नृत्य ने झुमाया और हास्य व्यंग्य ने गुदगुदाया

- श्रीमद भागवत कथा के दौरान कलाकारों ने श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। कन्नौज से आए रासलीला कलाकारों ने ताड़क वध की लीला का मंचन कर दर्शकों को जमकर मनोरंजन कराया। मंडली के कलाकार दर्शन सिंह चौहान ने खलनायक की भूमिका निभाई तो अमरजीत ने अपने हास्य व्यंग्य से लोगों को खूब गुदगुदाया। आकश ने कन्हैया और नीलम रानी ने रानियो, हेमरानी ने नृत्य कला की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मनीष पागल ने सभी झांकियों को मनमोहक बनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में झूम उठे। इस मौके पर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भारी भीड़ जुटी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत, चार घायल

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार** पृथ्वीपुरपुरैला के पास शुक्रवार की देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को पहले सीएचसी और बाद में पीजीआई भेजा गया, जहां दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार विपिन कुमार, संदीप कुमार और प्रमोद कुमार अपने रिस्तेदार के गांव बहादुरपुर से ऊसराहार से एरवाकटरा की ओर घर जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर धर्मेंद्र यादव उर्फ लालू (27), उनकी पत्नी रुचि यादव निवासी नगला मंगद थाना किशनी तथा उनकी ममेरी बहन की सास मंजेशलता निवासी बिजनौरा थाना सकरावा से ऊसराहार की ओर जा रहे थे।

जैसे ही दोनों बाइकें नगला पृथ्वीपुर पुरैला गांव के पास आमने-सामने आईं तभी दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसई नावर पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए सभी को सैफई स्थित आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान विपिन कुमार (23) और धर्मेंद्र यादव उर्फ लालू (27) की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

### कार अनियंत्रित होकर घर में घुसी, पांच घायल

- **भरथना।** इटावा निवासी अनारकली 65 वर्ष अपने परिवार के साथ भरथना क्षेत्र के गांव सहजपुर आई थीं। बताया गया कि उनके यहां पौत्र होने पर वह मायके स्थित मंदिर में घंटा चढ़ाने आई थीं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद जब परिवार वापस लौट रहा था, तभी दोपहर करीब डेढ़ बजे कुंवरा-सहजपुर मार्ग पर पेट्रोल पंप के पीछे यह हादसा हो गया। कार चला रहे अनारकली के पुत्र रवींद्र की कार अचानक अनियंत्रित हो गयी। कार पहले पेट्रोल पंप की बाउंड्री वाल और पोल से टकराई, इसके बाद संपर्क मार्ग पर कार सपा नेता प्रवीन दुबे के मकान में जा घुसी। इस दुर्घटना में अनारकली उनके पुत्र रवींद्र, देवरानी व एक अन्य महिला घायल हो गईं, जबकि तीन वर्षीय नाती गोपाल के दांत टूट गए।

### एक्सिस बैंक का लाभ घटकर 7,071 करोड़ रुपये

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7,071 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत कम है। बैंक के निदेशकमंडल की शनिवार सुबह हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। प्रति इक्विटी शेयर एक रुपये के लाभांश के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 26 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### टाटा स्टील ने नोटिस के खिलाफ दायर किया पुनरीक्षण आवेदन

**मुंबई।** टाटा समूह की इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने झारखंड के रामगढ़ जिला खनन कार्यालय (डीएमओ) के 1,755 करोड़ के नोटिस को चुनौती देते हुए केंद्रीय कोयला मंत्रालय के पास पुनरीक्षण के लिए आवेदन दिया है। कंपनी को यह नोटिस वित्त वर्ष 2000-01 से 2006-07 के बीच उसकी पश्चिमी बोकारो कोयला खदान में तय सीमा से अधिक अयस्क कोयला खनन के लिए जारी किया गया है। आरोप है कि कंपनी ने इस दौरान सीमा से 1,62,40,399 टन ज्यादा अयस्क कोयला निकाला था। इसके लिए उससे 1755 करोड़ 10 लाख 54 हजार 29 रुपये की मांग की गयी है। यह नोटिस उसे 03 अप्रैल को प्राप्त हुआ था जिस पर 30 मार्च की तारीख है। कंपनी ने शुक्रवार देर रात शेयर बाजार को डीएमओ रामगढ़ के नोटिस के खिलाफ दायर आवेदन की जानकारी देते हुए कहा कि इस मांग में अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया गया है और इसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है।

### पेमेंट बैंक पर कार्रवाई का पेटीएम पर कोई असर नहीं : कंपनी

**नयी दिल्ली।** भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने दोहराया कि बैंकिंग इकाई के साथ उसका कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता या जोखिम नहीं है। नोएडा स्थित इस दिग्गज फिनटेक कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। पेटीएम और उसकी सेवाएं, बिना किसी रुकावट के चल रही हैं, और आगे भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।

### एटीसी सेवाओं के प्रस्तावित निजीकरण पर जताई चिंता

**मुंबई।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों के निकाय एटीसेपा ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) सेवाओं के प्रस्तावित निजीकरण पर चिंता जताई की है। निकाय का कहना है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था स्थापित किए बिना प्राधिकरण से नियंत्रण हटाना एक ऐसा नीतिगत निर्णय माना जा सकता है, जो भारत की राष्ट्रीय रणनीतिक क्षमताओं को कमजोर करता है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को 23 अप्रैल को लिखे पत्र में, एयर ट्रैफिक सेफ्टी इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल एसोसिएशन (इंडिया) के महासचिव वाई पी गौतम ने कहा कि इस मामले पर उच्चतम नीतिगत स्तर पर तत्काल पुनर्विचार की आवश्यकता है।

# देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा और उपलब्धियां विश्वस्तरीय : निर्मला सीतारमण

## सेबी के स्थापना दिवस में बोलीं वित्त मंत्री- बिखरी निगरानी से रीयल-टाइम पर्यवेक्षण तक पहुंची बाजारों की यात्रा

**मुंबई, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाज़ार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मज़बूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है। वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा।



मुंबई में सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करतीं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण। उनके पीछे खड़े हैं सेबी के चेयरमैन तुहिनकांत पांडेय।

श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते कहा कि भारतीय बाज़ारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिंग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक, और बिखरी हुई निगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय वित्तीय बाज़ारों का विकास विभिन्न चुनौतियों और अस्थिरता के दौर से हुआ है, जिसने नियमन और बाज़ार अवसंरचना को मज़बूत बनाया। इन अनुभवों से सीखते हुए देश ने बेहतर संस्थान और परिपक्व वित्तीय प्रणाली विकसित की है। उन्होंने बताया कि सेबी की प्रभावशीलता उसके अधिकारों से अधिक उनके अनुशासित क्रियान्वयन में निहित है।

भारत ने जनवरी 2023 में सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए टी 1 (ट्रेड प्लस वन) सेटलमेंट चक्र लागू कर वैश्विक नेतृत्व दिखाया, जिससे लेनदेन एक कार्यदिवस में पूरा हो जाता है। इसे अमेरिका ने 2024 में अपनाया।

इसके अलावा, एएसबीए प्रणाली ने आईपीओ प्रक्रिया को सरल बनाते हुए निवेशकों के धन को केवल आवंटन तक ही ब्लॉक रखने की सुविधा दी। सेबी और एनपीसीआई के सहयोग से यूपीआई के माध्यम से आईपीओ आवेदन संभव हुआ, जिससे खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

देश की डिपॉजिटरी प्रणाली भी अत्यंत उन्नत है, जहां बड़ी मात्रा में डीमैट प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हैं। सेबी की कानूनी मजबूती उसके उच्च सफलता दर से भी स्पष्ट होती है। वित्त वर्ष 2025-26 में 366 आईपीओ के माध्यम से लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए, जो मजबूत नियामकीय ढांचे का परिणाम है।

हालांकि, मंत्री ने चेतावनी दी कि बढ़ती निवेशक भागीदारी के साथ जागरूकता भी जरूरी है। बिना समझ के निवेश जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए निवेशक संरक्षण को और सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमन अत्यधिक कठोर न होकर पारदर्शी और पूर्वानुमानित होना चाहिए।

उन्होंने विश्वास और ईमानदारी को वित्तीय बाज़ारों की आधारशिला बताते हुए कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और प्रभावी प्रवर्तन से ही निवेशकों का भरोसा कायम रहता है।

### किया आगाह-साइबर सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहें वित्तीय संस्थाएं

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सीतारमण ने कहा कि केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा।

# आयोग ने उठाया रोजगार कौशल में वृद्धि का बीड़ा

**अर्थ-कारोबार डेस्क, कानपुर**




- विकसित भारत-2047 के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यम की उच्चस्तरीय स्थायी समिति गठित
- कंपनियों के ऑटोमेशन व एआई से छंटनी के खतरे के साथ नए तकनीकी कौशल की बढ़ी मांग

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के बीच संबंध मजबूत करने के लिए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम (ईईई) की जिस उच्च स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया है, उससे बेरोजगारी दर में कमी आने की संभावना है।

यह समिति शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने के लिए समग्र और समन्वित उपायों की सिफारिश करेगी। सरकार का यह कदम उस चिंता के बीच आया है, जिसमें स्नातकों की बेरोजगारी बढ़ने के साथ उद्योग जगत के पास कौशल की कमी की शिकायत की गई थी। इसके साथ ही जिस तरह इस समय कंपनियां तेजी से ऑटोमेशन और आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रही हैं, उससे कई तरह के पदों में छंटनी के साथ नए तकनीकी कौशल की मांग बढ़ रही है।

मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाए गए पैनल को विकास दर में वृद्धि, रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने वाले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने का काम सौंपा था।

इस पैनल की रिपोर्ट के बाद ही 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम' के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस उच्चस्तरीय स्थाई समिति में फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफआईएसएमई) को भी नामित किया गया है।

समिति में श्रम और रोजगार, कौशल विकास व उद्यमिता, सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी जैसे केंद्रीय मंत्रालयों के सचिवों के अलावा वाणिज्य, आर्थिक मामले, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा और साक्षरता सहित प्रमुख विभागों के सचिवों के साथ आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव भी शामिल किए गए हैं। समिति में नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), भारतीय सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यम परिसंघ (एफआईएसएमई), सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) और तिरुपुर निर्यातक संघ को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा क्षेत्र से इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) और और शिव नादर यूनिवर्सिटी के संकाय को जगह मिली है।

समिति को उन चुनौतियों की पहचान करने का काम सौंपा गया है जो रोजगार और उद्यमिता की राह में बाधक हैं। समिति सेवा उपक्षेत्रों में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और निर्यात आय की उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में मौजूद कमियों का भी आकलन करेगी। साथहीउभरती प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के कारण रोजगार और कौशल पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करके उपाय सुझाएगी।

### वैश्विक तनाव से उत्तराखंड के उद्योगों पर गंभीर प्रभाव

# आयात-निर्यात की बाधाओं से प्रभावित हो रहे उद्योग, बढ़ रही अनिश्चितता

**कुंदन बिष्ट, काशीपुर**

**अमृत विचार:** अमेरिका-ईरान युद्ध जैसे अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण हालातों का असर जहां देश के कई हिस्सों में अलग-अलग हिसाब से पड़ रहा है तो प्रदेशीय स्तर पर पर्वतीय राज्य उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं है। विशेष रूप से उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों- काशीपुर, रुद्रपुर, सितारगंज, हरिद्वार और देहरादून के उद्योग अनिश्चितता, महंगे कच्चे माल, परिवहन लागत में वृद्धि और निर्यात-आयात बाधाओं से प्रभावित हैं।

कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजीव घई ने इस संबंध में शनिवार को 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि, मध्य पूर्व क्षेत्र में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आता है, जिससे डीज़ल, पेट्रोल, बिजली, परिवहन एवं उत्पादन लागत सीधे बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक असर लघु, मध्यम एवं निर्यात आधारित उद्योगों पर पड़ता है, जो पहले से ही प्रतिस्पर्धा और वित्तीय दबाव झेल रहे हैं। क्रूड आयल की कमी से उद्योगों के लिए आवश्यक ग्रीस, लुब्रिकेंट, ट्रांसफार्मर तेल आदि की कीमतें बहुत बढ़ गई। साथ ही, उनकी उपलब्धता में भी बहुत कमी आ गई है। विदेश से निर्यात होने वाले मेंटल, केमिकल की उपलब्ध बहुत महंगाई के साथ हो पा रही है। दवाईयों से संबंधित फैक्ट्रियां बहुत प्रभावित हैं।



- सरकार उद्योगों के लिए राहत पैकेज देना चाहिए : राजीव घई

उद्योगपति घई कहते हैं कि, उत्तराखंड के उद्योगों में ऑटो पार्ट्स, फार्मा, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण, प्लास्टिक, पेपर एवं इंजीनियरिंग इकाइयां प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में कच्चे माल की लागत बढ़ने, कंटेनर भाड़ा महंगा होने और विदेशी बाजारों में मांग घटने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। यदि स्थिति लंबी चली तो रोजगार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि उत्तराखंड के उद्योगों को राहत देने के लिये बिजली दरों में स्थिरता, ब्याज सहायता, निर्यात प्रोत्साहन, परिवहन सब्सिडी और एमएसएमई इकाइयों के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाए, ताकि उद्योगों का मनोबल बना रहे और रोजगार सुरक्षित रह सके।



केजीसीसीआई के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बातचीत में कहा कि, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर उद्योगों के सामने गंभीर संकट पैदा हो गया है। पेट्रोलियम आधारित पदार्थों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। कोयला खरीदना भी महंगा हो गया है। कोयले के रेट भी बढ़ गए हैं। कंटेनरों का भाड़ा बढ़ गया है। बंदरगाहों से कंटेनर आने में काफी समय लग रहा है। उनका कहना है कि केजीसीसीआई ने भारत और राज्य सरकारों से इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

# भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप ने पेश किए नए समाधान

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में आयोजित भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को स्टार्टअप ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, बैंकिंग, वित्त और परिवहन क्षेत्रों में नए समाधान पेश किए। कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने नवाचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैंकिंग और वित्त से जुड़े स्टार्टअप ने फिनटेक मंच, डिजिटल भुगतान समाधान, ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षा प्रणालियों और सूक्ष्म वित्त मॉडल पर ध्यान आकर्षित किया। इनका मकसद दक्षता को और अधिक बढ़ाना है।

परिवहन क्षेत्र पर केंद्रित स्टार्टअप ने विद्युत गतिशीलता, कृत्रिम मेधा आधारित यातायात प्रबंधन और हरित परिवहन में नवाचार के बारे में बताया, जिन्हें भविष्य-उन्मुख शहरी ढांचे के लिए अहम माना जा रहा है। भारत वेंचर शिखर सम्मेलन के दौरान फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न इनोवेटिव स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्रीज (एफयूआईएसआई) के पदाधिकारियों का स्थापना समारोह भी हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एफयूआईएसआई के चेयरमैन आनंद पोद्दार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य 10,000 स्टार्टअप को सलाह, अनुदान और ज्ञान-साझाकरण पहलों के माध्यम से सहयोग देना है। भारत वेंचर के चेयरमैन डॉ. संजय खंडेलवाल ने कहा कि एफयूआईएसआई के माध्यम से निवेश, मार्गदर्शन और तकनीकी समर्थन देकर युवाओं के विचारों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

### गर्मी से 252 गीगावाट पर पहुंची बिजली की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच कूलिंग उपकरणों, जैसे एयर कंडीशनर और कूलर के बढ़ते उपयोग के कारण देश में बिजली की अधिकतम मांग शुक्रवार को रिकॉर्ड स्तर 252.07 गीगावाट पर पहुंच गई, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। बिजली मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग 250 गीगावाट दर्ज की गई थी। मंत्रालय के अनुसार, 24 अप्रैल को देश की अधिकतम बिजली मांग 252.07 गीगावाट रही, जबकि 23 अप्रैल को यह 240.12 गीगावाट और 22 अप्रैल को 239.70 गीगावाट दर्ज की गई थी। सरकार ने इस गर्मी के मौसम में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# दूसरे राज्यों में भी फैल रहे बंगाल में घुसने वाले घुसपैठिये : हिमंत

## इससे खतरे में पड़ती है पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा : मुख्यमंत्री

**कोलकाता, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम देश के सभी पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा पर प्रभाव डालेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिस्वा सरमा ने कहा कि घुसपैठ जानी-मानी समस्या है, जो पश्चिम बंगाल को परेशान कर रही है। श्री सरमा ने कहा कि ये अवैध घुसपैठिये जो बेरोकटोक पश्चिम बंगाल की सीमा पार कर लेते हैं, वे अक्सर असम, त्रिपुरा और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों में फैल जाते हैं। इसके बावजूद, तृणमूल कांग्रेस सरकार इस बारे में कुछ नहीं करती। श्री सरमा के अनुसार, यह स्थिति देश की सुरक्षा, विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालती है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण सीमा पर बाड़ लगाने (फेंसिंग) की परियोजना को जानबूझकर धीमा कर रही है। उन्होंने बताया कि नियोजित 456 किलोमीटर के हिस्से में से केवल 77 किलोमीटर के लिए ही जमीन उपलब्ध करायी गयी है।



एक जनसभा के दौरान असम के सीएम। (फाइल फोटो)

# बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी

## बोले-स्वयं को देशभक्त कहते हैं लेकिन देश बेच रहे मोदी

**कोलकाता/श्रीरामपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ही श्रेणी में रखने का प्रयास करते हुए दोनों पर सत्ता के लालच में गरीबों के बजाय अमीरों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी स्वयं को देशभक्त कहते हैं, लेकिन वह देश को बेच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गरीबों के बजाय अमीरों की मदद कर रही हैं, वहीं मोदी पूरे देश में यही कर रहे हैं... दोनों का रोजगार के अवसर पैदा करने से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों को सत्ता चाहिए, लेकिन जनता के लिए काम नहीं करते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, लोगों में नफरत और डर फैलाते हैं। देश दो विचारधाराओं के बीच टकराव देख रहा है।



कोलकाता के शहीद मीनार में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी। **फोटो :** शुभंकर चक्रवर्ती

### मेरे खिलाफ कई मामले दर्ज लेकिन ममता के खिलाफ नहीं

**हुगली** जिले के सेरामपुर में में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ कोई मामला नहीं है। दावा किया कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि वह भाजपा से सीधे मुकाबला नहीं करती हैं। यह बताते हुए कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनसे लगातार पांच दिनों तक 55 घंटे पूछताछ की, कांग्रेस नेता ने पूछा- ममता बनर्जी से कितने घंटे पूछताछ की गई? लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के खिलाफ ईडी या सीबीआई द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है। इस संबंध में टीएमसी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# प. बंगाल : चुनाव आयोग ने निलंबित किए 5 पुलिस अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने और 'गंभीर कदाचार' के मामले में राज्य सरकार को डायमंड हार्बर के पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने तथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जिन अधिकारियों को निलंबित किया जाना है, उनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाना प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाना प्रभारी अजय बाग और उस्ती थाना प्रभारी अधिकारी सुभेच्छा बाग शामिल हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने आदेश में कहा कि आयोग मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद निर्देश देता है कि इन अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

### तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में कहीं भी पुनर्मतदान का आदेश नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विचिन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। दोनों राज्यों में बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। तमिलनाडु में एक ही बार में सभी 234 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराया गया। इसके लिए 75064 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पश्चिम बंगाल में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर152 सीट पर वोट डाले गए। दोनों ही राज्यों में मतदान के नये रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं।

### तृणमूल उम्मीदवार ने घोषित की संपत्ति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री एवं टॉलीगंज विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरूप बिस्वास ने अपने चुनावी हलफनामे में लगभग 2.09 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है, जो पांच साल पहले उनके द्वारा घोषित 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। नामांकन पत्रों के साथ दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस नेता बिस्वास की चल संपत्ति 1.83 करोड़ रुपये है।

# तमिलनाडु में मतदान के सटीक आंकड़े जारी करेगा चुनाव आयोग

**चेन्नई, एजेंसी**

भारत निर्वाचन आयोग तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले मतदाताओं का सटीक आंकड़ा जारी करेगा। मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर मतदाताओं का अलग-अलग विवरण भी शामिल होगा। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था और मतगणना चार मई को होगी। इसके अलावा, यहां आयोग के प्राधिकारी उन सभी सुरक्षित कक्षों का निरीक्षण करेंगे जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन रखी गई हैं। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि मतदान के दिन जारी 85.15 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा अंतिम नहीं है और यह कुछ मतदान केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित था।

**आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर वोटरों का विवरण भी शामिल होगा**

### कोडईकनाल रवाना हुए मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन शनिवार को कोडईकनाल की संक्षिप्त यात्रा पर रवाना हो गए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन एक निजी विमान से मदुरै पहुंचे और फिर वहां से सड़क मार्ग से कोडईकनाल के लिए रवाना हुए। राज्य का यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल अपनी सुंदर झीलों, पहाड़ी क्षेत्रों और हरे-भरे मैदानों के लिए जाना जाता है। उनकी पत्नी दुर्गा और परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के 23 अप्रैल को संपन्न होने के बाद उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहले ही दुबई की संक्षिप्त यात्रा पर हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नौका पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों को ले जा रही एक और नौका पर हमला किया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। लातिन अमेरिकी जलक्षेत्र में कथित रूप से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली नौकाओं को नष्ट करने का अमेरिकी अभियान सितंबर की शुरुआत से जारी है और इसमें अब तक कम से कम 183 लोगों की मौत हो चुकी है। अन्य हमले कैरेबियाई सागर में किए गए हैं। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि इनमें से किसी भी नौका पर मादक पदार्थ थे। यूएस सदर्न कमांड ने शुक्रवार को किए हमले की जानकारी देते हुए अपने पहले के बयानों को दोहराया और कहा कि उसने ज्ञात तस्करी मार्गों पर कथित मादक पदार्थ तस्करों को निशाना बनाया।

### न्यूयॉर्क में परमाणु-5 विशेषज्ञों की बैठक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनायी गयी है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा, संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था। बेलौसोव ने कहा, इसलिए संधि समीक्षा सम्मेलन पांच परमाणु शक्तियों के बीच संपर्कों के लिये एक स्वाभाविक मंच है।

### वैकल्पिक ईंधन की सिफारिश करेगा ईयू

**मास्को।** यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) कमी होने की स्थिति में मानक यूरोपीय जेट ईंधन जेट ए-1 के विकल्प के तौर पर जेट ए के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए सिफारिश करने पर विचार कर रहा है। नियामक ने रूस की न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी। फिलहाल इन सिफारिशों को जारी करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है। ईएएसए ने कहा कि ज्यादातर ईयू विमानों को जेट ए-1 और जेट ए दोनों पर उड़ान भरने के लिए प्रमाणित किया गया है और अमेरिका से आने वाली उड़ानों में इन दोनों को मिलाकर इस्तेमाल किया जा रहा है।

## महारानी गायत्री देवी के सुपर कंप्यूटर की होगी नीलामी

**लंदन, एजेंसी**

- 17वीं शताब्दी में पीतल से बनाया गया था यह दुर्लभ कंप्यूटर

जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है।

इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था और इसे लाहौर के एक मुगल रईस के लिए दो भाइयों ने बनाया था। यह जटिल उपकरण महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय के शाही संग्रह का हिस्सा था और बाद में उनकी पत्नी गायत्री देव के पास रहा और फिर निजी संग्रह में चला गया। गायत्री देवी जयपुर की राजमाता थीं।

नीलामी के विवरण में बताया गया, इसे आगा अफजल ने बनवाया था, जो मुगल साम्राज्य के एक बेहद शक्तिशाली सरदार थे और उस समय सम्राट जहांगीर के अधीन लाहौर का प्रशासन संभाल रहे थे।

## गेमिंग एप्स का मायाजाल: मनोरंजन की आड़ में ठगी

डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब स्मार्टफोन संचार के साथ ही मनोरंजन के बड़े केंद्र बन चुके हैं। इसी मनोरंजन की दुनिया का एक काला पक्ष ऑनलाइन गेमिंग एप्स के रूप में उभर रहा है। गेमिंग एप्स केवल खेल तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे एक ऐसे संगठित जाल में बदल चुके हैं जो लोगों को बेवकूफ बनाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। मनोरंजन के नाम पर शुरू होने वाला यह सिलसिला कब एक गंभीर लत में बदल जाता है, इसका अहसास तक नहीं होता। यह ठगी केवल बैंक खातों से पैसे साफ करने तक सीमित नहीं है, यह आपके निजी डेटा की चोरी, बैंकिंग विवरणों के साथ खिलवाड़ और आपकी मानसिक शांति को पूरी तरह से दांव पर लगा रही है। लोग अमीर बनने के लालच में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी इन खेलों में झोंक रहे हैं।




### कैसे काम करते हैं गेमिंग एप्स

- भ्रामक विज्ञापन और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट : बड़े-बड़े सितारे इन एप्स को प्रमोट करते हैं, जिससे इनकी विश्वसनीयता बढ़ जाती है। टीवी और सोशल मीडिया पर करोड़पति बनो जैसे विज्ञापन युवाओं को आकर्षित करते हैं।
- डेटा की सेंधमारी : गेम इंस्टॉल करते समय ये एप्स संपर्कों, लोकेशन और गैलरी तक की एक्सेस मांगते हैं। यह डेटा बाद में डार्क वेब पर बेचा जाता है या ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल होता है।
- बैंकिंग डिटेल्स का जाल : डिपॉजिट और विथड्रॉल के नाम पर आपकी बैंकिंग डिटेल्स ली जाती हैं। कई फर्जी एप्स पैसा जमा होने के बाद अकाउंट ब्लॉक कर देते हैं या सर्वर डाउन का बहाना बनाकर गायब हो जाते हैं।

### सरकारी नियम और नियंत्रण के उपाय

- ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 : सरकार ने 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025' पेश किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य रियल मनी गेम्स पर लगाम लगाना है।
- रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध : लोकसभा में पारित नए बिल के अनुसार, अब पैसों वाले खेलों को पूरी तरह प्रतिबंधित या बेहद कड़ा विनियमित करने का प्रावधान है।
- भारी जुर्माना और सजा : अवैध गेमिंग एप चलाने या प्रमोट करने पर 3 साल तक की जेल और एक करोड़ तक के जुर्माने का नियम है।
- टैक्स व्यवस्था : सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी लागू किया है ताकि इसकी अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके।
- ब्लॉकिंग की शक्ति : आईटी मंत्रालय के पास अब उन सभी एप्स और वेबसाइटों को ब्लॉक करने का अधिकार है जो नियमों का उल्लंघन करती हैं।

### साइबर कानून, आंकड़े

- धारा 66डी : संचार उपकरण का उपयोग करके धोखा देने पर सजा का प्रावधान।
- धारा 420 : धोखाधड़ी से संपत्ति हड़पने के मामलों में लागू होती है।
- भारत में पिछले 24 महीनों में ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड से लगभग 20,000 करोड़ सालाना का नुकसान हुआ है। कर्नाटक में 31 महीनों में कर्ज के कारण 32 आत्महत्याएं हुईं।

## जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने भारतीय प्रवासियों को दिया संदेश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय प्रवासियों को उस देश के प्रति पूरी तरह वफादार रहना चाहिए जहां वर्तमान में वे रह रहे हैं। होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय न सिर्फ अपने वर्तमान देश का बेहतर नागरिक बनने का प्रयास करें बल्कि यह भी सिद्ध करें कि हिंदू समाज स्थानीय जीवन के हर क्षेत्र में-चाहे वह नेतृत्व हो, समाजसेवा हो या कोई और दायित्व-सार्थक योगदान देने में सक्षम है।

अमेरिका की यात्रा पर आए होसबाले ने कहा कि यहां उनकी बातचीत का केंद्र मुख्यतः संघ के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। उन्होंने कहा कि पिछले कई दशकों से संघ के विरुद्ध जारी दुष्प्रचार के कारण अमेरिकियों के मन में इस सौ साल पुराने संगठन की एक विकृत छवि बन गई है। होसबाले ने कहा कि इन तमाम वर्षों में संघ इस विश्वास के साथ चुपचाप काम करता रहा कि हमारा काम ही हमारा संदेश है। लेकिन अब हमने सोचा कि लोगों तक सीधे पहुंचना बेहतर होगा। हमारा संदेश अब कार्यों से ही नहीं बल्कि हमारी कथनी से भी लोगों तक पहुंचना चाहिए।

होसबाले पिछले हफ्ते ब्रिटेन के दौरे के बाद अमेरिका पहुंचे। ब्रिटेन में उन्होंने शैक्षणिक जगत, विचारकों, नीति विशेषज्ञों और भारतीय प्रवासी समुदाय के विभिन्न वर्गों से मुलाकात की। यह सब संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे संपर्क अभियान का हिस्सा है। संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि संगठन के बारे में, खासतौर पर पश्चिमी देशों में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जहां संघ को हिंदू वर्चस्ववादी संगठन के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार दशकों से चला आ रहा है कि संघ हिंदू वर्चस्ववादी है, अल्पसंख्यक विरोधी है, महिला विरोधी है- ऐसी तमाम भ्रांतियां फैलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका यात्रा का मकसद इन्हीं भ्रांतियों को दूर करना है।



### अमेरिका में बसे भारतीय अच्छे नागरिक बनें मेहनत करके स्थानीय लोगों का दिल जीते

अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों को होसबाले ने संदेश दिया कि वे अच्छे नागरिक बनें, मेहनत से स्थानीय लोगों का दिल जीतें और यह साबित करें कि हिंदू समाज हर क्षेत्र में योगदान और नेतृत्व देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि संघ का मानना है कि जो भारतीय यहां अपना करियर बनाने आए हैं- चाहे शैक्षणिक क्षेत्र में हो या किसी और में, उन्हें इस देश के प्रति वफादार रहना चाहिए क्योंकि यहीं से उनकी रोजी-रोटी चलती है। उन्हें यहां बेहतर नागरिक बनना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि हिंदू जहां भी जाते हैं, वहां के समाज में योगदान देते हैं - नेतृत्व करते हैं और उस देश के राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनते हैं।

### भारत के साथ हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

शताब्दी वर्ष में संघ के सामने एक अहम जिम्मेदारी यह भी है कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि संघ किन मूल्यों के लिए खड़ा है। होसबाले ने कहा कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में जो आख्यान गढ़ा गया है, वह दशकों से-देश के भीतर भी और बाहर भी-विकृत रहा है। इसे सुधारना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संघ की पृष्ठभूमि से नहीं आने वाले भी बड़ी संख्या में लोग भारत और हिंदू संस्कृति की सही तस्वीर पेश करने में जुटे हैं। समाज में इन्हीं बातों को फैलाने की जरूरत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां संघ और अधिक ध्यान देना चाहता है।

## पश्चिम बंगाल में गेहूं घोटाले में ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं घोटाले से जुड़े मामले में कोलकाता, बर्दवान और हाबरा स्थित नौ ठिकानों पर तलाशी ले रही है। यह कार्रवाई निरंजन चंद्र साहा और अन्य आरोपियों से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं तथा निर्यातकों के परिसरों पर की जा रही है। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुरू की है, जो पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा बशीरहाट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गयी है। यह मामला घोजाडांगा भूमि सीमा शुल्क केंद्र के उप आयुक्त की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से लाभार्थियों के लिए निर्धारित गेहूं को अवैध रूप से आपूर्ति श्रृंखला से बाहर निकालकर कम कीमत पर प्राप्त किया और फिर उसे खुले बाजार में ऊंची कीमत पर बेच दिया।

## बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका, अलर्ट जारी

**ढाका, एजेंसी**

- पुलिस ने की राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा

बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को संसद परिसर समेत प्रमुख प्रतिष्ठानों पर संभावित आतंकवादी हमलों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारी ने अलर्ट को अत्यावश्यक और गोपनीय बताया।

बांग्ला दैनिक 'प्रथम आलो' की खबर के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक पत्र में संसद परिसर, इबादत स्थलों, मनोरंजन स्थलों और सैन्य एवं पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर संभावित समन्वित हमलों की चेतावनी दी गई है, जिनमें शस्त्रागारों को संभावित लक्ष्य माना जा रहा है। 'डेली स्टार' और अन्य समाचार पत्रों की खबर के मुताबिक, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के एक सदस्य इस्तियाक अहमद सामी उर्फ अबू बक्र की हालिया गिरफ्तारी के बाद अलर्ट जारी किया गया था। बक्र, कथित तौर पर दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। खबरों के अनुसार, पत्र में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख षड्यंत्रकारियों के नाम भी शामिल थे। हालांकि, किसी संगठन का नाम नहीं लिया गया।

पत्र में संदिग्ध हमलावरों को 'देश की समग्र सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक' बताया गया है। कानून लागू करने वाले अधिकारियों के हवाले से समाचार पोर्टल 'टीबीएसन्यूज डॉट नेट' ने बताया कि आतंकवादी समूह हमले करने के लिए कई तरीके अपना सकता है। पुलिस मुख्यालय ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी), विशेष शाखा और आतंकवाद रोधी एवं अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है, जबकि देश भर की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, एक की मौत

**थेनी।** तमिलनाडु के थेनी में कुमबुम के पास स्थित एक लाइसेंसी पटाखा निर्माण इकाई में शनिवार सुबह हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 10 बजे कस्बे के बाहरी इलाके में स्थित इकाई में हुई। विस्फोट उस समय हुआ जब मजदूर पटाखे बनाने के लिए रसायनों को मिला रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसे तीन अन्य लोगों को सरकारी थेनी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नहीं बढ़ेगी रूस और ईरान से तेल खरीदारी की अवधि

- अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कही। उन्होंने कहा, ईरानियों के लिए नहीं... हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गयी छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिका के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गयी थी, जो क्रमशः 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाज़ों पर लादा जा चुका था। एनबीसी न्यूज़ ने 21 मार्च को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इससे ईरान को 14 अरब डॉलर से ज़्यादा की कमाई हो सकती है। बेसेंट ने हालांकि बाद में इस अनुमान को मनगढ़ंत बात कहकर खारिज कर दिया था। अमेरिका के वित्त विभाग ने 14 अप्रैल को कहा था कि वह ईरान के तेल पर लगी पाबंदियों में दी गयी छूट की समय-सीमा को खत्म होने देगा।

## ईरान के तेल नेटवर्क और चीनी रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और समुद्री नेटवर्क पर प्रतिबंधों को और कड़ा करते हुए इकोनॉमिक फ्यूरी अभियान के तहत नई कार्रवाई की घोषणा की है। अमेरिका ने चीन स्थित हेंगली पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी सहित लगभग 40 शिपिंग कंपनियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन पर ईरानी तेल के निर्यात में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, हेंगली रिफाइनरी ईरानी कच्चे तेल की बड़ी खरीदार रही है और इसने अरबों डॉलर के तेल उत्पाद खरीदकर ईरान की ऊर्जा आय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्रवाई में ईरान के तथाकथित शैडो फ्लीटको भी निशाना बनाया गया है, जिसमें ऐसे टैंकर शामिल हैं जो प्रतिबंधों के बावजूद गुप्त रूप से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करते हैं।

## समुद्री लुटेरों का टैंकर पर कब्जा

**मोगादिशु।** सोमालिया के उत्तर पूर्वी अपतटीय क्षेत्र में संदिग्ध समुद्री लुटेरों ने एक ईंधन टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया। संबंधित टैंकर बुधवार को हिंद महासागर के किनारे स्थित अर्ध-स्वायत्त राज्य पुंटलैंड के तटीय कस्बों हाफुन और बंदरबेयला के बीच के जलक्षेत्र में कब्जे में ले लिया गया। समुद्री पुलिस बल के एक कर्नल ने बताया कि टैंकर बेरबेरा बंदरगाह से रवाना हुआ था।

## माली में राजधानी और कई शहरों में गोलीबारी

**बामाको, एजेंसी**

- आतंकी समूहों ने कुछ स्थानों और बैरकों को बनाया निशाना

माली की राजधानी बामाको और अन्य शहरों में शनिवार सुबह बंदूकधारियों ने कई स्थानों पर हमले किये। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। माली की सेना ने एक बयान में कहा कि अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने राजधानी में कुछ स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया।

सैनिक फिलहाल हमलावरों से निपटने में लगे हुए हैं। माली की राजधानी बामाको में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास शनिवार सुबह गोलीबारी की आवाज सुनी गई।बामाको में मौजूद एक पत्रकार ने सिटी सेंटर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित मोदिबो कीता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगातार गोलीबारी की आवाज सुनी, और साथ ही हवाई अड्डे के आसपास एक हेलीकॉप्टर को गश्त करते देखा। यह हवाई अड्डा माली वायुसेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले एक एयर बेस के निकट स्थित है। हवाई अड्डे के पास रहने वाले एक निवासी ने इलाके में गोलियों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। उसने बताया कि आसमान में तीन हेलीकॉप्टर भी गश्त करते दिखाई दे रहे हैं। माली के अन्य शहरों के निवासियों ने भी शनिवार सुबह गोलीबारी और विस्फोटों की सूचना दी, जिससे सशस्त्र समूहों द्वारा समन्वित हमले की आशंका जताई गई। किदाल के पूर्व महापौर ने बताया कि बंदूकधारी शहर में घुस गए और कुछ इलाकों पर कब्जा कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई है।

## किंग चार्ल्स तृतीय से ईरान-नाटो मुद्दे पर चर्चा करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के अमेरिका के दौरे पर उनके साथ नाटो और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने एक न्यूज एजेंसी को फ़ोन पर बताया, मैं हर चीज़ के बारे में बात करूँगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएँगे। ट्रंप ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा। सोमवार से शुरू हो रही किंग चार्ल्स की चार-दिवसीय राजकीय यात्रा, ब्रिटेन से अमेरिका की आज़ादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर होगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष
आज आप तेजी से निर्णय लेने की कोशिश करेंगे, लेकिन हर स्थिति में जल्दबाजी सही नहीं होगी। थोड़ा रुककर सोचना बेहतर रहेगा।


वृष
आज घर और निजी जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना जरूरी रहेगा।


मिथुन
आज बातचीत और संपर्क आपके लिए अवसर लेकर आएंगे। किसी से हुई चर्चा आगे चलकर लाभ दे सकती है। अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखें।


कर्क
आज धन और खर्च को लेकर सजग रहना होगा। अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें।


सिंह
आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने का मन बन सकता है।


कन्या
आज थोड़ा शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में प्रतिक्रिया देने से बचें। अपने काम पर ध्यान देंगे तो बेहतर परिणाम मिलेंगे।


तुला
आज मित्रों और संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल हो सकता है।


वृश्चिक
आज काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आपको खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। धैर्य और मेहनत से सफलता मिल सकती है।


धनु
आज आपका नजरिया सकारात्मक रहेगा। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है। दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है।


मकर
आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें।


कुंभ
आज संबंधों और सहयोग पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।


मीन
आज काम का दबाव बढ़ सकता है और आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में रहेगा।

## यूक्रेन के निप्रो में रूसी हमलों में चार नागरिक मारे गए

**कीव।** यूक्रेन के निप्रो शहर पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम चार लोग मारे गए और 21 घायल हो गए। निप्रॉपेत्रोवस्क के क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्ज़ेंडर गैंज़ा ने कहा कि रात भर हुए हमलों में नष्ट हुए एक घर के मलबे में चार शव मिले। उन्होंने कहा कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूसी हमले के बाद निप्रो के अस्पतालों में 11 लोग भर्ती हैं। वहीं, रूस के बेलगोरोद सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई।

**बयान** पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने विवाद में अपना नाम घसीटने पर जताई आपत्ति

## अप्रकाशित पुस्तक के लिए मेरा हवाला देना उचित नहीं था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने अपने अप्रकाशित संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर इस साल की शुरुआत में हुए विवाद के संदर्भ में कहा है कि अनावश्यक रूप से उनका हवाला देना और पुस्तक के लिए उन्हें सुर्खियों में लाना उचित नहीं था।

जनरल नरवणे ने कहा कि वह उस विवाद से आगे बढ़ चुके हैं और तब से दो पुस्तकें लिख चुके हैं तथा तीसरी पुस्तक जल्द आने वाली है। उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' का विमोचन किया था। नरवणे ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने प्रकाशक से कहा था कि जब तक पुस्तक का निरीक्षण न हो जाए, इसे रोककर रखा जाए। जहां तक मेरा सवाल है, मामला वहीं खत्म हो गया था और मैं आगे बढ़ चुका हूं... इसलिए वह अध्याय बंद हो चुका है। मुझे लगता है कि अनावश्यक रूप से मेरा हवाला देना और अप्रकाशित पुस्तक को एवं परोक्ष रूप से मुझे भी सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस साल फरवरी में लोकसभा में इस संस्मरण के अंशों का उल्लेख करने से रोक दिया गया था, क्योंकि यह अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित नरवणे की हालिया पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायु सेना से जुड़े किस्सों, कहानियों और रोचक पहलुओं का जिक्र किया गया है। नरवणे ने अपनी पुस्तक में बताया है कि सैन्य अभिवादन 'जय हिंद' को अपनाए जाने की शुरुआत कैसे हुई।




### वायुसेना ने किया सबसे पहले जयहिंद का इस्तेमाल

जनरल नरवणे ने कहा कि 'जय हिंद' का इस्तेमाल सबसे पहले भारतीय वायु सेना ने किया और बाद में थलसेना एवं नौसेना ने भी इसे अपनाया। उन्होंने कहा कि सलामी देने की मानक प्रथा मूल रूप से मौन रहना थी और विभिन्न रेजिमेंट ने 'सत श्री अकाल' या 'राम राम' जैसे अभिवादन के अपने-अपने तरीकों को जोड़ा। नरवणे ने कहा कि शुरुआत में 'जय हिंद' कहना वायु सेना ने शुरू किया था और अब हम तीनों सेनाओं में इसका पालन करते हैं। सलामी के साथ हम जय हिंद कहते हैं और व्याख्यानों में भी जय हिंद कहकर अभिवादन करते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, दशमी 18 .06 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-मघा 08 .27 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 3 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

### सुडोकू -131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | | | | 6 | | |
| 1 | | | 6 | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |



"विकेट को देखते हुए, अगर आप अपने बॉलर्स को सपोर्ट नहीं करते हैं और इतने सारे मौके गंवाते रहते हैं, तो मुझे लगता है कि हम हारने के लायक थे। यही मेन पॉइंट है। यह एक अच्छी पिच और छोटा ग्राउंड था, इसलिए छक्के तो लगने ही थे।
–अक्षर पटेल, दिल्ली के कप्तान


# स्टेडियम

कानपुर नगर, रविवार, 26 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
चेन्नई सुपर किंग्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जायंट्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –380 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–357 रन
- केएल राहुल दिल्ली–357

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई –14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद–14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान–13 विकेट

# रनों की बारिश में पंजाब ने रचा इतिहास

## आईपीएल-2026 : दिल्ली कैपिटल्स के 265 रनों के विशाल लक्ष्य को आसानी से किया हासिल



जीत दर्ज करने के बाद पैवेलिए लौटते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया है। पंजाब की टीम अब सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा टारगेट हासिल करने वाली टीम बन गई है। पंजाब की जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर रहे। प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों पर 76 रनों की धमाकेदार पारी खेल पंजाब को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद अय्यर ने 36 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाए। करुण नायर ने अय्यर के दो कैच छोड़े जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुए।

प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्य के साथ 42 गेंदों में 128 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। तीन गेंदों के अंदर करुण नायर से मिले दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए अय्यर ने चौथे विकेट के लिए नेहाल वढेरा (25) के साथ 31 गेंदों में 51 और पांचवें विकेट के लिए शशांक सिंह (नाबाद 19) के साथ 26 गेंदों में 64 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रभसिमरन ने 26 गेंदों की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 36 गेंदों की पारी में तीन चौके और सात छक्के जड़े। राहुल ने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 220 रन की साझेदारी कर जिससे कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आईपीएल में अपने छठे शतक के दौरान राहुल ने 67 गेंदों की पारी में 16 चौके और नौ छक्के लगाए, जबकि राणा ने 44 गेंदों की पारी में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। दोनों की 220 रन की साझेदारी आईपीएल की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के नाम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस जोड़ी ने गुजरात लायंस के खिलाफ 2016 में दूसरे विकेट के लिए 229 रन की साझेदारी की थी। राहुल का यह स्कोर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल में सबसे बड़ा, जबकि ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 226 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर छक्का जड़कर तेवर दिखाए, वहीं प्रभसिमरन ने ओवर का अंत छक्के से किया। इस जोड़ी ने मुकेश कुमार के दूसरे ओवर से 21 और अक्षर पटेल के तीसरे ओवर से 20 रन बटोरे। तीसरे ओवर के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के सिर और कंधे में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। प्रभसिमरन ने चौथे ओवर में तीन छक्के लगाए, जबकि आर्य ने भी इस ओवर में एक छक्का लगाकर कुल 27 रन बटोरे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

**264/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 11 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 152 |
| नीतीश राणा का अय्यर बो बार्टलेट | 91 |
| डेविड मिलर नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** :07, **विकेट पतन** : 1-28, 2-248, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-49-1, बार्टलेट 4-0-69-1, यानसेन 4-0-44-0, वैशाख 3-0-48-0, चहल 4-0-42-0, स्टोइनिस 1-0-11-0

**152** रन केएल राहुल का आईपीएल में सर्वाधिक रनों का व्यक्तिगत रिकॉर्ड है, उन्होंने ऋषभ पंत के 128 रन का रिकॉर्ड तोड़ा


### पंजाब किंग्स

**265/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रिजवी बो अक्षर | 43 |
| प्रभसिमरन सिंह पगबाधा कुलदीप | 76 |
| कूपर कोनोली बो कुलदीप | 17 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 71 |
| नेहाल वढेरा का नायर बो निगम | 25 |
| शशांक सिंह नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त** :14, **विकेट पतन** : 1-126, 2-132, 3-145, 4-201

**गेंदबाजी** : औकिब नबी 2-0-41-0, मुकेश 3-0-55-0, अक्षर 4-0-44-1, नटराजन 3.5-0-54-0, कुलदीप 4-0-46-2, निगम 2-0-24-1



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते केएल राहुल। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.790 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## लुंगी एंगिडी चोटिल, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एंगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया। मैदान पर गिरते ही एंगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे।



### आईपीएल का सर्वाधिक स्कोर

| | स्कोर | टीम | प्रतिद्वंदी | तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 287/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 15 अप्रैल 2024 |
| 2. | 286/6 | सनराइजर्स हैदराबाद | राजस्थान रॉयल्स | 23 मार्च, 2025 |
| 3. | 278/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | कोलकाता नाइट राइडर्स | 25 मई, 2025 |
| 4. | 277/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | 27 मार्च 2024 |
| 5. | 272/7 | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली कैपिटल्स | 3 अप्रैल 2024 |
| 6. | 266/7 | सनराइजर्स हैदराबाद | दिल्ली कैपिटल्स | 20 अप्रैल 2024 |
| 7. | 265/4 | पंजाब किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | 25 अप्रैल 2026 |
| 8. | 264/2 | दिल्ली कैपिटल्स | पंजाब किंग्स | 25 अप्रैल 2026 |

## हाईलाइट

### कर्नाटक की कप्तानी करने से बल्लेबाजी में मिली मदद : पडिक्कल

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट टीम की कप्तानी करने और कुछ रणनीतिक बदलाव के कारण उन्हें एक संपूर्ण टी20 बल्लेबाज बनने में मदद मिली। पडिक्कल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से अर्धशतक जमाकर उसकी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि कप्तान बनने से मुझे खेल के प्रति एक अलग दृष्टिकोण मिला है।

### ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह का निधन

**चंडीगढ़।** ओलंपिक हॉकी पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का यहां जीरकपुर में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। गुरबख्श 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ एक ही ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वे उन कुछ भाईयों की जोड़ी में शामिल हैं जो एक साथ ओलंपिक में खेले। गुरबख्श ने अपने खेल करियर के अलावा पश्चिमी रेलवे में खेल अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने राजस्थान की कई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें रेलवे हॉकी टीम में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोलकाता और लखनऊ के बीच मैच में कप्तानों की होगी परीक्षा

- दोनों कप्तान ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन



लखनऊ, एजेंसी

कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को यहां आईपीएल के मैच में आमने-सामने होंगी।

आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली।

रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है। रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन पर दबाव बढ़ गया है। केकेआर भले ही इकाना स्टेडियम में कुछ हद तक लय में उतरें, लेकिन उसके अभी केवल तीन अंक हैं और उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करनी होगी जो उसके प्रदर्शन को देखकर असंभव लगता है। एलएसजी का अभियान भी अब तक अच्छा नहीं रहा है।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाली इस टीम ने केवल दो मैच जीते हैं और उस पर जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार चार हार और कप्तान के कई फैसलों ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। पंत स्वयं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर का रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 67 रन की पारी के बाद से उन्होंने पांच पारियों में केवल 72 रन बनाए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल है।

## सीएसके व गुजरात अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेंगे

**चेन्नई।** पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले आईपीएल के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।

सीएसके ने इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं की थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी। सीएसके अच्छी स्थिति में नजर आ रही है।

# सूर्यवंशी का आतिशी शतक बेकार राजस्थान को हैदराबाद ने हराया



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ईशान किशन। एजेंसी

जयपुर, एजेंसी

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 12 छक्कों की मदद से बने 103 रन की आतिशी पारी बेकार गई क्योंकि राजस्थान रॉयल्स को कई कैच टपकाने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों शनिवार को आईपीएल मुकाबले में नौ गेंद शेष रहते पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

राजस्थान ने छह विकेट पर 228 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन उसके गेंदबाज हैदराबाद को नहीं रोक सके। हैदराबाद ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 229 रन बनाकर आठ मैचों में अपनी पांचवीं जीत हासिल की और तालिका में राजस्थान को अपदस्थ कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। दूसरी तरफ राजस्थान को आठ मैचों में तीसरी हार झेलनी पड़ी और वह चौथे स्थान पर खिसक गया। हैदराबाद की तरफ से ईशान किशन ने 31 गेंदों में 74 रन, अभिषेक शर्मा ने 29 गेंदों में 57 रन, हेनरिक क्लासेन ने 29 और नीतीश कुमार रेड्डी ने 36 रन बनाये। राजस्थान की हार का मुख्य कारण उसकी बेहद खराब फील्डिंग रही। उसके खिलाड़ियों ने कई कैच टपकाये। ध्रुव जुरेल ने पहली गेंद पर कैच छोड़ा लेकिन यह महंगा साबित नहीं हुआ। बाकी खिलाड़ियों ने ज़रूर कैच छोड़ा क्योंकि हेटमायर, जडेजा और बृजेश के कैच छोड़ने से उन्हें नुकसान हुआ। अभिषेक का कैच 4 और 30 रन पर हेटमायर और जडेजा ने छोड़ा। अभिषेक जैसे खिलाड़ियों को मौके नहीं दे सकते और आरआर को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

इससे पहले 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने प्रफुल हिंगे के पारी के पहले ओवर में चार छक्के उड़ाने सहित 37 गेंदों पर 103 रन की विस्फोटक पारी में पांच चौके और 12 छक्के उड़ाए। शतक पूरा करने के बाद सूर्यवंशी 14 वें ओवर में पांचवीं गेंद पर आउट हुए। ध्रुव जुरेल ने 51 और डोनोवन फरेरा ने 33 रनों का योगदान दिया। जुरेल ने 35 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्का लगाया जबकि फरेरा ने 16 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाए। वैभव सूर्यवंशी बदला लेने के मूड में आए। पिछली बार जब ये दोनों टीमें मिली थीं, तो वे बिना खाता खोले आउट हो गए थे, उन्होंने पहली ही गेंद से ताबड़तोड़ शुरुआत की- पहले ओवर में प्रफुल्ल हिंगे को चार छक्के मारे। इसने राजस्थान रॉयल्स के लिए टोन सेट कर दिया, और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। 32 रन पर अनिकेत वर्मा ने सूर्यवंशी का कैच छोड़ा, जिसके बाद उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी - उन्होंने 15 गेंदों में फिफ्टी बनाई और फिर उसे 36 गेंदों में शानदार सेंचुरी में बदल दिया।

### राजस्थान रॉयल्स

**228/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का क्लासेन बो मलिंगा | 10 |
| वैभव सूर्यवंशी पगबाधा बो हुसैन | 103 |
| ध्रुव जुरेल का अनिकेत वर्मा बो नीतिश रेड्डी | 51 |
| रियान पराग बो कमिंस | 07 |
| डोनोवन फरेरा का क्लासेन बो मलिंगा | 33 |
| हेटमायर का नीतिश रेड्डी बो हिंगे | 11 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 04 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 07, **विकेट पतन** : 1-40, 2-152, 3-170, 4-191, 5-214, 6-225

गेंदबाजी : हिंगे 4-0-49-1, कमिंस 4-0-27-1, मलिंगा 4-0-38-2, हुसैन 4-0-62-1, शिवांग 2-0-31-0, नीतिश रेड्डी 2-0-20-1

### सनराइजर्स हैदराबाद

**229/5** (18.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का जुरेल बो आर्चर | 06 |
| अभिषेक शर्मा का आर्चर बो फरेरा | 57 |
| ईशान किशन का फरेरा बो आर्चर | 74 |
| हेनरिक क्लासेन का बिश्नोई बो ब्रिजेश | 29 |
| नीतिश कुमार रेड्डी पगबाधा बो ब्रिजेश | 36 |
| सलील अरोड़ा नाबाद | 08 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 18, **विकेट पतन** : 1-7, 2-139, 3-166, 4-219, 5-220, **गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-34-2, बर्गर 3.3-0-50-0, देशपांडे 3-0-43-0, ब्रिजेश 4-0-44-2, पराग 1-0-12-0, फरेरा 1-0-14-1, रवि बिश्नोई 1-0-16-0, रविंद्र जडेजा 1-0-11-0

## झटका

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस पूरी नहीं कर पाएंगे खिताबी हैट्रिक

# मौजूदा चैंपियन अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे



मैड्रिड, एजेंसी

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज़ ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी। स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था।

उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब सोमवार को मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। अल्काराज़ ने कहा कि चिकित्सा परीक्षणों के बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया।

उन्होंने कहा आज किए गए परीक्षणों के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम सतर्क रहना तथा रोम (इटालियन ओपन) और रोलां गैरां (फ्रेंच ओपन) में भाग नहीं लेना है। यह मेरे लिए मुश्किल समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगा। अल्काराज़ ने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी। इसके साथ ही वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए थे। उसके बाद से उन्होंने केवल एक ही खिताब जीता है।

उन्होंने फरवरी में दोहा में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में उन्हें मोंटे कार्लो के फाइनल में यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से सिनर फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन गए थे।

### सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज जल्द ही वापसी करेंगे



यानिक सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज़ जल्द ही वापसी करेंगे। उन्होंने मैड्रिड ओपन में पहले दौर की जीत के बाद कहा टेनिस को कार्लोस की जरूरत है। उनके होने से टेनिस का खेल और भी बेहतर हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगे। मुझे लगता है कि उनका अगला लक्ष्य विंबलडन (जून में) है, और मैं यही उम्मीद करता हूं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह विंबलडन में वापसी करेंगे। इटालियन ओपन पांच मई से और फ्रेंच ओपन 18 मई से शुरू होगा।